



दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

दैनिक हिन्दी समाचार — समाज जागरण — RNI NO. UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 234 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 03 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## सीबीएसई के नए अध्यक्ष बने आईएएस प्रशांत सीताराम लोखंडे, करोड़ों छात्रों की जिम्मेदारी संभालेंगे

नई दिल्ली/समाज जागरण। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को नया अध्यक्ष मिल गया है। केंद्र सरकार ने वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी प्रशांत सीताराम लोखंडे को सीबीएसई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने उनके नाम को स्वीकृति दे दी है। वे पूर्व अध्यक्ष राहुल सिंह का स्थान लेंगे।

सीबीएसई देश का सबसे बड़ा विद्यालयी शिक्षा बोर्ड है, जिसके अंतर्गत देश-विदेश के हजारों विद्यालयों में करोड़ों छात्र अध्ययन करते हैं। ऐसे में इस पद को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।





### कौन हैं प्रशांत सीताराम लोखंडे?

प्रशांत सीताराम लोखंडे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2001 बैच के अधिकारी हैं। उनका संबंध एजीएमयूटी कैडर (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम तथा केंद्र शासित प्रदेश) से है।

वे केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं। इससे पहले उन्होंने संयुक्त सचिव के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाईं। उन्हें प्रशासनिक कार्यों का लंबा और विस्तृत अनुभव प्राप्त है।

### शैक्षणिक और प्रशासनिक पृष्ठभूमि

प्रशांत सीताराम लोखंडे ने इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री ली तथा औद्योगिक इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्राप्त की है।

अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और विभिन्न राज्यों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

### सीबीएसई की बड़ी जिम्मेदारी

सीबीएसई देश की शिक्षा व्यवस्था का एक प्रमुख स्तंभ है। इसके निर्णयों का प्रभाव देश के करोड़ों विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों पर पड़ता है।

नए अध्यक्ष के सामने परीक्षा प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाने, मूल्यांकन प्रक्रिया को सुधारने तथा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

**मुख्य बिंदु**

*आईएएस अधिकारी (2001 बैच) प्रशांत सीताराम लोखंडे नए सीबीएसई अध्यक्ष बने*
*एजीएमयूटी कैडर से संबंध*
*गृह मंत्रालय में वरिष्ठ पदों पर कार्य अनुभव*
*इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि*
*करोड़ों छात्रों की शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी*

**समाज जागरण विशेष**। अब सभी की नजर इस बात पर होगी कि नए अध्यक्ष सीबीएसई में किस प्रकार के सुधार लाते हैं और शिक्षा व्यवस्था को किस दिशा में आगे बढ़ाते हैं।

## रुद्रम-II मिसाइल का सफल परीक्षण, भारत की रक्षा क्षमता को मिली नई मजबूती

नई दिल्ली/समाज जागरण। भारत ने स्वदेशी रक्षा तकनीक के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने मिलकर अत्याधुनिक रुद्रम-क्क वायु-से-सतह मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है। यह परीक्षण चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में किया गया, जिसमें मिसाइल ने अपनी सटीकता और विश्वसनीयता को पूरी तरह साबित किया।

### सभी लक्ष्यों पर सटीक प्रहार

परीक्षण के दौरान प्रक्षेपित सभी मिसाइलों ने अपने निर्धारित लक्ष्यों पर अत्यंत सटीकता के साथ प्रहार किया। चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा उपलब्ध कराए गए ट्रैकिंग और मापन उपकरणों से प्राप्त आंकड़ों ने परीक्षण की सफलता की पुष्टि की है।





### स्वदेशी तकनीक से विकसित मिसाइल

रुद्रम-क्क मिसाइल का विकास डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला–रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) द्वारा किया गया है। इसके विकास में डीआरडीएल, एचईएमआरएल, एआरडीई तथा एकीकृत परीक्षण रेंज जैसी कई प्रमुख प्रयोगशालाओं का सहयोग शामिल रहा।

यह मिसाइल पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है, जो भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता को दशार्ती है।

### सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी

इस परियोजना में विकास सह उत्पादन भागीदारों के साथ-साथ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), सैन्य विमानन केंद्र, गुणवत्ता आश्वासन एजेंसियों और कई निजी उद्योगों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भाजपा का 12 वर्ष पूरे होने पर 15 दिन का जनसंपर्क अभियान, 'बूथ स्तर' तक पहुंचेगी पार्टी

नई दिल्ली/समाज जागरण। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशव्यापी विशेष जनसंपर्क



अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान 5 जून से 21 जून तक चलेगा और पूरे देश में जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सरकार की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी को सीधे नागरिकों तक पहुंचाना है।

### 100 प्रभावशाली मतदाताओं से संपर्क

पार्टी की योजना के अनुसार, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100 प्रभावशाली मतदाताओं से सीधा संपर्क किया जाएगा और उनसे सरकार की योजनाओं पर फीडबैक भी लिया जाएगा। यह अभियान 23 जून से पहले पूरा किया जाएगा और इसके बाद इसे "बलिदान दिवस" के रूप में मनाने की तैयारी है।

### राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा बैठक

इस अभियान को लेकर 1 मई को भाजपा मुख्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों और जमीनी कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार और जनता तक प्रभावी पहुंच बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

### संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

बैठक में पार्टी संगठन को और मजबूत करने तथा बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से काम करने की रणनीति पर विशेष चर्चा हुई। पार्टी नेतृत्व ने कहा कि कार्यकताओं को नई कार्यप्रणाली अपनाकर जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभानी होगी। भाजपा ने दलित (एससी), आदिवासी (एसटी) और अन्य वंचित वर्गों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

इसके तहत डॉक्टरों, इंजीनियरों, अधिवक्ताओं और अन्य पेशेवर वर्गों को भी पार्टी से जोड़ने की योजना बनाई गई है, ताकि संगठन और अधिक मजबूत और व्यापक बन सके।

### महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर

पार्टी ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही है।

भाजपा का यह 15 दिवसीय जनसंपर्क अभियान संगठन विस्तार और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और जमीनी स्तर पर कार्य और अधिक प्रभावी होगा। (इनपुटः आईएएनएस)

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना को बड़ी सफलता, महाराष्ट्र में तीसरी पर्वतीय सुरंग का निर्माण पूरा

मुंबई/समाज जागरण। देश की पहली हाई-स्पीड रेल परियोजना मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाराष्ट्र में परियोजना के अंतर्गत तीसरी पर्वतीय सुरंग (एमटी-07) का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस उपलब्धि के साथ पालघर जिले में पिछले पाँच महीनों के भीतर तीन पर्वतीय सुरंगों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिससे परियोजना को तेज गति मिली है।

यह प्रगति परियोजना के सबसे जटिल और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक में महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।



### एमटी-07 सुरंग का निर्माण पूरा

हाल ही में पूर्ण हुई एमटी-07 पर्वतीय सुरंग की लंबाई 417 मीटर तथा चौड़ाई 14.4 मीटर है। यह सुरंग बुलेट ट्रेन के दोनों ट्रैकों के लिए बनाई गई है।

इसका निर्माण दोनों दिशाओं से नियंत्रित ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग तकनीक के माध्यम से किया गया। निर्माण के दौरान आधुनिक इंजीनियरिंग मानकों और सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन किया गया।

### आधुनिक तकनीक और सुरक्षा व्यवस्था का उपयोग

सुरंग निर्माण के दौरान कार्य की सटीकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्नत निगरानी प्रणालियों का उपयोग किया गया।

भू-तकनीकी उपकरणों, सरफेस सेटलमेंट पॉइंट्स (एसएसपी), त्रिआयामी लक्ष्य प्रणाली, स्ट्रेन गेज तथा सिस्मोग्राफ जैसे उपकरणों के माध्यम से लगातार निगरानी की गई।

इसके साथ ही वेंटिलेशन व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा प्रणाली, नियंत्रित प्रवेश व्यवस्था तथा नियमित भू-तकनीकी निरीक्षण जैसी सुरक्षा व्यवस्थाएँ लागू रहीं।

### पाँच महीनों में तीन सुरंगें पूरी

इससे पहले– 2 जनवरी 2026 को पालघर जिले के सफाले के पास 1.5 किलोमीटर लंबी एमटी-05 सुरंग पूरी हुई

3 फरवरी 2026 को 454 मीटर लंबी एमटी-06 सुरंग न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) से पूरी हुई

अब एमटी-07 सुरंग के साथ पाँच महीनों में तीन पर्वतीय सुरंगों का निर्माण पूरा हो चुका है

**अन्य सुरंगों पर भी तेजी से कार्य जारी**

**महाराष्ट्र खंड में कुल सात पर्वतीय सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है।**

*एमटी-08 की खुदाई पहले ही पूरी हो चुकी है*
*एमटी-03 में 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा*
*एमटी-04 में लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण*
*एमटी-01 और एमटी-02 में निर्माण कार्य जारी*

### औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ेगा यह कॉरिडोर

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर महाराष्ट्र के बोइसर और गुजरात के वापी के बीच स्थित प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों से होकर गुजरता है। इस क्षेत्र में सुरंग निर्माण के पूरा होने से परियोजना को महत्वपूर्ण गति मिली है।

### हाई-स्पीड रेल अवसंरचना की दिशा में बड़ा कदम

इस परियोजना में आधुनिक सुरंग निर्माण तकनीक, उन्नत निगरानी प्रणाली और उच्च स्तरीय सुरक्षा मानकों का उपयोग किया जा रहा है।

यह उपलब्धि भारत में सुरक्षित, आधुनिक और विश्वस्तरीय हाई-स्पीड रेल अवसंरचना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

(इनपुटः पीआईबी)

## यूपीआई ने बनाया नया रिकॉर्ड, मई में 23.2 अरब डिजिटल लेनदेन

नई दिल्ली/समाज जागरण। भारत की डिजिटल भुगतान व्यवस्था में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, मई 2026 में यूपीआई के माध्यम से अब तक के सबसे अधिक 23.2 अरब लेनदेन दर्ज किए गए। इस अवधि में कुल लेनदेन का मूल्य लगभग 29.9 लाख करोड़ रुपये रहा, जो देश में डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग को दशार्ता है।





### प्रतिदिन 73 करोड़ से अधिक लेनदेन

आंकड़ों के अनुसार, मई माह में यूपीआई के जरिए प्रतिदिन औसतन 73.78 करोड़ लेनदेन हुए। वहीं, प्रतिदिन लेनदेन का औसत मूल्य लगभग 84,423 करोड़ रुपये रहा।

खुदरा खरीदारी, व्यापारी भुगतान और व्यक्ति-से-व्यक्ति (P2P) ट्रांजेक्शन में यूपीआई का व्यापक उपयोग इसकी मजबूत पकड़ को दशार्ता है।

### आईएमपीएस से कहीं आगे यूपीआई

NPCI के अनुसार, मई 2026 में तत्काल भुगतान सेवा (IMPS) के माध्यम से 35.81 करोड़ लेनदेन हुए, जिनका कुल मूल्य 6.96 लाख करोड़ रुपये रहा। यह आंकड़ा यूपीआई की तुलना में काफी कम है, जिससे इसकी बढ़ती लोकप्रियता स्पष्ट होती है।

### और बढ़ सकता है वास्तविक उपयोग

NPCI ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन आंकड़ों में 'क्रेडिट कार्ड ऑन यूपीआई' और 'क्रेडिट लाइन ऑन यूपीआई' से जुड़े लेनदेन शामिल नहीं हैं। यदि इन्हें जोड़ा जाए तो यूपीआई का वास्तविक उपयोग और अधिक बढ़ जाता है।

### क्यों बढ़ रहा है यूपीआई का उपयोग?

विशेषज्ञों के अनुसार यूपीआई की लोकप्रियता के पीछे कई कारण हैं– उपभोक्ताओं का बढ़ता भरोसा

व्यापारियों द्वारा व्यापक स्वीकार्यता

यूपीआई लाइट और फीचर फोन आधारित सेवाओं का विस्तार

आसान, तेज और सुरक्षित भुगतान प्रणाली

रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना यूपीआई

छोटे किराना दुकानों से लेकर बड़े व्यापारिक भुगतान तक, यूपीआई अब भारत के दैनिक जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। इसकी सरलता और तेज प्रोसेसिंग ने इसे देश की सबसे पसंदीदा डिजिटल भुगतान प्रणाली बना दिया है।

### डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़

मई 2026 में 29.9 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन और प्रतिदिन 70 करोड़ से अधिक ट्रांजैक्शन को संभालकर यूपीआई ने एक बार फिर साबित किया है कि यह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है।

समाज जागरण विशेष। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय विस्तार और नई तकनीकों के साथ आने वाले समय में यूपीआई का उपयोग और तेजी से बढ़ेगा।

## ट्रंप ने दुत्कारा, साउथ अफ्रीका के उप राष्ट्रपति बोले–"भारत हमें बुला रहा है, देख लो"

नई दिल्ली/समाज जागरण। वैश्विक कूटनीति में एक बार फिर अमेरिका, भारत और साउथ अफ्रीका के बीच बयानबाजी चर्चा में आ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा G20 समिट में कथित तौर पर आमंत्रण न दिए जाने के मुद्दे पर साउथ अफ्रीका की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। साउथ अफ्रीका के उप राष्ट्रपति पॉल मशातिले ने अमेरिका के रवैये को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से नाराजगी जताई और कहा कि जहां एक तरफ कुछ देश उन्हें दरकिनार कर रहे हैं, वहीं भारत उन्हें सम्मान और महत्व दे रहा है।










| Package | Advertisement Features | Duration | Price |
|---|---|---|---|
| Diamond Package | • Homepage Top Banner (Desktop & Mobile) • Brand Logo Display on All Pages | 30 Days | ₹20,000 |
| Gold Package | • Homepage Mid Banner • Category Page Banner | 30 Days | ₹15,000 |
| Silver Package | • Category Page Side Banner • Homepage Lower Banner | 30 Days | ₹10,000 |
| Bronze | • Website Sidebar Banner (All Pages) | 7 Days | ₹5,000 |
| Local Business Package | • Banner Advertisement in Local News Section | 15 Days | ₹3,000 |

Additional Advertising Options
- Homepage Top Banner (1 Day) – ₹2,000
- Video News Banner Tag – ₹3,000 / 7 Days
- Exclusive Category Banner – ₹7,500 / 15 Days

Notes
- All banners will be Static or GIF format
- Banner Sizes: 728×90, 300×250, 160×600
- GST extra as applicable

Samaj Jagran is a DAVP approved media platform.

# असद के साथ पूरा विपक्ष, सूर्या अकेला क्यों !

उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में बकरीद के समय युवा सूर्या चौहान की हत्या ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं। कोई इसे हिन्दू-मुस्लिम के एंगल से देख रहा है तो किसी को इसके पीछे मजहबी कट्टरता नजर आ रही है। सूर्या को एक मजहब के कुछ लड़कों ने जिस तरह से पाँच लड़कों के समूह ने पेट में चाकू भोंक कर मौत की नींद सुलाया, वह दिल दहला देने वाला था। यूपी पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि मुख्य आरोपी असद पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया। बस इसी के बाद प्रदेश में राजनीति शुरू हो गई। सूर्या की हत्या पर जो मौन थे, वह असद के एनकाउंटर पर विलाप करने लगे। असद के एनकाउंटर के खिलाफ एक मजहब के लोग और विपक्ष की एकजुटता देखने लायक है। पुलिस व योगी सरकार के रवैये पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं, इसके साथ-साथ निर्दोष युवा सूर्या चौहान के परिवार वालों को तसल्ली देने वाले लोग मुट्ठी भर हैं। सूर्या चौहान की हत्या और उसके बाद असद के एनकाउंटर ने शहर को दो हिस्सों में बाँट दिया है। एक तरफ वह लोग हैं जो योगी सरकार की कार्रवाई की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं, यह कहते हुए कि कानून का पोषक अपराधियों के खिलाफ कठोर होना चाहिए। दूसरी तरफ विपक्ष और एक खास मजहब के लोग एक साथ असद के पक्ष खड़े होते हैं, पुलिस की तेजतर्रार कार्रवाई के तरीकों पर सवाल उठाते हैं और शेखी से ज्यादा पारदर्शिता की मांग करते हैं। इस घड़ी में वही पुरानी परतें फिर उभर कर आती दिखती हैं, जातिगत भावनाएँ, राजनीतिक फायदा और फास्ट-फॉरवर्ड जस्टिस की लालसा।

पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक सूर्या की हत्या और इस परिवार का प्रलाप दिखाई देता है तो कुछ स्थानीय लोग अपराध की कुछ पुरानी घटनाओं को उजागर करते हुए सूर्या की हत्या को नई ह्यशक्लह्न देने में लगे हैं। यहाँ एक विशेष मजहब से ताल्लुक रखने वाले लोग पूरे घटनाक्रम से जानबूझकर दूरी बनाए हुए हैं। वे कहते हैं कि उन्हें किसी सूर्या की हत्या के बारे में नहीं पता है, पर जब असद के एनकाउंटर की बात आती है तो उनकी संवेदना अचानक जाग जाती है। विशेषकर जब उनके समुदाय का कोई सदस्य किसी विशिष्ट नैरेटिव में फिट नहीं बैठता। राजनीति तुरंत सक्रिय हो जाती है। विपक्षी नेताओं के भाषण में नेमबद्ध आरोप नजर आते हैं। आरोप लगाया जाता है कि पुलिसिया एनकाउंटर कई बार खतरनाक तरीके से इसलिए किए जाते हैं ताकि असुविधाजनक सवालों और गवाहों को समाप्त किया जा सके। वे पुराने मामलों की सूची गिनाते हैं जहाँ प्रत्यक्षदर्शियों, आरोपियों या पीड़ितों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में निपटा गया। जनता की स्मृति में 2010 का वह मामला आता है, जब एक युवक की संदिग्ध हालातों में मौत हुई और पुलिस ने उसे आत्मरक्षा का ठहराया। फिर 2014 और 2018 की घटनाएं भी दिमाग में घूमती हैं। हर बार एक ही पैटर्न तेज-तर्रार कार्रवाई, संदेह के बादल, और समय के साथ फीकी पड़ती जाँचें। विपक्ष इन पुराने मामलों का हवाला देता है ताकि सामूहिक गुस्से को विधि और प्रक्रिया के साथ जोड़ कर दशार्या जा सके कि यह सिर्फ व्यक्तिगत घटना नहीं, बल्कि प्रणालीगत समस्या है।

वहीं असद के एनकाउंटर को सही ठहराने वाले कहते हैं कि कानून का हाथ जब तेजी से चलता है तो अपराधी डरते हैं और अपराध घटते हैं। उनके लिए एनकाउंटर तुरंत सजा देने जैसा लगता है। नतीजा साफ और त्वरित होता है। वे पुलिस की नीतियों में कठोरता की वकालत करते हैं और सिस्टम पर भरोसा जताते हैं। इस विश्वास की जड़ें कई वर्षों के अनुभवों से जुड़ी हैं, जब सिस्टम धीमा और गैर-लाभकारी लगता है, तब लोक-मन चाहने लगता है कि निर्णायक कार्रवाई हो। यही भावना अक्सर भीड़ की मांग बनकर सामाजिक दबाव उत्पन्न करती है। असल में समस्या केवल न्यायिक या पुलिसिया प्रक्रिया पर नहीं टिकती; यह पहचान, समुदाय और राजनीतिक असंतुलन का भी मामला है। सूर्या के मरने के बाद जिन कुछ लोगों की तस्वीरें और वीडियो सामने आते हैं, वे मुट्ठी भर हैं। वे स्थानीय लोग, कुछ रिश्तेदार और कुछ परिचित हैं, पर आंकड़े बताते हैं कि इलाके में रहने वाले विशेष मजहब के कई लोग अब भी इस पूरे घटनाक्रम से विमुख हैं। उनके बीच भय की एक परत घूम रही है। ये लोग खुलकर बोलने से सामाजिक बहिष्कार, बदनामी या राजनीतिक निशाना बनते हैं। इसलिए वे बाहर से दुख जाहिर करते हैं, पर अंदर से दूरी बनाए रखते हैं। इस दूरी में राजनीति फल-फूल रही है; नेता अपनी आवाजों का इस्तेमाल कर रहे हैं, और स्थानीय लोगों की अनिच्छा कार्यवाही के नैरेटिव को बदल देती है।

समाचार माध्यम और सोशल मीडिया इस स्थिति में ईंधन का काम करते हैं। मीडिया के कुछ हिस्से घटनाओं को तेजी से पॉलिटिकल फ्रेम में आकार देते हैं, कुछ हिस्से भावनाओं को हवा देते हैं। सोशल मीडिया पर क्लिक्स के लिए कटिंग क्लिप, भावनात्मक पोस्ट और कुछ केस-हिस्ट्रीज चलते हैं। कभी-कभी सटीक तथ्य की जगह अफवाहें तेजी से फैलती हैं। परिवार के सदस्यों के कथित बयान, वीडियो के अनचेक्ड क्लिप, और पुराने विवादों की रील-रीप्ले। इस माहौल में निष्पक्ष जांच और ठोस सबूत माँगना कठिन हो जाता है, क्योंकि सार्वजनिक धारणा पहले ही धक्का खा चुकी होती है। विरोध और समर्थन दोनों तरफ के बयानों में एक सामान्य रिसाव दिखता है। इंसानियत के सवाल पीछे छूट जाते हैं। सूर्या का परिवार दुखी है, वे न्याय की मांग करते हैं; परिवार की आवाजें अक्सर राजनीतिक रैलियों और चैनलों की पृष्ठभूमि बन जाती हैं। उनसे जुड़ी वास्तविक जरूरतें, मुकम्मल और निष्पक्ष जाँच, संरक्षण, मुआवजा और समुदाय में शांति कम चर्चा में रह जाती हैं। इसके बजाय बहस ध्रुवीकरण पर केन्द्रित होती है, न्याय बनाम सजा, प्रक्रिया बनाम परिणाम, समुदाय बनाम सरकार। लब्बोलुआब यह है कि खोड़ा का केस केवल एक घटना नहीं रह जाता; यह एक आईना बनकर सामने आता है जो बताता है कि कानून और सामाजिक जवाबदेही के बीच कितना फासला है। इतिहास के उन उदाहरणों को याद करते हुए जहाँ सत्ता, जाति और धर्म ने न्याय की गति बदल दी, वर्तमान में उठी इस आवाज को सुनकर आवश्यक है कि हम शीघ्र, निष्पक्ष और पार-दर्शी तरीके से काम करें। तभी समाज भरोसा फिर से जीत पाएगा और सूर्या जैसे युवा के नाम पर न्याय की भावना जीवित रहेगी।



**संजय सक्सेना**

# क्या नए राजनीतिक युग की शुरुआत करेंगे अन्नामलाई ?



**महेन्द्र तिवारी**

तमिलनाडु की राजनीतिक भूमि हमेशा से भारतीय राजनीति के मानचित्र पर अपनी एक विशिष्ट और पृथक पहचान बनाए हुए है। देश के अन्य राज्यों के विपरीत यहाँ राष्ट्रीय विचारधारा वाले दलों की तुलना में क्षेत्रीय अस्मिता और क्षेत्रीय संगठनों का प्रभाव कहीं अधिक गहरा रहा है। बीते अनेक दशकों से द्रविड़ आंदोलन की कोख से निकली राजनीति ने ही इस राज्य की सत्ता की दिशा और दशा को पूरी तरह नियंत्रित और संचालित किया है। ऐसे सुदृढ़ और पारंपरिक राजनीतिक परिवेश में जब कोई नया चेहरा अत्यंत तीव्रता के साथ उभरता है, तो उसकी छोटी से छोटी गतिविधि भी राजनीतिक गलियारों में गहरी हलचल और विमर्श का कारण बन जाती है। इस समय तमिलनाडु के राजनीतिक आकाश में जिस एक नाम को लेकर सबसे अधिक चचाएँ और कयास लगाए जा रहे हैं, वे हैं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई। पिछले कुछ समय से राज्य के समाचारों और राजनीतिक चचाओं में इस बात ने अत्यधिक जोर पकड़ लिया है कि वे अपने वर्तमान दल से नाता तोड़कर एक नए क्षेत्रीय राजनीतिक दल का गठन कर सकते हैं। यद्यपि उन्होंने अभी तक इस विषय में कोई आधिकारिक या स्पष्ट घोषणा नहीं की है, परंतु उनके हालिया वक्तव्य, उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए विज्ञापन पत्र, महत्वपूर्ण बैठकों से उनकी दूरी और जमीनी स्तर पर चल रही संगठनात्मक गतिविधियों ने राज्य की राजनीति को एक नए विमर्श की ओर मोड़ दिया है।

इस नए राजनीतिक घटनाक्रम की सुगबुगाहट तब और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी जब कोयंबटूर शहर में अचानक कई प्रमुख स्थानों पर उनके समर्थकों द्वारा बड़े-बड़े विज्ञापन पत्र लगाए गए। सामान्य राजनीतिक विज्ञापनों से सर्वथा भिन्न इन पत्रों पर अंकित संदेश ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें लिखा था कि निडर सोच की कोई सीमा नहीं होती। इस वाक्य को राजनीतिक विश्लेषकों और जनता द्वारा एक बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा गया। इसके तुरंत बाद जनसंचार के आधुनिक माध्यमों और मुख्यधारा की राजनीति में यह बात तेजी से फैल गई कि वे किसी नए और स्वतंत्र राजनीतिक मंच की आधारशिला रखने की तैयारी कर रहे हैं। उनके इस संभावित कदम को तब और बल मिला जब उनके प्रशंसकों और समर्थकों के संगठन, जिसका नाम अन्नामलाई अन्बू कूट्टम है, उसने अचानक अपनी गतिविधियों को तेज करते हुए नए सदस्यों और पदाधिकारियों को जोड़ना आरंभ कर दिया। इसके साथ ही भीतरखाने से यह समाचार भी आ रहे हैं कि मक्कल शक्ति इयक्कम नाम से एक विशाल जनआंदोलन या सामाजिक संगठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जो आने वाले समय में एक पूर्ण राजनीतिक दल का रूप धारण कर सकता है।

के. अन्नामलाई की पूर्व पृष्ठभूमि और उनकी अब तक की राजनीतिक यात्रा भी अत्यंत रोचक और असाधारण रही है। वे भारतीय पुलिस सेवा के एक प्रतिष्ठित अधिकारी रहे हैं और प्रशासनिक सेवा में रहते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठ तथा सख्त छवि के कारण वे आम जनता के बीच अत्यंत लोकप्रिय हुए थे। अपनी सेवा से त्यागपत्र देकर राजनीति के मैदान में उतरने के बाद उन्होंने अपने दल को तमिलनाडु में एक नई ऊर्जा और आक्रामकता प्रदान करने का अथक प्रयास किया। उनकी इसी कार्यशैली को देखते हुए वर्ष 2021 में उन्हें तमिलनाडु में दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। बहुत ही अल्प समय में वे राज्य की राजनीति का एक अपरिहार्य और चर्चित चेहरा बनकर उभरे। उनकी संवाद शैली अत्यंत सीधी और सीधे प्रहार करने वाली रही है, जिसके कारण उन्होंने वर्तमान द्रमुक सरकार की नीतियों पर लगातार तीखे हमले किए और अपने दल को राज्य में एक स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में यद्यपि उनका दल राज्य में कोई भी निर्वाचन क्षेत्र जीतने में सफल नहीं हो सका, परंतु उनके नेतृत्व में दल का मत प्रतिशत पहली बार दो अंकों तक पहुंचने में कामयाब रहा, जिसे राज्य की राजनीति में एक बड़ी घटना माना गया। इस सफलता का श्रेय मुख्य रूप से उनकी जनसभाओं और उनके द्वारा आयोजित की गई एन मन्न, एन मक्कल नामक व्यापक यात्रा को दिया गया, जिसने उन्हें युवाओं और शहरी मतदाताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया।

परंतु इस तीव्र गति से मिलती सफलता के साथ ही उनके राजनीतिक जीवन में विवाद भी गहरे होते चले गए। उनकी कई आक्रामक टिप्पणियों के कारण उनके दल और उसकी पुरानी सहयोगी संगठन अन्नाद्रमुक के बीच के पारंपरिक संबंध पूरी तरह बिखर गए। उन्होंने द्रविड़ राजनीति के स्तंभ माने जाने वाले पूर्व नेताओं जैसे अन्नादुरई और जयललिता पर कुछ ऐसी टिप्पणियां कीं, जिन्हें अन्नाद्रमुक के कार्यकताओं और समर्थकों ने अपने नेताओं का घोर अपमान माना। इसके परिणामस्वरूप दोनों दलों के बीच कटुता इस सीमा तक बढ़ गई कि उनका गठबंधन टूट गया। राजनीतिक क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भविष्य के गठबंधनों को बचाने और राजनीतिक संतुलन बहाल करने के लिए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में वर्ष 2025 में उनके स्थान पर नैनार नागेंद्रन को तमिलनाडु में दल की कमान सौंपी गई। पद से हटाए जाने के बाद भी उनके प्रति निष्ठा रखने वाले समर्थकों और युवाओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई, बल्कि उनके समर्थकों ने इसे उनकी राजनीतिक स्वतंत्रता के एक नए अध्याय के रूप में देखा। यही कारण है कि जब हाल के दिनों में उन्होंने दल की दो अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य केंद्रीय समिति की बैठकों से पूरी तरह दूरी बना ली, तो उनके अलग रास्ते पर जाने की अटकलों को अत्यधिक हवा मिली।

हाल ही में जब वे चेन्नई हवाई अड्डे से देश की राजधानी दिल्ली के लिए प्रस्थान कर रहे थे, तब उपस्थित संवाददाताओं ने उनसे एक नए दल के गठन की संभावनाओं पर सीधा प्रश्न पूछा। इस पर उन्होंने इस संभावना को सिरे से खारिज नहीं किया, बल्कि रहस्यमयी ढंग से यह कहा कि वे आगामी 2 दिनों में इस विषय पर बैठकर विस्तार से बात करेंगे। राजनीति की भाषा में किसी भी संभावना से पूरी तरह इनकार न करना इस बात का प्रमाण माना जाता है कि पृष्ठभूमि में कोई बड़ा वैचारिक मंथन चल रहा है। इस वक्तव्य के अतिरिक्त उनके इस नए रास्ते के चयन के पीछे केंद्र सरकार की नई भाषा नीति का विवाद भी एक बहुत बड़ा और तात्कालिक कारण बनकर उभरा है। पिछले ही सप्ताह उन्होंने केंद्र सरकार की उस अधिसूचना का प्रखर विरोध किया जिसमें कक्षा 9 से तीन भाषाओं के अध्ययन को अनिवार्य बनाने का प्रावधान किया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि इतनी अल्प अवधि में विद्यार्थियों पर नई भाषा का बोझ डालना उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं है। तमिलनाडु की धरती पर भाषा का प्रश्न हमेशा से ही अत्यंत संवेदनशील और भावनात्मक मुद्दा रहा है, जहाँ वर्ष 1960 के दशक में हुए विशाल हिंदी विरोधी आंदोलनों ने राज्य की पूरी राजनीतिक सत्ता को पलट कर रख दिया था। ऐसे संवेदनशील माहौल में अपने ही दल की केंद्र सरकार के निर्णय के विरुद्ध खड़े होना यह साफ दशार्ता है कि वे अब तमिल पहचान और क्षेत्रीय अस्मिता की राजनीति को प्राथमिकता दे रहे हैं।

वर्तमान समय में तमिलनाडु की राजनीति एक बड़े संक्रमण काल से गुजर रही है जहाँ द्रमुक सत्तासीन है, परंतु विपक्ष बिखराव की स्थिति में है। अन्नाद्रमुक अपने पुराने वैभव और संगठनात्मक शक्ति को खोती हुई दिखाई दे रही है, जबकि दूसरी ओर प्रसिद्ध अभिनेता विजय का नया दल अपने शानदार चुनावी प्रदर्शन के कारण युवाओं के बीच तेजी से मुख्य विकल्प के रूप में उभर रहा है। ऐसे बहुकोणीय और अस्थिर माहौल में यदि के. अन्नामलाई एक नए राजनीतिक दल के रूप में कदम रखते हैं, तो राज्य के सभी चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल जाएंगे। उनके पास आधुनिक सूचना तंत्रों और धरातल पर शिक्षित मध्यमवर्ग तथा युवाओं का एक बहुत बड़ा और निष्ठावान आधार है, जो पारंपरिक द्रविड़ राजनीति से इतर एक साफ-सुथरी, प्रशासनिक और भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति का विकल्प चाहते हैं। यद्यपि तमिलनाडु जैसे सुदृढ़ संगठनात्मक ढांचे वाले राज्य में बिना किसी मजबूत ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के नया दल बनाना और उसे स्थापित करना कोई सुगम कार्य नहीं होगा क्योंकि यहाँ पहले से ही अनेक छोटे-बड़े क्षेत्रीय दल अपनी जमीन तलाश रहे हैं। ऐसी स्थिति में विश्लेषकों का अनुमान है कि वे सीधे दल बनाने के बजाय पहले एक व्यापक जनआंदोलन की शुरूआत कर सकते हैं जो अंततः एक सच्चे धर्मनिरपेक्ष क्षेत्रीय दल का स्वरूप ले सके। उनके इस कदम का सबसे बड़ा आघात उनके पुराने दल पर लगेगा जिसने उनके चेहरे के बल पर राज्य में अपना विस्तार किया था। आने वाले कुछ दिन निश्चित रूप से इस बात का निर्धारण करेंगे कि तमिलनाडु का राजनीतिक भविष्य किस करवट बैठने वाला है।

# पेपर लीक की आड़ में डिजिटल शिक्षा पर अंजना का 'दो कौड़ी' तंज

भारतीय शिक्षा जगत में यह शायद ही पहले कभी देखने को मिला हो कि एक टीवी स्टूडियो में कही गई टिप्पणी इतनी तेजी से राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाए। लेकिन जब वरिष्ठ एंकर अंजना ओम कश्यप ने नीट पेपर लीक पर चर्चा के दौरान यूट्यूब शिक्षकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक्सप्लेनर बनाते हैं, जानते कुछ नहीं और उन्हें दो कौड़ी के यूट्यूब गुरु तक कह दिया, तो यह सिर्फ एक टीवी बहस नहीं रही। यह बयान देखते ही देखते ब्लैकबोर्ड पर ब्रेकिंग न्यूज बन गया। वास्तव में, यह डिजिटल शिक्षा की बढ़ती ताकत के सामने मुख्यधारा मीडिया की असहजता को उजागर करता है। अंजना का यह हमला तथ्यों से अधिक पूर्वाग्रह का प्रतीक प्रतीत होता है।

जब लाखों छात्रों का भरोसा किसी मंच से जुड़ जाए, तो उस पर उठी उंगली केवल व्यक्तियों पर नहीं, पूरी व्यवस्था पर सवाल बन जाती है। अंजना ओम कश्यप की इस टिप्पणी को खान सर, अभिनय शर्मा जैसे लोकप्रिय यूट्यूब शिक्षकों पर भी लागू माना गया। उन्होंने कुछ डिजिटल शिक्षकों को बड़ा फ्रॉड तक कह दिया। यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब लाखों छात्र ऑनलाइन शिक्षा के सहारे अपने सपने संवार रहे हैं। इसलिए इसे केवल कुछ शिक्षकों पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल शिक्षा जगत की साख पर प्रहार माना गया। सवाल है, क्या यह आलोचना तथ्यों पर आधारित है या महज सुर्खियाँ बटोरने की कोशिश? क्या कुछ अपवादों के आधार पर पूरे समुदाय को कटघरे में खड़ा करना उचित है?

शोर और आरोपों से परे, किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन उसके परिणामों से होता है। पिछले एक दशक में यूट्यूब आधारित शिक्षा ने लाखों छात्रों तक ज्ञान पहुँचाया, जिनकी पहुँच महंगी कोचिंग तक नहीं थी। खान सर और अभिनय शर्मा जैसे शिक्षकों ने दूर-दराज क्षेत्रों के युवाओं को अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया। इनके पक्ष में सबसे बड़ा प्रमाण लाखों सफल छात्र हैं। यदि ये कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालाँकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है।

जब दुनिया थम-सी गई थी और शिक्षा के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए थे, तब डिजिटल मंचों ने सीखने की लौ बुझने नहीं दी। कोविड महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षक लाखों विद्यार्थियों के लिए सहारा बने। स्कूलों और कक्षाओं के बंद रहने पर मोबाइल और इंटरनेट के जरिए शिक्षा घर-घर पहुँची। जहाँ कई कोचिंग संस्थानों की फीस लाखों रुपये तक है, वहीं अनेक यूट्यूब शिक्षक मुफ्त या कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते रहे। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शिक्षा को सीमित दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुँचाया है। ऐसे योगदान को अनदेखा कर पूरे समुदाय को फ्रॉड बताना न केवल अनुचित, बल्कि एकतरफा दृष्टिकोण भी है। हालाँकि कुछ चैनलों में क्लिकबेट, भ्रामक थंबनेल और पेड कोर्स की आक्रामक मार्केटिंग जैसी समस्याएँ भी मौजूद हैं।

विवाद के बीच शिक्षकों की प्रतिक्रिया ने अंजना के आरोपों पर नए सवाल खड़े कर दिए। अभिनय सर और खान सर जैसे शिक्षकों ने कहा कि उनका काम छात्रों का भविष्य संवारना है, न कि सनसनी फैलाना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई उन्हें ज्ञानहीन सिद्ध कर दे, तो वे सीखने को तैयार हैं, लेकिन निराधार आरोप स्वीकार्य नहीं हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर छात्रों ने भी खुलकर उनका समर्थन किया। हजारों प्रतिक्रियाओं में छात्रों ने बताया कि इन शिक्षकों ने शिक्षा को महंगे दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे में दो कौड़ी जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों और परिवारों के विश्वास पर भी चोट करती है, जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

इस प्रकरण ने मुख्यधारा मीडिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए हैं। जब यूट्यूब शिक्षक नीट लीक, सीबीएसई विवादों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों पर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें फ्रॉड कहकर खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या टीवी एंकर हर विषय के अंतिम विशेषज्ञ हैं? यदि डिजिटल मंचों की विश्वसनीयता पर संदेह किया जाता है, तो टीआरपी-केंद्रित बहसों की निष्पक्षता भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। अंजना ओम कश्यप का बयान इसी विरोधाभास को उजागर करता है। एक ओर डिजिटल शिक्षक शिक्षा की पहुंच बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके योगदान पर संदेह जताया जा रहा है।

डिजिटल शिक्षा जगत भी कमियों से पूरी तरह अछूता नहीं है। कुछ यूट्यूब चैनलों पर क्लिकबेट और भ्रामक जानकारी की समस्या मौजूद है, जिसकी आलोचना और जवाबदेही आवश्यक है। कुछ टीचर्स पर पेपर लीक या गलत मार्गदर्शन के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन कुछ उदाहरणों के आधार पर पूरे समुदाय को फ्रॉड या दो कौड़ी का कहना उचित नहीं। शिक्षा में गुणवत्ता जरूरी है, पर उसके नाम पर पूरे आंदोलन को अपमानित नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन तथ्यों और परिणामों से होना चाहिए, न कि अपमानजनक टिप्पणियों से। अंजना का बयान इसी अतिसामान्यीकरण की मिसाल प्रतीत होता है।

वस्तुतः, इस पूरे विवाद का केंद्र कोई एंकर या शिक्षक नहीं, बल्कि शिक्षा का बदलता परिदृश्य है। आज करोड़ों छात्र सीमित संसाधनों के बीच डिजिटल मंचों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यधारा मीडिया और डिजिटल शिक्षा जगत, दोनों से संतुलन, जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा है। किसी शिक्षक का मूल्यांकन आरोपों या उपहास से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होना चाहिए। दो कौड़ी के गुरु जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन करोड़ों छात्रों के विश्वास और आकांक्षाओं पर भी आघात है; ऐसे में संबंधित टिप्पणी पर पुनर्विचार और खेद की अपेक्षा स्वाभाविक है। शिक्षा राष्ट्र की नींव है; इसलिए इस पर विमर्श पूर्वाग्रह नहीं, तथ्यों और सम्मान के आधार पर होना चाहिए।



**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

# आईपीएल- युवा व उभरते खिलाड़ियों को दे रहा बड़े अवसर

क्रिकेट के आईपीएल टी -20 का तूफान तो अगले सत्र तक के लिए शांत हो चुका है लेकिन 2026 आईपीएल की गहन समीक्षा जारी है। रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने अपने गेंदबाजों और बल्लेबाजों के करिश्माई प्रदर्शन के चलते अपना खिताब बचाने में सफलता प्राप्त की और लगातार दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी उठाई । एक बार फिर विराट कोहली जीत के नायक बने। आईपीएल- 2026 में विराट ने अपने प्रदर्शन से अपने उन आलोचकों को करारा उत्तर दिया जिन्होंने विराट को संन्यास लेने के लिए मजबूर किया था। विराट ने खेल के मैदान में एक बार फिर जता दिया कि जब कोई टीम किसी लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैदान में उतरती है तो उसके महारथी अभी भी विराट कोहली ही हैं। आईपीएल के फाइनल में विराट एक छोर पर डटे रहे और 42 गेंदों में 75 रन बनाकर अपनी टीम को जिताने में सफल रहे। शुभमन गिल के नेतृत्व वाली गुजरात टाइटंस को अपने ही मैदान मे निराश होना पड़ा।

आईपीएल -2026 कई कीर्तिमानों व रोचक पलों के लिए याद किया जाएगा। आईपीएल-2026 में कुछ नए सितारों का उदय हुआ, कुछ पुराने खिलाड़ियों ने अपनी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

वैभव रघुवंशी - बल्लेबाजी में राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय वैभव रघुवंशी ने अपने पहले ही सत्र में बेहद आक्रामक व तूफानी बल्लेबाजी से सभी को सम्मोहित करने मे सफलता प्राप्त की। सत्र की समाप्ति तक वैभव भारत के दुलारे बन गए। वैभव दो बार शतक के बेहद करीब आकर भी शतक बनाने से चूक गए नहीं तो एक यह रिकार्ड भी उनके नाम हो जाता। वैभव अपने पहले ही सत्र में ऑरेंज कैप अवार्ड जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। वैभव ने आईपीएल- 2026 में सबसे अधिक 776 रन बनाए और छक्कों के मामलो में वेस्टइंडीज के तूफानी क्रिसगेल के 14 छक्कों का रिकार्ड भी ध्वस्त कर दिया। वैभव ने 16 मैचों की 16 पारियों में 48.50 के औसत और 237.30 स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। इनमें एक शतक तथा 5 अर्धशतक शामिल हैं। आईपीएल में वैभव ने चौकों - छक्कों की बारिश करते हुए कुल 63 चौके और 72 छक्के लगाए।

दूसरे स्थान पर गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल रहे जिन्होंने 732 रन बनाए और तीसरे नंबर पर गुजरात के ही बल्लेबाज साई सुदर्शन रहे जिन्होंने 722 रन बनाए और आईपीएल -2026 में चमकदार बल्लेबाज बनकर उभरे । साई सुदर्शन भी क्रिकेट प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहे। क्रिकेट कमेंटर्स, समीक्षक तथा विश्लेषकों ने साईं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि वह आने वाले समय में भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का अहम हिस्सा हो सकते हैं।

आई पी एल से उभरे नए खिलाड़ियों में वैभव के लिए भारत की राष्ट्रीय टीम में शामिल होने का द्वार खुल गया है। वैभव को भारत -ए की टीम मे शामिल कर लिया गया है और उनका पहला विदेशी दौरा श्रीलंका की धरती से शुरू होगा जहां त्रिकोणीय श्रृंखला खेली जानी है। वैभव का नाम सितंबर -अक्टूबर में जापान मे आयोजित होने जा रहे एशियाई खेलों की क्रिकेट टीम में भी शामिल किया गया है। वैभव की अग्निपरीक्षा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व दक्षिण अफ्रीका के मैदानों पर होगी क्योंकि इन देशों की पिचें काफी तेज मानी जाती हैं।

वैभव, शुभमन और साईं के अलावा यशस्वी जायसवाल, राजस्थान के रियान पराग आदि ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है और लोगों को आकर्षित किया है।

गेंदबाजी - भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे बंगलुरू के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार सर्वाधिक 28 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे और अपनी फिटनेस को साबित किया दूसरे नंबर पर ज्योफ्रा आर्चर रहे जिन्होंने अपनी टीम के लिए 25 विकेट लिए। आईपीएल -2026 नए गेंदबाजों को खोजने में नाकाम रहा। इस बार बल्लेबाज ही पूरे सत्र पर छाए रहे। हार्दिक पांड्या जैसे गेंदबाजो के लिए यह सीजन एक बुरा सपना रहा।

नाम बड़े दर्शन छोटे - आईपीएल सीजन-2026 में 10 महंगे खिलाड़ी लगभग 125 करोड़ में बिके लेकिन ये नाम बड़े और दर्शन छोटे की कहावत सिद्ध करने में लगे रहे। कोलकाता के कैमरून ग्रीन, चेन्नई के कार्तिक शर्मा, चेन्नई के ही प्रशांत वीर, राजस्थान के रवि विश्वनोई, दिल्ली के आकिब अली, लखनऊ के जोस इग्लिस, हैदराबाद के लिविंगस्टोन आदि खिलाड़ी पूरी तरह से नाकाम रहे।

आईपीएल -2026 में किसी भी टीम का कप्तान अपने घरेलू मैदानों पर अपने मन की पिच नही बनवा सका और न ही विजय प्राप्त कर सका। फाइनल मुकाबले में भी यह देखने को मिला, जहां अहमदाबाद में गुजरात को अपने ही स्टेडियम में हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ की टीम भी अपने ही मैदान में हारती चली गई।

आईपीएल- 2026 क्रिकेट प्रेमियों को कई यादगार अनुभव देकर विदा हुआ है, वैभव के साथ साथ दूसरी उभरती प्रतिभाओं के लिए मार्ग खोलकर विदा हुआ है।

**मृत्युंजय दीक्षित**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी ने राष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव, 'Made in Play' सम्मेलन में बनीं पैनलिस्ट

गौतमबुद्धनगर/समाज जागरण। 02 जून 2026: ग्राम पंचायत की आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतिष्ठित 'Made in Play' सम्मेलन में पैनलिस्ट के रूप में सहभागिता कर अपने क्षेत्र, समुदाय तथा आंगनवाड़ी व्यवस्था का गौरव बढ़ाया है। यह सम्मेलन नई दिल्ली स्थित ले मेरिडियन होटल में आयोजित किया गया था।






### राष्ट्रीय मंच पर मिला प्रतिनिधित्व

बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह महत्वपूर्ण सम्मेलन बचपन बनाओ संस्था एवं एनडीटीवी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, खेल आधारित शिक्षण तथा बाल विकास के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, नीति-निमार्ता एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

सुनीता देवी को इस राष्ट्रीय मंच पर 'लेट्स एजुकेट चिल्ड्रेन इन नीड (LECIN)' संस्था द्वारा नामित किया गया था।

### ग्रामीण अनुभवों का साझा किया

सम्मेलन के दौरान आयोजित पैनल चर्चा में सुनीता देवी ने ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बच्चों के साथ कार्य करने के अपने अनुभव, चुनौतियाँ तथा सीख साझा कीं। उन्होंने कहा कि खेल आधारित गतिविधियाँ बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सरल और आनंददायक बनाती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा यदि उन्हें आवश्यक संसाधन और सहयोग प्राप्त हो तो वे ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बना सकते हैं।

### माता-पिता की जागरूकता पर बल

सुनीता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति माता-पिता और परिवारों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि स्थानीय स्तर पर किए गए छोटे-छोटे नवाचार भी बच्चों के सीखने के परिणामों में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

### देशभर से विशेषज्ञों की उपस्थिति

इस सम्मेलन में देश के दस राज्यों से आए बीस से अधिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद्, शोधकर्ता तथा बाल विकास क्षेत्र के विशेषज्ञ उपस्थित रहे। सभी ने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं समावेशी बनाने पर अपने विचार एवं अनुभव साझा किए।

### LECIN संस्था की भूमिका

LECIN (लेट्स एजुकेट चिल्ड्रेन इन नीड) एक गैर-सरकारी संस्था है, जो पिछले तीन वर्षों से जनपद गौतमबुद्धनगर के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य खेल आधारित शिक्षण पद्धति को प्रोत्साहित करना तथा बच्चों के लिए बेहतर एवं प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण का निर्माण करना है।

### क्षेत्र के लिए गौरव का विषय

LECIN के प्रतिनिधियों ने सुनीता देवी की इस उपलब्धि को संस्था तथा पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि उन हजारों आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के परिश्रम और समर्पण का सम्मान है, जो ग्रामीण भारत में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्यरत हैं।

सुनीता देवी की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण स्तर पर कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियाँ भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान स्थापित कर सकती हैं। यह उपलब्धि आंगनवाड़ी व्यवस्था की महत्ता को और अधिक सुदृढ़ करती है तथा यह संदेश देती है कि समर्पित प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त किया जा सकता है। समाज जागरण विशेष।

# मुख्य सचिव ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 की तैयारियों की समीक्षा की, आयोजन को भव्य बनाने के दिए निर्देश

नोएडा/समाज जागरण। लखनऊ में मुख्य सचिव श्री एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (UPITS)-2026 के चौथे संस्करण की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार एवं इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 29 सितम्बर 2026 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित है।



### आयोजन को और भव्य बनाने के निर्देश

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस वर्ष ट्रेड शो का आयोजन पहले से अधिक भव्य, आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण स्वरूप में किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर, पारंपरिक कलाएँ, जनजातीय संस्कृति तथा लोक परंपराओं का प्रभावी प्रदर्शन किया जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले आगंतुक प्रदेश की विविधता से परिचित हो सकें।

### 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन' पर विशेष जोर

मुख्य सचिव ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन (ओडीओसी)' के अंतर्गत प्रदेश के विशिष्ट, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल स्थापित करने के निर्देश दिए। इससे उत्तर प्रदेश की स्थानीय पाक विरासत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलेगी।

### व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

उन्होंने आयोजन की व्यापक ब्रांडिंग एवं प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया। निर्देश दिए गए कि–

**आयोजन की थीम और लक्ष्य**
***बैठक में बताया गया कि इस वर्ष ट्रेड शो की थीम होगी–***
*"UP for Global Growth: Innovation, Manufacturing & Exports"*

**मुख्य उप-थीमें होंगी–**
मेक इन यूपी
एक्सपोर्ट फ्रॉम यूपी
ओडीओपी टू ग्लोबल मार्केट्स
एमएसएमई एवं स्टार्टअप सशक्तिकरण
सतत विनिर्माण
डिजिटल व्यापार एवं ई-कॉमर्स
निवेश एवं लॉजिस्टिक्स हब
अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का लक्ष्य

मुख्यमंत्री पोर्टल एवं सभी डीआईसी पोर्टलों पर ट्रेड शो के बैनर तत्काल प्रदर्शित किए जाएं
देश के प्रमुख शहरों एवं हवाई अड्डों पर दो माह पूर्व होर्डिंग्स लगाए जाएं
मुंबई, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ सहित प्रमुख नगरों में बड़े पैमाने पर प्रचार किया जाए
यूपी मेट्रो नेटवर्क सहित डिजिटल, रेडियो एवं समाचार माध्यमों से व्यापक प्रचार सुनिश्चित किया जाए
शहर की तैयारी और व्यवस्था पर जोर
मुख्य सचिव ने आयोजन के मद्देनजर शहर के सौंदर्यीकरण, प्रमुख मार्गों की मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन को सुचारु बनाने के निर्देश भी दिए।

### नई तकनीक और नवाचार को शामिल करने पर बल

उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, डेयरी, मत्स्य, खाद्य प्रसंस्करण तथा औद्योगिक क्षेत्रों में नवाचार आधारित मॉडल और प्रदर्शनियों को शामिल किया जाए।

इस आयोजन में 80 से अधिक देशों से लगभग 550 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तथा 45,000 से अधिक बी2बी खरीदारों के शामिल होने की संभावना है। इसके माध्यम से लगभग 5,000 करोड़ रुपये की व्यापारिक पूछताछ, 20,000 करोड़ रुपये के संभावित कारोबार तथा 5,000 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो2026 प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इसलिए सभी विभाग समयबद्ध और प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करें। समाज जागरण विशेष।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर सख्ती, 29 प्रागणकों पर एफआईआर की तैयारी

ग्रेटर नोएडा/समाज जागरण। जनगणना-2027 के कार्य में शासकीय आदेशों की अनदेखी और ड्यूटी ग्रहण न करने के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ग्रेटर नोएडा के चार्ज अधिकारी ने 29 प्रागणकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए डीसीपी नोएडा को पत्र भेजा है।

### जनगणना कार्य में बाधा का मामला

जानकारी के अनुसार, जनगणना-2027 का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। इस कार्य के लिए लगभग 3000 कर्मचारियों को प्रागणक (गणनाकर्मी) के रूप में नियुक्त किया गया है।
इनमें से 29 कर्मचारियों द्वारा निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। इनसे मोबाइल और व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर ड्यूटी संबंधी सूचना भेजी गई, लेकिन संबंधित कर्मचारियों ने दस्तावेज लेने से भी इनकार कर दिया।

### राष्ट्रीय कार्य में असहयोग पर कार्रवाई

जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में असहयोग को गंभीर मानते हुए चार्ज अधिकारी ने संबंधित 29 प्रागणकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की संस्तुति की है।

### किन-किन पर कार्रवाई प्रस्तावित

जिन प्रागणकों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित है, उनमें सीमा देवी, प्रदीप कुमार, प्रीति शर्मा, आर्य, वंदना सिंह, जी.के. बाबू, शशि, अमिता सिंह, प्रीति सिंह, मनीषा मथुरिया, प्रमोद सिंह, किशोरी, सिंह, तोमर, वंदना, ममता, दुरदाना, नीतू, प्रदीप शर्मा, गुलाब सिंह, ललिता, दुर्गा शुक्ला, धन देवी, कमल सिंह चौधरी, राजेश कुमार एवं किशोरी सिंह सहित अन्य शामिल हैं।
चार्ज अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जिन कर्मचारियों ने अब तक ड्यूटी ग्रहण नहीं की है, वे शीघ्र कार्यभार संभालकर जनगणना कार्य पूर्ण करें। अन्यथा उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने इस कार्रवाई के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या असहयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज जागरण विशेष।

# ग्रेटर नोएडा में 6 आईएएस अफसरों ने किया अध्ययन दौरा,

## आईआईटीजीएनएल व एमएमएलएच-एमएमटीएच परियोजनाओं की ली जानकारी

**संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा/समाज जागरण। भारत सरकार में सहायक सचिव के पद पर तैनात छह आईएएस अधिकारियों ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, आईआईटीजीएनएल की स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) तथा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब (एमएमएलएच) का अध्ययन किया।



### प्राधिकरण कार्यालय में हुआ प्रस्तुतीकरण

इन अधिकारियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एन.जी. रवि कुमार, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) श्रीलक्ष्मी वी.एस. तथा एसीईओ प्रेरणा सिंह के साथ बैठक कर परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।
इस अवसर पर प्राधिकरण द्वारा विभिन्न विकास परियोजनाओं पर प्रस्तुतीकरण भी दिया गया।

### जमीन अधिग्रहण से लेकर रोजगार सृजन तक की जानकारी

सीईओ एन.जी. रवि कुमार ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में भूमि अधिग्रहण से लेकर औद्योगिक विकास तक की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि किसानों से भूमि लेकर उद्योगों को विकसित करने का उद्देश्य क्षेत्र में निवेश बढ़ाना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना है।
उन्होंने अधिकारियों को विकास और रोजगार सृजन की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### स्मार्ट टाउनशिप और मल्टीमॉडल परियोजनाओं की जानकारी

एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी.एस. और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप, एमएमटीएच और एमएमएलएच परियोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की।
एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अब तक 30 से अधिक बड़ी कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है, जिनमें से कई कंपनियां कार्यरत हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश तथा करीब 23,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है।

### आधुनिक सुविधाओं की जानकारी

एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने टाउनशिप में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं जैसे–
स्वचालित अपशिष्ट संग्रहण प्रणाली
24 घंटे जल एवं विद्युत आपूर्ति
उन्नत सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। साथ ही मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के अंतर्गत रेल, मेट्रो एवं बस टर्मिनल के एकीकृत विकास की योजना भी समझाई गई।

### मौके पर जाकर किया निरीक्षण

बैठक के बाद आईएएस अधिकारियों ने आईआईटीजीएनएल टाउनशिप का स्थल निरीक्षण किया और वहां चल रहे विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। इस दौरान आईआईटीजीएनएल की टीम भी उपस्थित रही। यह अध्ययन दौरा प्रशासनिक अधिकारियों के लिए औद्योगिक विकास, शहरी नियोजन और मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# थाना दनकौर पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को भोपाल से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**संदीप गर्ग**

नोएडा/समाज जागरण। थाना दनकौर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा नाबालिग बालक को मध्य प्रदेश के भोपाल रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिवार में खुशी का माहौल है।

### घर से घूमने निकला था बच्चा

जानकारी के अनुसार, वादी निवासी थाना दनकौर, जनपद गौतमबुद्धनगर ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनका नाबालिग पुत्र 29 मई 2026 की शाम रोज की तरह घर से घूमने निकला था, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटा।
परिजनों द्वारा रिश्तेदारों एवं परिचितों से संपर्क करने पर भी बच्चे का कोई पता नहीं चल सका।

### तत्काल दर्ज हुआ मामला

सूचना मिलते ही थाना दनकौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की और गुमशुदा की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया।

### 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए

पुलिस टीमों ने जांच के दौरान लगभग 250 से 300 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। इसके साथ ही सर्विलांस की सहायता से बच्चे की लोकेशन का पता लगाया गया। जांच में यह सामने आया कि बच्चा खेरली से दनकौर रेलवे स्टेशन की ओर गया था।
इसके बाद पुलिस टीमों ने खेरली नहर, दनकौर रेलवे स्टेशन तथा दिल्ली रेलवे स्टेशन तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और लगातार तकनीकी निगरानी जारी रखी।

### भोपाल रेलवे स्टेशन से मिली सफलता

लगातार प्रयासों और सर्विलांस की मदद से पुलिस को सफलता मिली और 02 जून 2026 को गुमशुदा बालक को मध्य प्रदेश के भोपाल रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### परिजनों ने जताया आभार

अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजन भावुक हो गए और उन्होंने पुलिस की तत्परता एवं प्रयासों की सराहना की। स्थानीय लोगों ने भी थाना दनकौर पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।
थाना दनकौर पुलिस की इस त्वरित और समन्वित कार्रवाई ने एक परिवार को बड़ी राहत प्रदान की है और पुलिस की सक्रियता एवं तकनीकी दक्षता का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# नोएडा प्राधिकरण में ग्राम विकास संगठन की बैठक, किसानों के मुद्दों पर चर्चा; 24 जून को फिर होगी वार्ता

**संदीप गर्ग**

नोएडा/समाज जागरण। ग्राम विकास संगठन नोएडा के प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी क्रांति शेखर से प्राधिकरण कार्यालय में मुलाकात की तथा पूर्व में हुई बैठक का कार्यवृत्त प्राप्त किया। इस दौरान किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।




### 29 मई को हुई बैठक के बिंदुओं पर चर्चा

ग्राम विकास संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि 29 मई 2026 को नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी। इसमें अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल, विशेष कार्याधिकारी क्रांति शेखर, अरविंद कुमार, महाप्रबंधक नियोजन अशोक कुमार अरोड़ा तथा महाप्रबंधक एस.पी. सिंह उपस्थित रहे।
बैठक में किसानों से जुड़े तीन प्रमुख प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई–
अधिग्रहित भूमि के बदले करार नियमावली 1997 के अनुसार सभी किसानों को 10 प्रतिशत आबादी भूखंड उपलब्ध कराने का विषय।
"जहां आबादी, जैसी आबादी" के आधार पर भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा 48 के अंतर्गत डिनोटिफिकेशन का मुद्दा।
नोएडा क्षेत्र के गांवों को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव।

### कार्यवृत्त जारी, अगली बैठक 24 जून को

विशेष कार्याधिकारी क्रांति शेखर ने बताया कि सक्षम स्तर से अनुमोदन के उपरांत बैठक का कार्यवृत्त जारी कर दिया गया है। साथ ही यह निर्णय लिया गया है कि ग्राम विकास संगठन के साथ अगली बैठक 24 जून 2026 को पुनः आयोजित की जाएगी।

### किसानों की उम्मीदें

ग्राम विकास संगठन के संयोजक डी.पी. चौहान ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के 81 गांवों के किसानों को आशा है कि शीघ्र ही उनके पक्ष में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

### आरोप और असंतोष

वहीं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय हुआ है तथा उनके अधिकारों की अनदेखी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी दस्तावेज उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को उनका उचित हक नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण समय-समय पर आंदोलन की स्थिति उत्पन्न होती रहती है।
बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच संवाद की प्रक्रिया आगे बढ़ी है और आगामी 24 जून की बैठक को किसानों की समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समाज जागरण विशेष।

# आर्य युवा शिविर का चतुर्थ दिवस: सद्गुणों के धारण और राष्ट्रनिर्माण का दिया संदेश

नोएडा/समाज जागरण। मंगलवार, 02 जून 2026 : केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-44 नोएडा में चल रहे आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर के चौथे दिन बच्चों को सद्गुणों के महत्व का संदेश दिया गया।




### सद्गुणों से जीवन बनता है सार्थक: चन्द्रशेखर शास्त्री

कार्यक्रम में वैदिक विद्वान आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सद्गुणों को धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य, सरलता, सकारात्मकता, संतोष, सहयोग, समय का सदुपयोग, सेवा और श्रद्धा–ये सात गुण जीवन को संतुलित, सुंदर और सार्थक बनाते हैं।
उन्होंने बच्चों को मांस, अंडा और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी तथा कहा कि दुगुर्णों का त्याग कर आदर्श जीवन अपनाना चाहिए, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हों।

### मान-अपमान से ऊपर उठने का आह्वान: अनिल आर्य

परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि व्यक्ति को मान-अपमान से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहसी व्यक्ति वही है जो किसी के सहारे या एहसान पर निर्भर नहीं रहता, बल्कि अपने संकल्प के बल पर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति ही राष्ट्र की समस्याओं का समाधान कर सकती है और देश की दिशा एवं दशा बदलने की क्षमता रखती है।

### शिविर का उद्देश्य संस्कार निमार्ण: महेन्द्र भाई

राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करना है। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र के जप से बुद्धि तीव्र होती है, स्मरण शक्ति बढ़ती है और मन शांत रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे परिश्रम और लगन से प्राप्त करने का आह्वान किया।

# एनसीआर में सक्रिय लूट गिरोह का आतंक, रात में फुटपाथ व्यापारियों का सामान उठा ले जाते हैं

एनसीआर/समाज जागरण। दिल्ली-एनसीआर, मेरठ, गाजियाबाद और नोएडा क्षेत्र में एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की सूचना सामने आई है, जो रात के समय फुटपाथ पर लगे छोटे व्यापारियों को निशाना बना रहा है।

### छोटे हाथी से आते हैं, सामान लूटकर फरार

जानकारी के अनुसार यह गिरोह रात के समय "छोटा हाथी" (टेंपो) वाहन का उपयोग कर विभिन्न बाजारों और सड़कों पर पहुंचता है। आरोपी फुटपाथ पर लगे ठेलों और अस्थायी दुकानों का सामान लादकर मौके से फरार हो जाते हैं।

इस तरह की घटनाएं मेरठ से लेकर नोएडा और गाजियाबाद तक कई स्थानों पर सामने आने की बात कही जा रही है।

### फुटपाथ व्यापारियों में दहशत

इस गिरोह की गतिविधियों से छोटे और फुटपाथ व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कई व्यापारियों का कहना है कि रात में दुकानें हटाने के बावजूद उनका सामान सुरक्षित नहीं रह पा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### एनसीआर में बढ़ती घटनाएं

सूत्रों के अनुसार, इस प्रकार की वारदातें अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार दर्ज हो रही हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों में भय का माहौल बन गया है। कई स्थानों पर व्यापारियों ने रात में चौकसी बढ़ाने और सामूहिक निगरानी की व्यवस्था शुरू करने की मांग की है।

### पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से इस गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसे गिरोहों पर अंकुश लगाना जरूरी है ताकि छोटे व्यापारियों की आजीविका सुरक्षित रह सके। एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय इस संदिग्ध गिरोह की गतिविधियों ने कानून-व्यवस्था और फुटपाथ व्यापारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस पर कितनी जल्दी प्रभावी कार्रवाई करता है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग हेतु आवेदन आमंत्रित

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद बिजनौर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। योजना के तहत सिविल सेवा परीक्षा, पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए/सीडीएस तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। इच्छुक छात्र-छात्राएं दिनांक 20 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र दुष्यन्त कुमार पुस्तकालय, शक्ति चौक, बिजनौर से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किए जा सकते हैं। योजना के अंतर्गत शिक्षण कार्य के लिए प्रतिष्ठित शिक्षकों, प्रवक्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों के आवेदन भी आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी एवं विषय विशेषज्ञ अपने आवेदन समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय अथवा दुष्यन्त कुमार पुस्तकालय, शक्ति चौक, बिजनौर में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं।

शैक्षिक अर्हताएं निम्नानुसार निर्धारित की गई हैं–

सिविल सेवा/पीसीएस हेतु यूपीएससी अथवा यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण अथवा विषय विशेषज्ञ होना आवश्यक है।

एनडीए/सीडीएस की तैयारी हेतु संबंधित परीक्षा की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण अथवा विषय विशेषज्ञ होना अनिवार्य है।

जेईई/नीट हेतु संबंधित विषय में मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण अथवा विषय विशेषज्ञ होना आवश्यक है।

एसएससी, यूपीएसएसएससी एवं बैंकिंग परीक्षाओं हेतु मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण अथवा विषय विशेषज्ञ अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं एवं योग्य विषय विशेषज्ञों से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का लाभ उठाने तथा निर्धारित अवधि में आवेदन करने का आह्वान किया है।

# भारत टॉकीज के पास एसडीएम आवास के बाहर ट्रांसफॉर्मर में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद । नगर के भारत टॉकीज स्थित एसडीएम आवास के बाहर लगा ट्रांसफॉर्मर अचानक धू-धू कर जलने लगा। ट्रांसफॉर्मर में लगी भीषण आग देखकर वहां से गुजर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गई।




मंगलवार की सुबह नगर के भारत टॉकिज स्थित उपजिलाधिकारी आवास के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई।आग लगने से राहगीरों एवं आसपास के लोगो में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगो ने घटना की सूचना फायर स्टेशन को दी गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने बमुश्किल ट्रांसफॉर्मर में लगी आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। व्यस्त इलाके में हुई इस घटना से कुछ देर के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। एसडीओ शंभू नाथ ने बताया कि आग पर काबू पाने के बाद विद्युत विभाग की टीम द्वारा विद्युत सप्लाई को सुचारू रूप से संचालित किया गया है।

# राहगीरो को मीठे व ठंडे शर्बत को पिलाया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । चिलचिलाती व शरीर को झुलसा देने वाली पड़ती गर्मी से राहत दिलाने के लिए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष की अगवाई में राहगीरो को मीठे व ठंडे शर्बत को पिलाया गया।




पांचवे बडे. मंगल पर बजरंग बली के आशीर्वाद से नगीना बस स्टैंड पर चिलचिलाती व शरीर को झुलसा देने वाली पड़ती गर्मी से राहत दिलाने के लिए भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बल्देब सिंह की अगवाई में अनुज शर्मा, शिवशंकर सक्सेना, लव ठाकुर, मोनू सैनी, विजयपाल सिंह, हर्ष विश्नोई, प्रेमपाल सिंह, चंद्रभान सिंह, अमीचंद एड व राजमणि कुदेशिया द्वारा राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाने का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर श्री बलदेव सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय समय पर होते रहने से राहगीरो को गर्मी से राहत मिलेगी साथ ही समाज में सेवा भावना जागृत होगी।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वाटरशेड विकास कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

## मानसून से पूर्व चेक डैम एवं अन्य संरचनाओं का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश

**समाज जागरण**

बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित वाटरशेड विकास घटक, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उप कृषि निदेशक एवं प्रभारी भूमि संरक्षण अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि वाटरशेड विकास घटक के अंतर्गत जनपद की गुन्नौर एवं पवांसा इकाइयों में विभिन्न विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों में तालाबों का निर्माण एवं पुनर्जीवन, चेक डैम निर्माण, कंटूर बंडिंग, पेरिफेरल बंडिंग एवं अन्य मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना क्षेत्र के किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने हेतु उच्च गुणवत्ता वाले बीज, उर्वरक एवं सूक्ष्म कीटनाशक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने ग्रामीण स्तर पर वाटरशेड समितियों के गठन एवं उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के उद्देश्यों, प्रगति एवं अब तक किए गए कार्यों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही मानसून के दौरान इन संरचनाओं की उपयोगिता एवं तालाबों में जल उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत निर्मित तालाबों, चेक डैमों एवं अन्य संरचनाओं का फोटोग्राफिक अभिलेखीकरण (फोटो प्रलेखन) कराया जाए तथा कार्य पूर्ण होने के उपरांत संबंधित ग्रामों में समितियों का गठन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मानसून प्रारंभ होने से पूर्व सभी चेक डैमों एवं अन्य संरचनाओं का निरीक्षण, परीक्षण एवं सत्यापन कराया जाए, जिससे उनका अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि उपनिदेशक को कृषि क्षेत्र में नवाचार करने वाले किसानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। मोती की खेती की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

जनपद की वर्धमान नदी एवं महिष्मती नदी के पुनरुद्धार कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग राजीव कुमार ने नदियों के पुनरुद्धार संबंधी प्रस्तावित एवं संचालित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

जिलाधिकारी ने गंगा तटवर्ती गांवों में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु किसानों को उनकी जोत के आधार पर वर्गीकृत करने तथा इस संबंध में शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगीना में कृषि विश्वविद्यालय खोलने की उठी मांग, विधायक सुशांत सिंह ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

## बंद पड़ी कताई मिल की 280 बीघा भूमि पर कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। क्षेत्र के किसानों और युवाओं को उच्च कृषि शिक्षा एवं आधुनिक खेती की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने नगीना में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग उठाई है। विधायक ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री को पत्र सौंपकर नगीना में कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने का अनुरोध किया है।

विधायक द्वारा भेजे गए पत्र में नगीना के ऐतिहासिक एवं भौगोलिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यह नगर ब्रिटिश काल से ही एक प्रमुख केंद्र रहा है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बावजूद यहां आधुनिक कृषि शिक्षा और अनुसंधान के लिए कोई उच्च स्तरीय संस्थान उपलब्ध नहीं है। इसके कारण कृषि विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य जिलों अथवा राज्यों का रुख करना पड़ता है।

पत्र में विधायक ने कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए व्यावहारिक प्रस्ताव भी रखा है। उन्होंने बताया कि नगीना स्थित कताई मिल कई वर्षों से बंद पड़ी है और उसकी लगभग 280 बीघा भूमि वर्तमान में अनुपयोगी अवस्था में है। जनहित को ध्यान में रखते हुए इस भूमि पर कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किया जा सकता है।

विधायक ने कहा कि नगीना की भौगोलिक स्थिति कृषि विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत उपयुक्त है। यहां विश्वविद्यालय स्थापित होने से केवल बिजनौर ही नहीं, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 15 जिलों के किसान और छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे। इससे कृषि अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा, उन्नत बीजों का विकास होगा तथा आधुनिक कृषि तकनीकों का व्यापक प्रसार संभव हो सकेगा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी और किसानों को आधुनिक खेती की नवीनतम जानकारी एवं तकनीकी सहायता प्राप्त होगी।

विधायक बढ़ापुर के प्रतिनिधि अरविंद गहलौत ने बताया कि यह मांग क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही अपेक्षाओं के अनुरूप उठाई गई है और इससे नगीना सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी।

# हर्निया ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, ओम हॉस्पिटल में परिजनों का हंगामा

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित ओम हॉस्पिटल में हर्निया का ऑपरेशन कराने वाले एक मरीज की मौत के बाद अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हो गया। सूचना पर थाना दक्षिण पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया।




मिली जानकारी के अनुसार, यादव नगर आसफाबाद निवासी राजेश कुमार (46 वर्ष) ने दो दिन पूर्व ओम हॉस्पिटल में हर्निया का ऑपरेशन कराया था। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ती गई, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने उचित उपचार नहीं दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

परिजनों का यह भी आरोप है कि मरीज की गंभीर स्थिति के बावजूद अस्पताल प्रबंधन उन पर जबरन छुट्टी कराने का दबाव बना रहा था। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में करीब तीन घंटे तक हंगामा किया और चिकित्सकीय लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

सूचना मिलने पर थाना दक्षिण पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया। खबर लिखे जाने तक मृतक का शव अस्पताल में ही रखा हुआ था तथा पुलिस मौके पर मौजूद रहकर शांति व्यवस्था बनाए हुए थी।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा दी जाने वाली तहरीर और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 22 पेट्रोल पंपों की जांच में छह पर मिलीं खामियां, कार्रवाई के निर्देश

**समाज जागरण**

संभल। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग द्वारा जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध जनसुविधाओं की जांच कराई गई। यह निरीक्षण क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से कराया गया, जिसमें आमजन को दी जा रही सुविधाओं का आकलन किया गया।



जांच के दौरान मुफ्त हवा एवं पानी की उपलब्धता, पुरुष एवं महिला शौचालयों की स्वच्छता, दिव्यांगजन रैम्प और वॉश बेसिन की व्यवस्था, "नो हेलमेट-नो फ्यूल" बैनर तथा पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता जैसे बिंदुओं का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा जिले के कुल 22 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया, जिनमें छह पेट्रोल पंपों पर विभिन्न प्रकार की कमियां पाई गईं।

निरीक्षण में मैसर्स ललतेश फिलिंग स्टेशन, बबराला-चन्दौसी रोड पर दिव्यांगजन रैम्प नहीं मिला। मैसर्स गुन्नौर फिलिंग स्टेशन, गुन्नौर पर मुफ्त हवा एवं पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, साथ ही शौचालयों में दिव्यांगजन रैम्प और वॉश बेसिन का अभाव पाया गया। मैसर्स हाजी हशमत हुसैन बदर हुसैन, नगर सम्भल तथा मैसर्स आमिर फिलिंग स्टेशन, नगर सम्भल में शौचालयों के लिए दिव्यांगजन रैम्प नहीं मिला।

वहीं मैसर्स डी.एन. फिलिंग स्टेशन, बहजोई और मैसर्स बालाजी फिलिंग स्टेशन, चन्दौसी में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई।

जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग ने बताया कि जिन पेट्रोल पंपों पर कमियां पाई गई हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित बिक्री अधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है। प्रशासन द्वारा जनसुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए आगे भी निरीक्षण अभियान जारी रहेगा।

# भाजपां ने की मंडलों की मासिक बैठक।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा आयोजित सिरसागंज विधानसभा क्षेत्र के मण्डल मासिक बैठक सिरसागंज नगर मण्डल, मदनपुर मण्डल , नगला खंगर मण्डल , नोशेहरा मण्डल , अरॉव मण्डल, की कार्ययोजना बैठक सम्पन्न हुई। मण्डल मासिक कार्ययोजना बैठक में मुख्य




अतिथि उदय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष ने बैठक के दौरान विगत कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आगामी संगठनात्मक कार्ययोजनाओं को लेकर रूपरेखा पर प्रकाश डाला । बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय और गतिशील बनाने के लिए सभी कार्यकताओं के साथ आगामी रणनीति तैयार की गई। प्रत्येक बूथ को मजबूत करना और मोदी सरकार व योगी सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचना ही हमारा मुख्य संकल्प है। इस दौरान प्रमुख रूप से ठा. राघवेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष , डॉ . अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , कमलेश राजपूत ब्लाक प्रमुख , जोगेंद्र यादव ब्लाक प्रमुख , राजीव कुमार यादव , अजीत राजपूत , ओमेन्द्र बघेल , पूरन सिंह लोधी , विपिन शिवहरे , यशपाल सिंह यादव , राजवीर सिंह राजपूत , शिवजीत वीरू धाकरे , मंजेश शर्मा , ज्योति गुप्ता , पंकज राजपूत , अजय प्रताप सिंह , आदि।

# बढ़ते तनाव सामाजिक दबाव मानसिक समस्याये लोगों के व्यबहार को प्रभावित करता है -डा अरुशिखा

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। समाज में बढ़ती हिंसक घटनाओं, मानसिक तनाव और बदलती जीवनशैली के प्रभावों को लेकर स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में मानसिक रोग, महिला एवं प्रसूति रोग तथा बाल रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मानसिक स्वास्थ्य, गर्भावस्था के दौरान देखभाल और बच्चों में बढ़ती व्यवहारिक समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी।




मानसिक रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अरु शिखा ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता तनाव, सामाजिक दबाव और मानसिक समस्याएं लोगों के व्यवहार को प्रभावित कर रही हैं, जिसके चलते गुस्सा, चिड़चिड़ापन और हिंसक प्रवृत्तियों में वृद्धि देखने को मिल रही है। उन्होंने लोगों से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों से परामर्श लेने की अपील की।

महिला एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेरणा जैन ने गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को विशेष सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि गर्भधारण के साथ ही संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, सकारात्मक मानसिक स्थिति और स्वस्थ दिनचर्या अपनाना आवश्यक है, जिससे मां और गर्भस्थ शिशु दोनों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एल.के. गुप्ता ने बच्चों में बढ़ते चिड़चिड़ेपन, जिद्दी स्वभाव और मोबाइल फोन की लत पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के मानसिक और व्यवहारिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। अभिभावकों को बच्चों के साथ अधिक समय बिताने, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने की सलाह दी गई।

प्रेसवार्ता की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. योगेश कुमार गोयल ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में मानसिक, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर लोगों को जागरूक करना और सही जानकारी उपलब्ध कराना है।

विशेषज्ञों ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य और बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान देकर समाज को अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बनाया जा सकता है।

# साइंस घर कार्यक्रम में अनमोल ने हाइपरलूप मॉडल किया प्रस्तुत

**समाज जागरण**

सिरसागंजः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में इस समर में जिला समन्वयक




अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें द्वितीय दिवस पर कक्षा 9 के छात्र अनमोल ने अपने मॉडल हाइपरलूप टेक्नोलॉजी के प्रस्तुतिकरण में बताया कि यह आधुनिक परिवहन तकनीक पर आधारित ह्लहाइपरलूपह्व मॉडल है। इस मॉडल में कम दबाव वाली ट्यूब और हाई-स्पीड परिवहन प्रणाली की कार्यप्रणाली को सरल रूप में अनमोल ने बताया कि स्विच ऑन करने पर मोटर सक्रिय होती है, जिससे मोटर पॉड को पाइप के अंदर गति देती है। चुम्बकीय प्रभाव के कारण पॉड का घर्षण कम हो जाने के कारण पॉड ट्यूब के अंदर तेजी से गति करता है। यदि हाइपरलूप टेक्नोलॉजी पूर्ण रूप से सफल होती है, तो भविष्य में बड़े शहरों के बीच यात्रा समय बहुत कम हो जाएगा।

अश्वनी कुमार जैन ने अनमोल के मॉडल की वैज्ञानिक सोच और नवाचार प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अनमोल को हाइपरलूप टेक्नोलॉजी के निर्माण लागत की अधिकता एवं सुरक्षा, तकनीकी के पूर्ण रूप से विकसित न होने के विषय में भी बताया। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने नगर विधायक और नगर आयुक्त को घंटाघर उसी स्थान पर बनवाने की मांग को लेकर सोपा ज्ञापन।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। शान एवं वैश्य समाज की धरोहर घंटाघर को बिना अनुमति तोड़े जाने के विरोध में आज भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल एवं घंटाघर बाजार कमेटी द्वारा विधायक मनीष असीजा एवं नगर आयुक्त, नगर निगम को ज्ञापन सौंपा गया।



यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष रामनरेश कटारा, महानगर अध्यक्ष प्रशान्त माहेश्वरी एवं कमेटी अध्यक्ष कमल अग्रवाल जैन के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

व्यापारियों ने बताया कि वर्ष 1970 में स्वर्गीय गोविंद राम गोयल द्वारा निर्मित घंटाघर को बिना परिवार की अनुमति के तोड़ा जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, जिससे वैश्य समाज एवं व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है

घंटाघर का पुनर्निर्माण उसी स्थान एवं पूर्व स्वरूप में किया जाए

किसी भी कार्यवाही से पूर्व गोविंद राम गोयल परिवार एवं व्यापारियों की सहमति अनिवार्य की जाए

व्यापार, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य किया जाए

व्यापारियों ने यह भी कहा कि यदि घंटाघर का स्वरूप बदला गया तो व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होगी।

विधायक मनीष असीजा ने आश्वस्त किया कि घंटाघर का निर्माण पूर्व स्थान पर ही किया जाएगा तथा गोयल परिवार एवं व्यापारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं नगर आयुक्त ने भी स्पष्ट कहा कि घंटाघर का निर्माण पुरानी जगह पर ही कराया जाएगा।

भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि घंटाघर का निर्माण बिना अनुमति या पुरानी जगह पर नहीं किया गया, तो व्यापार मण्डल आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रदेश मंत्री सुनील पेंगोरिया, महानगर अध्यक्ष प्रशान्त माहेश्वरी, शास्त्री मार्केट कमेटी अध्यक्ष निकेश जैन, सचिन जैन, भरत गोयल, कमल अग्रवाल, प्रदीप जैन, आतिश गुप्ता, हिमांशु अग्रवाल, अर्पित जैन, प्रदीप अग्रवाल सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

# अपना घर आश्रम फिरोजाबाद ने एक और खोए हुए प्रभु जी को उनके घर का पता कर परिवार के सुपुर्द किया।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। अपना घर आश्रम फिरोजाबाद के अध्यक्ष अनिल गर्ग अनिल लहरी ने बताया कि आज अपना घर आश्रम फिरोजाबाद में निशुल्क रहने वाल मंदबुद्धि लाचार बेसहारा अस्वस्थ लावारिस लोगों रखा जाता है और इनकी याददाश्त आने पर उनके परिवार के सदस्यों को बुला कर उनके सुपुर्द कर दिया जाता है। मंगलवार को जोगेंद्र नाम के एक प्रभु जी जो कई महीनों से आश्रम में रह रहे थे और वो




मानसिक रूप से अस्वस्थ थे उनकी मानसिक स्थिति ठीक होने पर उन्होंने अपने घर के बारे में जानकारी दी जो सारंग पत्थर के थाना डिब्रूगढ़ असम के रहने वाले हैं। उनके बताए अनुसार उनके घर पता कर उनके परिवार के जय प्रकाश जो दिल्ली में रहते हैं उन्हें आश्रम में बुला कर एक दूसरे की पहचान होने पर उनके सुपुर्द कर दिया गया. अपना घर के अनिल लहरी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आज आश्रम से असम के लिए रवाना किया।

# योगी सरकार की पहल से सिविल सेवा का सपना होगा साकार, आईएएस/ पीसीएस की निशुल्क कोचिंग के लिए युवाओं में बढ़ा उत्साह

**समाज जागरण**

लखनऊ, 02 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं में अवसर दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क आईएएस/ पीसीएस कोचिंग योजना युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में लगातार बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस योजना के माध्यम से अपने सपनों को नई उड़ान देना चाहते हैं।

**महंगी कोचिंग की बाधा दूर कर रही योगी सरकार**

सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में लाखों रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए यह एक बड़ी चुनौती होती है।

# आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के मंत्री रवि शास्त्री को मुख्यमंत्री ने भेजा पत्र

**समाज जागरण बागपत।**

आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के मंत्री रवि शास्त्री ने बताया चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में 4 जून से आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शिविर के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तर प्रदेश सरकार ने संस्कार शिविर के लिए प्रेरणादायक संदेश भेजा है। आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत द्वारा युवा पीढ़ी में भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपरा एवं राष्ट्र सेवा की भावना के संवर्धन हेतु संचालित गतिविधियां अत्यंत प्रेरणादायी एवं सराहनीय है। संस्था द्वारा आयोजित आवासीय संस्कार शिवरो के माध्यम से युवाओं को वेद , गीता, सत्यार्थ प्रकाश तथा भारतीय जीवन मूल्यों से जोड़ने का जो सतत प्रयास किया जा रहा है वह सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना के दृष्टिगत महत्वपूर्ण है। भारत की सनातन परंपरा सदैव ज्ञान, आत्मानु शासन, साहस एवं मानव कल्याण की प्रेरणा देती रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हमारी युवा पीढ़ी आधुनिक शिक्षा के साथ- साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत, नैतिक मूल्यों तथा आत्मरक्षा के प्रति भी जागरूक और सक्षम बने। इस दिशा में युवाओं को अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं आत्म



विश्वास से ओतप्रोत करने का कार्य निस्संदेह प्रशंसनीय है। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, संवर्धन एवं युवा सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि संस्था द्वारा संचालित यह अभियान समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करेगा तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को और सुदृढ़ बनाएगा। मैं इस पुनीत प्रयास की सफलता हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा आपके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता हूं। योगी आदित्यनाथ। शुभकामना संदेश के लिए संगठन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर सुरेंद्र पाल आर्य, डॉक्टर मनीष तोमर, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, डॉक्टर तरुण तोमर, डॉ गीतांजलि तोमर, डॉक्टर शस्या तोमर आदि की उपस्थिति रही।

# पुलिस एनकाउंटर नहीं करती, अभिरक्षा में गोली चलाती है' - पंडित आरडी शर्मा

**समाज जागरण बड़ौत।**

नगर के एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता करते हुए राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन के अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने पुलिस की कार्रवाई को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस एनकाउंटर नहीं करती, बल्कि अपनी अभिरक्षा में गोली चलाती है। पंडित आरडी शर्मा ने खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि बकरा ईद के दिन बकरे की जगह सूर्य प्रताप की कुबार्नी देने वाले असद की पुलिस की गोली से मौत पर सरकार पर सवाल उठाना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि 95 फीसदी आरोपी पुलिस के पकड़ने पर शांति से सरेंडर कर देते हैं, लेकिन जघन्य कांड को अंजाम देने वाले असद जैसे लोग गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर भी फायर करते हैं। "यदि



अपनी सुरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई और उससे उसकी मौत हो गई, तो इसमें किसी का क्या कसूर है? क्या पुलिस में भर्ती हमारे जवान इन जेहादियों की गोली से मरने के लिए भर्ती हुए हैं? उनका कोई मान-सम्मान, स्वाभिमान, परिवार नहीं है?" - पंडित आरडी शर्मा ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एनकाउंटर तो मीडिया की भाषा है। पुलिस कभी एनकाउंटर नहीं करती। पुलिस हमेशा पीड़ितों को न्याय दिलाने और देश-प्रदेश में शांति, अमन, भाईचारा बनाने के लिए कार्य करती है। पंडित शर्मा ने कहा कि शांति भंग करने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस कभी किसी अपराधी को मारना नहीं चाहती, वह चाहती है कि उसे जेल भेजा जाए, कानून द्वारा सजा हो और पीड़ित को न्याय मिले। यही योगी सरकार चाहती है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जब अपराधी पुलिस पर ही गोली चलाएगा तो उसे जहन्नुम में जाना ही पड़ेगा।

# एडवोकेट गौरव तोमर के निधन पर सिविल बार एसोसिएशन में शोक सभा, अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण बड़ौत।**

तहसील परिसर में मंगलवार को सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर के संचालन में हुई सभा में सभी अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ सदस्य चौधरी रामहेर सिंह एडवोकेट के पुत्र एडवोकेट गौरव तोमर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति की कामना की। शोक सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष धर्मवीर सिंह तोमर एडवोकेट ने कहा कि एडवोकेट गौरव तोमर के आस्मिक निधन से बार एसोसिएशन को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने कहा, "हम उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। भगवान दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।" इस अवसर पर उपाध्यक्ष हरवीर सिंह, कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, सहसचिव मनोज दांगी, पुस्तकालय मंत्री विनीत देशवाल, वरिष्ठ सदस्य विकास तोमर, संजीव कुमार, विनोद कुमार, कनिष्ठ सदस्य रोहित कुमार, गुलशन कुमार, विनोद कुमार मान सहित तहसील परिसर के सभी अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी अधिवक्ताओं ने गौरव तोमर के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# बी पैक्स निरोजपुर गुर्जर सहकारी समिति की चेतावनी: समय पर भुगतान नहीं किया तो लगेगा 7% वार्षिक ब्याज

## एमडी विवेक राणा बोले- समय पर अदायगी करने वाले सदस्यों को मिलेगा रियायती ब्याज का लाभ

**समाज जागरण बागपत।**

बी पैक्स निरोजपुर गुर्जर सहकारी समिति सिसाना गांव स्थित ने अपने सभी सदस्यों को बकाया राशि समय पर जमा करने के निर्देश जारी किए हैं। समिति ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय पर भुगतान करने पर ब्याज में छूट दी जाएगी, जबकि देरी करने पर 7% वार्षिक ब्याज वसूला जाएगा। समिति के एमडी विवेक राणा ने बताया कि कई सदस्य अपनी देय राशि जमा करने में लगातार देरी कर रहे हैं। इसी को देखते हुए प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि जो सदस्य तय तिथि तक अपनी किस्त या बकाया राशि जमा करेंगे, उनसे रियायती दर पर ब्याज लिया जाएगा। वहीं, निर्धारित



समय के बाद भुगतान करने पर सदस्यों को 7% वार्षिक की दर से ब्याज चुकाना होगा। एमडी ने सभी सदस्यों से अपील की कि वे अतिरिक्त ब्याज और असुविधा से बचने के लिए अपनी बकाया राशि जल्द से जल्द समिति कार्यालय में जमा करा दें। इस मौके पर समिति के डायरेक्टर एवं संचालक रणजीत सिंह, सुशील कुमार, प्रताप, सुनील दीक्षित, रविन्द्र और सुशील, अफ जाल उपस्थित रहे।

# डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन (डी आई बी डी) और उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग - डीपीआईआईटी ने देश के निवेश इकोसिस्टम में बहुभाषी पहुंच को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

डिजिटल इंडिया कॉपोर्रेशन, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन (डी आई बी डी) और उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने "भाषिणी सेवा/संचालन - एक भाषिणी सहायक कार्यक्रम" के अंतर्गत देश के उद्योग और आंतरिक व्यापार इकोसिस्टम में भाषिणी प्लेटफॉर्म, भारत के राष्ट्रीय भाषा डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से बहुभाषी डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग से सभी 22 भाषाओं में बहुभाषी पहुँच, बहुभाषी शासन और बहुभाषी सेवा वितरण को बढ़ावा देने का उद्देश्य है। इन्हें देश के संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है और यह डीपीआईआईटी के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लागू होगा। इससे उद्यमियों, स्टार्टअप, निवेशकों, व्यवसायों और लोगों के लिए अपनी पसंदीदा भाषाओं में जानकारी और सेवाओं तक पहुँच अधिक समावेशी बन



सकेगी। सहयोग के अंतर्गत डीपीआईआईटी और भाषिणी टीम डीपीआईआईटी प्लेटफार्मों पर बहुभाषी पहुँच सक्षम करने के लिए भाषिणी उद्यात, मित्र, ऐपमित्र और प्रवक्ता जैसी पहलों के माध्यम से काम करेंगे। साथ ही अनुवाद एपीआई एकीकरण, डोमेन-विशिष्ट भाषा मॉडल का विकास, बहुभाषी शब्दकोश निर्माण, वॉइस-एनेबल तकनीकें और भाषाई डेटा सेट भी शामिल होंगे। यह पहल सरकार की जानकारी, स्टार्टअप और औद्योगिक सेवाओं, नीति संचार और लोगों की सहभागिता तक पहुँच में भाषा बाधाओं को कम करके अधिक समावेशी निवेश इकोसिस्टम के विकास का समर्थन करेगी। यह सहयोग निवेश संवर्धन, औद्योगिक विकास, नवाचार और उद्यमिता से संबंधित डोमेन के लिए तैयार बहुभाषी एआई मॉडलों और भाषा प्रौद्योगिकियों को मजबूत करने पर भी केंद्रित होगा। इससे देश के विविध भाषाई परिदृश्य में सहज वॉइस-फर्स्ट बहुभाषीय अनुभव संभव हो सके। चचाओं में देश के स्टार्टअप, विनिर्माण और नवाचार इकोसिस्टम में अवसरों तक पहुँच बढ़ाने में बहुभाषी प्रौद्योगिकियों के बढ़ते महत्व पर बल दिया गया। ताकि भाषा आर्थिक विकास में भागीदारी के लिए बाधा न बने। यह समझौता भाषा डेटा योगदान, जागरूकता पहल, क्षमता निर्माण प्रयास और डीपीआईआईटी से जुड़े संस्थानों और हितधारकों के बीच बहुभाषी एआई उपकरणों के व्यापक अपनाने को और प्रोत्साहित करेगा। सहयोग के हिस्से के रूप में डीपीआईआईटी और डी आई बी डी मिलकर उन विशिष्ट पहलों का पता लगा सकते हैं और उनका समर्थन कर सकते हैं, जो बहुभाषी डिजिटल अवसंरचना को मजबूत करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, और निवेशइकोसिस्टम में सेवाओं तक पहुंच का विस्तार करने के लक्ष्य से जुड़ी हों। यह साझेदारी भाषिणी की भूमिका को और मजबूत करती है। यह देश की जनसंख्या स्तर की भाषा अवसंरचना के रूप में समावेशी, सुलभ और एआई -संचालित डिजिटल शासन के लिए कार्य करती है, साथ ही देश के आर्थिक विकास, उद्यमिता और निवेश संवर्द्धन में व्यापक भागीदारी के दृष्टिकोण का समर्थन करती है।

**डिजिटल इंडिया भाषिणी विभाग (डी आई बी डी) के बारे में:**

डिजिटल इंडिया भाषिणी डिविजन, डिजिटल इंडिया कॉपोर्रेशन, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत देश की राष्ट्रीय पहल है। यह एआई-संचालित बहुभाषी डिजिटल समावेशन और भाषा प्रौद्योगिकी के लिए है। नेशनल हब फॉर लैंग्वेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से, भाषिणी शासन, सार्वजनिक प्लेटफॉर्म और संस्थाओं के लिए भारतीय भाषाओं में स्केलेबल स्पीच और टेक्स्ट-आधारित एआई सेवाओं को सक्षम बनाता है। यह प्लेटफॉर्म 800 से अधिक सरकारी वेबसाइट्स को संचालित करता है। प्रतिदिन डेढ़ करोड़ से अधिक इनफरेंस प्रोसेस करता है और 36 भारतीय टेक्स्ट भाषाओं, 23 भारतीय वॉयस भाषाओं,

और 35 अंतरराष्ट्रीय भाषाओं का समर्थन करता है। डी आई बी डी ओपन-सोर्स नवोन्मेष, बहुभाषी एआई अनुसंधान, डेटा सेट निर्माण, स्टार्टअप सशक्तिकरण,
और शैक्षणिक सहयोग को भी बढ़ावा देता है। इससे देश के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना इकोसिस्टम को मजबूत किया जाता है।

# भारत 4-5 जून, 2026 को वाराणसी में ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक की मेजबानी करेगा

## तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्र: रचनात्मक अर्थव्यवस्था एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विरासत संरक्षण, संस्कृति एवं सतत विकास

संस्कृति मंत्रालय के सचिव श्री विवेक अग्रवाल ने आज घोषणा की कि ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) की दूसरी बैठक 4-5 जून 2026 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित की जाएगी। यह घोषणा नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, अतिरिक्त सचिव श्रीमती अमिता प्रसाद साराभाई, संयुक्त सचिव डॉ. अरविंद कुमार और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। आगामी 4-5 जून 2026 को होने वाली यह दो-दिवसीय बैठक भारत के ब्रिक्स 2026 के विषय ह्लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता के लिए निर्माणह्व के अनुरूप सांस्कृतिक सहयोग पर व्यवस्थित




बहुपक्षीय संवाद को बढ़ावा देगी।

**चर्चा हेतु प्राथमिकता वाले क्षेत्र**

2026 ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की चचाएं तीन प्रमुख विषयगत प्राथमिकताओं के इर्द-गिर्द आधारित होंगीः 1. रचनात्मक अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक उद्योग, कॉपीराइट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता 2. सांस्कृतिक विरासत संरक्षण और सांस्कृतिक संपदा की वापसी 3. संस्कृति, जलवायु और सतत विकास ये प्राथमिकताएं नवाचार, सांस्कृतिक क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने, सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित करने, विरासत संरक्षण और बहाली सहयोग को आगे बढ़ाने और 2030 के बाद के वैश्विक सतत विकास एजेंडा के साथ जुड़ने की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं। ब्रिक्स सांस्कृतिक सहयोग में भारत की भूमिका भारत ने ब्रिक्स के भीतर सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। संस्कृति मंत्रालय ने भारत की अध्यक्षता के तहत 2016 में गोवा और 2021 में नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों की बैठकों की मेजबानी की और 2026 की अपनी अध्यक्षता के दौरान रणनीतिक नेतृत्व प्रदान करना जारी रखेगा। ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह, जिसे 2015 में ब्रिक्स सदस्य देशों की सरकारों के बीच संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग पर हस्ताक्षरित समझौते से अपना अधिकार हासिल होता है, ने वर्षों से सांस्कृतिक विरासत, रचनात्मक उद्योगों, फिल्मों, संग्रहालयों, अभिलेखागारों और डिजिटल सांस्कृतिक इकोसिस्टम में सहयोग का विस्तार किया है।

**ब्रिक्स के बारे में**

ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हैं और 2025 में 10 भागीदार देश इसमें शामिल हुए। यह समूह राजनीतिक एवं सुरक्षा, आर्थिक एवं वित्तीय, और सांस्कृतिक एवं जन-संबंधी क्षेत्रों में बहुपक्षीय सहयोग के एक मंच का प्रतिनिधित्व करता है

# नाथ नगरी बरेली में गूंजा व्यापारी स्वर! युवा प्रशिक्षण शिविर में जुटे देश-प्रदेश के दिग्गज

## चेयरमैन सुनील सिंघी से लेकर रुद्र सिटी तक का मार्गदर्शन, बागपत की टीम ने संभाली मौजूदगी

**समाज जागरण बरेली।**

नाथ नगरी बरेली रविवार को व्यापारी शक्ति का केंद्र बन गई। यहां आयोजित भव्य प्रादेशिक युवा प्रशिक्षण शिविर और व्यापारी समागम में देश-प्रदेश के शीर्ष नेताओं का जमावड़ा लगा। मंच से निकले हर शब्द ने युवाओं को संगठन और व्यापार के नए मंत्र दिए। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के चेयरमैन श्री सुनील सिंघी जी पधारे। उनके साथ उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री मुकुंद मिश्रा जी, प्रांतीय महामंत्री व बोर्ड सदस्य श्री राजेन्द्र गुप्ता जी, बोर्ड सदस्य एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी श्री सुनील पाण्डेय जी और युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेंद्र सोनी जी ने युवाओं को दिशा दी। मंच पर बरेली कैंट विधायक माननीय संजीव अग्रवाल जी, युवा प्रदेश महामंत्री संत मिश्रा




जी, योगेन्द्र सिंह जी, राजू छाबड़ा जी, स्वदेशी जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार जी, रुद्र सिटी बरेली मानुष पारिक कक्कर और वरिष्ठ व्यापारी नेता श्री घनश्याम खंडेलवाल जी भी मौजूद रहे। पूरे उत्तर प्रदेश के हर जिले से पदाधिकारी और व्यापारी इस समागम में पहुंचे। बागपत जनपद से जिला अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में युवा जिला अध्यक्ष संजय कुमार गर्ग, युवा जिला महामंत्री श्याम सुंदर करके, जिला उपाध्यक्ष अमित बंसल, युवा जिला कोषाध्यक्ष रोहित राहुल गुप्ता, छपरौली जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, नगर अध्यक्ष युवा अग्रवाल मंडी डॉ. मयंक गोयल समेत जिले की पूरी टीम ने शिरकत की। आयोजन समिति ने बेहतरीन इंतजाम के लिए बरेली के समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी। समागम में आए सभी प्रतिनिधियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। व्यापारी नेताओं ने एक स्वर में कहा - संगठित युवा ही सशक्त व्यापार और मजबूत राष्ट्र की नींव है।

# श्री शिव गुरुकुल में हुआ यज्ञ-हवन, आचार्य संदीप दत्त गौतम ने की गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग

## गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग; संस्थापक बोले- गोवंश हत्या करने वालों पर लगे गैंगस्टर, हो आजीवन कारावास

**समाज जागरण बड़ौत।**

नगर के छपरौली रोड स्थित श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र पर मंगलवार को विद्यार्थियों ने आचार्य पंडित श्याम वशिष्ठ के नेतृत्व में यज्ञ-हवन किया। हवन के उपरांत केंद्र के संस्थापक आचार्य संदीप दत्त गौतम ने प्रेस वार्ता कर केंद्र और प्रदेश सरकार से गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। यज्ञ में सभी विद्यार्थियों ने आहुतियां देकर विधिवत हवन-पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्थापक आचार्य संदीप दत्त गौतम ने कहा कि भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि गाय को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देकर राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। आचार्य गौतम ने कहा कि हिंदू धर्म में गौ माता की





पूजा-अर्चना की जाती है और वह करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि गाय के शरीर में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस विषय पर ध्यान देते हुए गोवंश की हत्या पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाना चाहिए। साथ ही गोवंश की हत्या करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट लगाकर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया जाए। हवन-पूजन के बाद मीडिया से बात करते हुए आचार्य संदीप दत्त गौतम ने दोहराया कि गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देकर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

# जनजातीय कार्य मंत्रालय की प्रमुख छात्रवृत्ति योजनाओं के लाभार्थियों के एक समूह ने भारत की राष्ट्रपति से मुलाकात की

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जनजाति युवाओं से कहाः शिक्षा और प्रौद्योगिकी की शक्ति से आगे बढ़ें, अपनी विरासत पर गर्व करें और एक सशक्त, समृद्ध, और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें जनजातीय कार्य मंत्रालय की प्रमुख छात्रवृत्ति योजनाओं के लाभार्थियों के एक समूह ने आज, 2 जून, 2026 को राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। लाभार्थी युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस आवश्यकता है सही मार्गदर्शन, सहयोग और एक उचित मंच उपलब्ध कराने की। लाभार्थियों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि यदि अवसर मिले तो हमारे गांवों, दूरदराज के क्षेत्रों और जनजातीय अंचलों से ऐसे युवा निकलकर आएंगे, जो भारत का नाम उज्ज्वल करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से, जनजातीय समुदायों से आने वाले युवाओं को सशक्त बनाने और उनका उत्थान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। छात्रवृत्ति योजनाएं केवल वित्तीय सहायता के साधन मात्र नहीं हैं। वे युवाओं के सपनों को पंख देने का काम करती हैं। छात्रवृत्तियां उन युवाओं के जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोलती हैं, जिनके पास असीम प्रतिभा तो है, लेकिन



संसाधनों का अभाव उन्हें आगे बढ़ने से रोकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण साधन है। शिक्षा ही वह शक्ति है जो किसी व्यक्ति को आत्मनिर्भर, जागरूक और सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि उनकी अपनी जीवन-यात्रा में भी शिक्षा ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि युवाओं की शिक्षा और अनुभव उन बच्चों के लिए प्रेरणा बननी चाहिए जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। जब वे दूसरों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे, तभी राष्ट्र का समावेशी विकास एक वास्तविकता बन पाएगा।
राष्ट्रपति ने कहा कि युवा हमारे राष्ट्र की शक्ति, आशा और उज्ज्वल भविष्य के प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं, विशेष रूप से जनजातीय समुदायों से आने वाले युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी जड़ों और अपने लोगों को न भूलें। उन्होंने कहा कि जब युवा अपनी विरासत पर गर्व करते हुए, शिक्षा और प्रौद्योगिकी की शक्ति के बल पर आगे बढ़ेंगे, तो वे एक सुदृढ़, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे। हम वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे जिस भी क्षेत्र को चुनें, उनमें वे समाज और राष्ट्र के विकास के लिए सक्रिय योगदान दे सकते हैं।

# राष्ट्रीय प्राणी उद्यान मिशन लाइफ और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित कर रहा है

राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (एनजेडपी), नई दिल्ली, ने आज स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का उद्घाटन किया, जो 01.06.2016 से 15.06. 2026 तक पंद्रह दिनों का स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता अभियान है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन और मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) के विजन के अनुरूप स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सतत जीवनशैली और संरक्षण पहलों में सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभागियों को सामूहिक स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ हुई, इसके बाद एक उन्मुखीकरण सत्र आयोजित किया गया जिसमें पंद्रह दिन के दौरान निर्धारित उद्देश्यों और गतिविधियों का परिचय दिया गया। पर्यावरणीय प्रदूषण के बारे में छात्रों की चिंताओं और समाधानों को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने के लिए राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्यों में प्रदूषण संरक्षित क्षेत्र विषय पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। पेंटिंग और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं में 23 स्कूलों के कुल 44 छात्रों ने भाग लिया। आगामी पंद्रह दिनों में, स्कूली छात्रों, चिड़ियाघर आगंतुकों, कर्मचारियों और हितधारकों को शामिल करते हुए शिक्षा, जागरूकता और भागीदारी गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इन गतिविधियों में शामिल हैंः स्वच्छता और सफाई विषय पर नुक्कड़ नाटक। कीड़ों के पारि स्थितिक महत्व को उजागर करने के लिए तितलियों, पतंगे और जुगनुओं पर विशेषज्ञ जागरूकता कार्यक्रम। प्राणी उद्यान परिसर में जॉगिंग के साथ कचरा संग्रह गतिविधियाँ, जिसमें घूमने के साथ कचरा एकत्र करना शामिल है। वन्यजीव और पक्षियों पर केंद्रित मिट्टी की मॉडलिंग प्रतियोगिताएँ।

मिशन लाइफ शैक्षिक वीडियो का प्रदर्शन। वन्यजीव संरक्षण और निवास-स्थल की सफाई पर जोर देते हुए मार्गदर्शित चिड़ियाघर भ्रमण। स्वच्छ भारत और स्वच्छ चिड़ियाघर विषयों पर निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएँ। आगंतुकों के लिए विशेष गतिविधियाँ जिनमें डूडल अभियान और पर्यावरण जागरूकता संवाद शामिल हैं।

# ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा, अधूरे आवास पूर्ण कराने के निर्देश

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ( ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वर्ष 2024 के सर्वेक्षण में चयनित लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने तथा जून माह के अंत तक सभी अधूरे आवास पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही कन्वर्जन विभागों को अपनी योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने को कहा। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान उन्होंने पूर्व वर्षों के लंबित आवासों को जल्द पूरा कराने, वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायतों का गहन सर्वेक्षण कराने तथा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का पुनः परीक्षण कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह गठन, बैंक सखी, विद्युत सखी एवं टीएचआर गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विकास खंड शामली को फार्म मशीनरी बैंक योजना के तहत ट्रैक्टर उपलब्ध कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने तथा विकास भवन और कलेक्ट्रेट आने वाले फरियादियों की सुविधा के लिए समूहों के माध्यम से ई-रिक्शा संचालन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए विशेष शिविर आयोजित कराने को कहा गया। बैठक में डीसी एन आरएलएम प्रेमचंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचे व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**झिंझाना।(फुरकान जंग)**



थाना पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम केरटू निवासी सुहैल पुत्र सालिम को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना झिंझाना में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेबल अंकित तथा कांस्टेबल शिवम कुमार शामिल रहे।

# साइबर अपराधों से बचाव को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**



साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शामली पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में जनपद भर में लगातार साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में मंगलवार को थाना आदर्शमंडी पुलिस टीम ने क्षेत्र में चौपाल लगाकर लोगों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने लोगों को ओटीपी, पासवर्ड, बैंक खाते और एटीएम संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी।कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने और ऑनलाइन गतिविधियों में सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने तथा cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से स्वयं जागरूक रहने और दूसरों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की।

# बच्चे को बाइक की टक्कर के बाद मां-बेटे से मारपीट, कई हिरासत में

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के कैराना रोड पर एक मैरिज होम के बाहर बारात के दौरान हुए विवाद में बाइक सवार मां-बेटे के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार गांव दुगड्डा निवासी रिहाना अपने बेटे इंतजार के साथ बाइक से कस्बे की ओर आ रही थीं। इसी दौरान कैराना रोड स्थित एक मैरिज होम में बारात आई हुई थी। बताया जाता है कि उसी समय एक बच्चा सड़क पार करने लगा, जिसे आगे चल रहे एक अन्य बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाला बाइक चालक मौके से फरार हो गया।आरोप है कि इसके बाद वहां मौजूद कुछ लोगों ने गलतफहमी में रिहाना और उनके बेटे इंतजार के साथ मारपीट कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू करते हुए कई लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सात दिवसीय गायत्री महायज्ञ का समापन, पूणार्हुति के बाद हुआ विशाल भंडारा

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में रिटायर्ड शिक्षक वेदपाल सिंह के आवास पर पिछले सात दिनों से चल रहा गायत्री का 50वां महायज्ञ मंगलवार को पूणार्हुति एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ में क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया।रिटायर्ड शिक्षक वेदपाल सिंह ने बताया कि अपने सद्गुरुदेव परमहंस सर्वश्री चरणानंद सरस्वती जी की कृपा एवं महर्षि महेश योगी की परंपरा से प्रेरित होकर वह पिछले 50 वर्षों से निरंतर यज्ञ का आयोजन करते आ रहे हैं। 26 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ हुआ था। इसके बाद प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया गया। एक जून की रात महामाई के जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।महायज्ञ की पूणार्हुति के अवसर पर श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर विश्व कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर वेदपाल सिंह ने भभीसा गांव को भभीसा धाम के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में महर्षि नगर से आए एल.एस. सोम, गिरीश अग्निहोत्री, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष संजीव वर्मा, भाजपा जिलामंत्री विवेक प्रेमी, सुरेंद्र शर्मा, राजीव चौधरी, अक्षय कुमार उर्फ मोंटी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दुकान के गल्ले से एक लाख किए चोरी

**समाज जागरण**

कैराना। दुकान के गल्ले से एक लाख रुपये की नकदी चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। गांव झाड़खेड़ी निवासी सुधीर कुमार उर्फ मिंटू ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि नगर में तितरवाड़ा चुंगी के निकट उसकी बैटरी इन्वर्टर की दुकान है। 26 मई को दोपहर करीब तीन बजे से शाम चार बजे तक वह किसी कार्य से चला गया था। वापस लौटा, तो पता चला कि गल्ले के अंदर रखी एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तीन मेधावी छात्रों ने किया जेईई एडवांस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज के तीन मेधावी छात्रों ने जेईई एडवांस 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। छात्रों की सफलता पर कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंगलवाल को कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने सफल छात्रों को फूलमाला पहनाकर, मेडल देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा और कठिन परिश्रम के समन्वय से ही सफलता के नए आयाम स्थापित होते हैं। विद्यालय के छात्र मोहम्मद सायान ने जेईई एडवांस 2026 में ऑल इंडिया रैंक 5210 तथा शोभित ऐरन ने 13402वीं रैंक प्राप्त की है। दोनों छात्र अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में प्रवेश पाने के पात्र बने हैं। वहीं छात्र सुमित कुमार ने इसी परीक्षा के आधार पर आईआईटी मद्रास के बीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। सफल छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिवार के सहयोग के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि पंकज पाल, लोकेन्द्र, अश्विनी, अंजली जैन, साकेत निर्वाल और अनुज पाल सहित अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें सफलता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोहम्मद सायान और शोभित ऐरन सामान्य परिवारों से संबंध रखते हैं तथा भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं।

# चिनाई ठेकेदार के साथ की मारपीट

**समाज जागरण**

कैराना। रुपये देने का तकादा करने पर चिनाई ठेकेदार के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मोहल्ला आलदरम्यान इकबालपुरा निवासी नौशाद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह चिनाई ठेकेदार है। करीब छह माह पूर्व उसने मोहल्ले के ही गुलफाम को चिनाई का कार्य करने के लिए 30500 रुपये एडवांस दिए थे। आरोपी ने न तो कार्य किया और न ही रुपये वापस किए। 30 मई की शाम करीब छह बजे वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी गुलफाम आया, तो उसने अपने रुपये का तकादा किया। आरोप है कि गुलफाम ने उसके साथ गाली–गलौज करते हुए अपने साथी बाबू व राशिद को भी बुला लिया। तीनों आरोपियों ने लाठी–डंडों से मारपीट की तथा उस पर नुकीले पंच और लोहे की चैन से हमला किया, जिससे वह घायल हो गया। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत चयनित गुड को मिला जीआई टैग

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

जनपद शामली के लिए गर्व की बात है कि एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत चयनित गुड़ को अब भौगोलिक संकेतक जीआई टैग मिल गया है। इससे शामली का गुड़ राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकेगा। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जीआई टैग किसी उत्पाद की गुणवत्ता, विशिष्टता और उसके भौगोलिक क्षेत्र से जुड़े होने की आधिकारिक पहचान है। इसके माध्यम से संबंधित क्षेत्र को उस उत्पाद के उत्पादन और पहचान का विशेष अधिकार प्राप्त होता है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से उत्तर प्रदेश के 77 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है। अब शामली का गुड़ भी इस सूची में शामिल होकर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और कृषि विरासत का हिस्सा बन गया है।जीआई टैग मिलने से शामली के गुड़ की मांग और बाजार मूल्य में वृद्धि होने की संभावना है। इससे स्थानीय किसानों, गुड़ उत्पादकों और व्यापारियों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा तथा उत्पाद की ब्रांड वैल्यू मजबूत होगी।उपायुक्त उद्योग ने जनपद के सभी गुड़ उत्पादकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने उत्पादों की वैक्यूम पैकेजिंग एवं जीआई टैग के उपयोग हेतु जल्द से जल्द पंजीकरण कराएं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यदिवसों में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, औद्योगिक आस्थान खेड़ी करमू, शामली में संपर्क किया जा सकता है।

# लिलौन गांव में हिंदी सीरियल कौन प्यार करेगा की शूटिंग शुरू

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) जनपद के गांव लिलौन में हिंदी टीवी सीरियल कौन प्यार करेगा की शूटिंग शुरू हो गई है। सीरियल के लिए तैयार किए गए भव्य सेट का शुभारंभ अधिवक्ता कमलवीर सिंह ने मुहूर्त शॉट देकर किया। इस अवसर पर कलाकारों और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में कमलवीर सिंह ने कहा कि शामली जिले में हिंदी सीरियल का स्थायी सेट बनना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे न केवल लोगों में फिल्म और मनोरंजन जगत के प्रति रुचि बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से नोएडा में फिल्म सिटी विकसित की जा रही है, जिसका लाभ प्रदेश के अन्य क्षेत्रों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक समय मुंबई की पहचान फिल्म सिटी से जुड़ी रहती थी और वहां आने वाले लोग फिल्म एवं सीरियल सेट देखने जरूर जाते थे। अब प्रदेश में भी मनोरंजन उद्योग का विस्तार हो रहा है। सीरियल के निमार्ता-निर्देशक दल के अनुसार देहाती फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता मुनव्वर मंसूरी के प्रयासों से कला निकेतन कंपनी द्वारा गांव लिलौन में यह सेट तैयार किया गया है। सेट को बनाने में लगभग छह माह का समय लगा है। सेट तैयार होने के बाद अब सीरियल की शूटिंग भी शुरू कर दी गई है। सीरियल में मुनव्वर मंसूरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उनके साथ लीड अभिनेत्री निमिषा सिंह के अलावा शीतल चौहान, कहकशा सिद्दीकी, संयोगिता त्यागी, सोनू गुप्ता, ज्योति सिंह, विकास मलिक, राजीव प्रभाकर ठाकरान सहित कई कलाकार अभिनय कर रहे हैं।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। (फुरकान जंग)हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिसर में प्रसिद्ध कवि प्रदीप मायूस के संयोजन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर सहित विभिन्न जनपदों से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य चंचल शर्मा एवं वरिष्ठ समाजसेवी यशपाल पंवार ने किया। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी साहित्य भारती शाखा, शामली के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर फारूक बिजनौरी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए पद्मश्री बशीर बद्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने गजलें प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम के आयोजक एवं संचालक प्रदीप मायूस ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं का पाठ किया। वरिष्ठ कवि पवन कुमार पवन ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता प्रस्तुत की, जबकि नवोदित रचनाकार श्रीकांत शर्मा ने संघर्ष और संकल्प का संदेश दिया। कवि बृजेश चितेरा ने श्रृंगार रस, युवा रचनाकार शिवम सम्राट ने सामाजिक विषयों तथा अजीत आर्य ने अपनी गजलों के माध्यम से श्रोताओं का मनोरंजन किया। शायर अकबर खान ने सम्मान और स्वाभिमान पर आधारित शेर सुनाए, वहीं हास्य कवि सुनील अरोरा टम्मी ने अपनी व्यंग्यात्मक रचनाओं से श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया। प्रमोद कुमार और वसीम झिंझानवी ने भी काव्यपाठ कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। समारोह के दौरान पत्रकारों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मनोज मित्तल, कृष कुमार, आंशिक आर्य, राजीव मित्तल, राकेश गोयल सहित अनेक साहित्यप्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान से व्हाट्सएप कॉल पर मिली धमकी, सनातन न्याय यात्रा को बम से उड़ाने की चेतावनी

**समाज जागरण कांधला।**



श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट, मथुरा के अध्यक्ष एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के मुख्य पक्षकार आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज को पाकिस्तान के मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप कॉल कर जान से मारने और प्रस्तावित सनातन न्याय यात्रा को बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज के अनुसार,विगत एक जून की रात करीब 10:23 बजे पाकिस्तान के मोबाइल नंबर से लगातार तीन व्हाट्सएप कॉल आईं। कॉल करने वाले ने यात्रा को बम से उड़ाने की धमकी दी तथा भारत विरोधी टिप्पणियां कीं। साथ ही श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में उनकी सक्रियता को लेकर भी आपत्तिजनक बातें कहीं।महाराज ने कहा कि वह किसी भी धमकी से डरने वाले नहीं हैं और सनातन न्याय यात्रा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा से पहले विभिन्न मठों और ज्योतिलिंगों में जाकर आशीर्वाद लिया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि कॉल की रिकॉर्डिंग, स्क्रीनशॉट और अन्य साक्ष्य सुरक्षित कर लिए गए हैं। मामले की सूचना यूपी-112, व थाना कांधला पुलिस और पुलिस अधीक्षक शामली को दे दी गई है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार तथा सुरक्षा एजेंसियों से मामले की उच्चस्तरीय जांच और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। मामले में पुलिस व खुफिया विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

**धमकियों से नहीं डरेगा संकल्प**

आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि धमकियां उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकतीं। सनातन न्याय यात्रा धर्म और संस्कृति की रक्षा के उद्देश्य से निकाली जा रही है और यह हर हाल में संपन्न होगी।

# शहर से लेकर देहात क्षेत्रों तक बढ़ा आवारा कुत्तों का आतंक

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

शहर से लेकर देहात क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का लगातार आतंक बढता जा रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों के बाद अब बच्चों को खूखांर कुत्ते अपना शिकार बना रहे है। मंगलवार को एक दर्जन से अधिक बच्चों को कुत्ता काटे के इंजेक्शन लगाये गए, जिसमें तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल मिले। घायलों बच्चों को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

कैराना क्षेत्र के गांव पावटी कला निवासी 4 वर्षीय सक्षम पुत्र वीरसेन अपने घर के बाहर बैठा खेल रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान कुत्तों के एक झुंड ने बालक पर हमला बोल दिया और चेहरे पर बुरी तरह से नोंच दिया। बालक की चीख पुकार सुनकर परिजन बाहर आये और लाठी डंडों से कुत्तों को भगाया गया। कुत्तों के हमले से बालक गंभीर रूप से घायल हुआ। वही दूसरी घटना कैराना क्षेत्र के गांव बीबीपुर हटिया की है। यहां 8 वर्षीय बालिका सबिया पुत्री शरीफ घर से बाहर सामान लेने गई थी। इसी दौरान गली के एक आवारा कुत्ते ने साबिया पर हमला बोल दिया और बुरी तरह से घायल कर दी। आसपास मौजूद लोगों ने बालिका की जान बचाई। वही तीसरी घटना शामली क्षेत्र के गांव खेडीकरमू की है। यहां

7 वर्षीय अभिमन्यु पुत्र सोनू अपने मकान की पेडियों पर बैठा था। इसी दौरान पडौसी के पालतु कुत्ते ने बालक पर हमला बोल दिया, जिससे बालक घायल हो गया। सभी घायल बच्चों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके रैबीन के इंजेशन लगाने के पश्चात प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके अलावा जिला अस्पताल में करीब एक दर्जन लोगों को कुत्ता काटे के इंजेशन लगे है।

# ओडिशा के राज्यपाल ने युवा संगम के छठे चरण के तहत गुजरात के छात्र प्रतिनिधिमंडल से परस्पर बातचीत की



गुजरात के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने ओडिशा के सांस्कृतिक, शैक्षिक और विकासात्मक परिदृश्य का अवलोकन किया ओडिशा के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कम्भमपति ने 27 मई 2026 को युवा संगम के छठे चरण में भाग लेने वाले गुजरात के छात्र प्रतिनिधिमंडल के साथ परस्पर बातचीत की। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) अहमदाबाद के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधिमंडल ने 22 मई 2026 को ओडिशा में अपने शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान दौरे का आरंभ किया। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) राउरकेला द्वारा आयोजित इस प्रतिनिधिमंडल का 25 मई 2026 को गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह राज्य भर में गहन शिक्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है। इस संवाद के दौरान राज्यपाल ने राष्ट्र निर्माण, निर्माण, सांस्कृतिक समझ और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने में युवाओं की भूमिका रेखांकित की। इस सत्र ने प्रतिभागियों को नेतृत्व, नागरिक उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से एकता को बढ़ावा देने के महत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। अपनी यात्रा के दौरान, छात्र प्रतिनिधिमंडल ने ओडिशा के समृद्ध सांस्कृतिक, शैक्षिक और विकासात्मक परिदृश्य का अवलोकन किया। प्रतिभागियों ने कोणार्क सूर्य मंदिर और माँ समलेश्वरी मंदिर जैसे प्रतिष्ठित स्थलों का दौरा किया और राज्य की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्थानीय कारीगरों के साथ परस्पर बातचीत के माध्यम से ओडिशा की जीवंत वस्त्र परंपराओं का भी अनुभव किया और सांस्कृतिक आदान -प्रदान एवं पारंपरिक प्रदर्शनों के माध्यम से मुंडा जनजातीय समुदाय के साथ जुड़ाव स्थापित किया। छात्र प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान द्वारा आयोजित एक सत्र में भाग लिया, जिसमें भारत की भाषाई विविधता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला की एफबीटीबीआई प्रयोगशाला, राउरकेला इस्पात संयंत्र, हीराकुड बांध और बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम का भी दौरा किया। इससे उन्हें ओडिशा के नवाचार इकोसिस्टम, औद्योगिक विकास, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और खेल अव संरचना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। सतत विकास पर केंद्रित गतिविधियों के अंतर्गत, छात्र प्रतिनिधिमंडल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भाग लिया, जिसमें उन्होंने पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण तथा जैविक खेती के तरीकों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया।

# गौकशी का विरोध करने पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक से मारपीट का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में गौकशी का विरोध करने पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक मैं मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी बदरू जमा ने बताया कि विगत एक जून की रात करीब 12:30 बजे वह गांव में एक परिवार को सांत्वना देने के बाद घर लौट रहे थे। आरोप है कि धार्मिक स्थल के निकट कुछ लोग संदिग्ध गतिविधि करते दिखाई दिए। पास जाकर देखने पर उन्हें गाय काटने की तैयारी होती नजर आई। विरोध करने पर वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी।आरोप है कि आरोपियों ने वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचने लगे, जिसके बाद वह किसी तरह मौके से निकलकर घर पहुंचे। पीड़ित ने गांव के ही कई लोगों को नामजद किया है। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद उनका परिवार भयभीत है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

# राजेश जिंदल जैतो भारतीय व्यापार मंडल पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष व गगनदीप सिंगला जिला अध्यक्ष नियुक्त

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

नई दिल्ली,2 जून :राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत सरकार) बोर्ड के सदस्य व भारतीय व्यापार मंडल( रजि) पंजाब के प्रदेश प्रधान राजीव अनेजा ने जैतो के उद्योगपति राजेश जिंदल को भारतीय व्यापार मंडल पंजाब का उप प्रधान नियुक्त किया है। जबकि गगनदीप सिंगला गीजीवाला को जिला फरीदकोट इकाई का प्रधान नियुक्त किया है। गगनदीप सिंगला को भारतीय व्यापार मंडल जिला फरीदकोट



के पदाधिकारी व कार्यकारिणी बनाने का अधिकार भी दिया गया है। राजेश जिंदल व गगनदीप सिंगला की नियुक्ति पर विभिन्न राजनीतिक दलों, पार्षदों,धार्मिक, सामाजिक, शिक्षाण प्रतिनिधियों के अलावा पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पवन गोयल, पंजाब के पूर्व चीफ पार्लियामेंट सचिव मनतार सिंह बराड़, पंजाब मार्कफैड के पूर्व डायरैक्टर गुरतेज सिंह ढिल्लों, मारवाड़ी सभा के अध्यक्ष व आढ़ती राज कुमार गर्ग राजू भाई,नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप सिंगला, राकेश रोमाना, कुलभूषण जट्टा माहेश्वरी , भूषण रोमाना, भूषण भांजा,पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश चीफ मीडिया एडवाइजर रघुनंदन पराशर, मन्नू गोयल, विक्की सिंगला भट्ठे वाले,धीरज लोहे वाला,प्रवीण बांसल, रमेश मोंगा,श्री श्याम सेवा मंडल के प्रधान टीनू शर्मा भारद्वाज,भारत विकास परिषद के पूर्व प्रधान उमाशंकर शर्मा एडवोकेट, सुरेंद्र माहेश्वरी, पूर्व पार्षद जीतू बांसल,आदि ने भारतीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजीव अनेजा द्वारा इन नियुक्तियों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सही फैसला लिया है।इन व्यापारियों का क्षेत्र में हर वर्ग में अपना निजी असर रसुख है जिससे व्यापार मंडल और मजबूत होगा। नैशनल ट्रेडर्स वैलफेयर बोर्ड के सदस्य व भारतीय व्यापार मंडल पंजाब के अध्यक्ष राजीव अनेजा राजेश जिंदल व गगनदीप सिंगला का मंडल में शामिल होने का स्वागत करते हुए। उनके साथ व्यापारी रिषी पोदार व भूषण भांजा व अन्य।

# मई में टिकट चैकिंग के दौरान 43,068 बिना टिकट यात्रियों से 3.10 करोड़ जूमार्ना वसूला

**पंजाब फिरोजपुर रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

फिरोजपुर (पंजाब),2 जून : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल द्वारा मंगलवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि मंडल के टिकट चैकिंग दल द्वारा ट्रेनों में अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे रेलयात्रियों की प्रवृति पर रोक लगाने हेतु ट्रेनों में सतत टिकट चेकिंग किया जा रहा है। मंडल के टिकट चैकिंग स्टाफ एवं मुख्य टिकट निरीक्षकों द्वारा मई, 2026 के दौरान ट्रेनों में टिकट चैकिंग के दौरान कुल 43,068 यात्री बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते हुए पाए गए एवं उनसे जुमार्ने के तौर पर लगभग 03.10 करोड़ रुपए का राजस्व वसूल किया गया। मंडल के रेलवे



स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने तथा आम जनता को स्टेशनों पर गंदगी फैलाने से रोकने एवं उनको साफ-सफाई के प्रति जागरूक बनाने के लिए मंडल के मुख्य स्टेशनों पर नियमित जाँच की जाती है। इसके फलस्वरूप, मई माह में 361 यात्रियों को स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के कारण (एंटी लिटरिंग एक्ट) उनसे 55 हजार रुपए से अधिक वसूल किये गए। मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल में टिकट चैकिंग अभियान जारी रहेंगे। टिकट चैकिंग का मुख्य उद्देश्य वैध यात्रियों को सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करना है। टिकट चैकिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि अनधिकृत अथवा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण वैध यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल का टिकट चैकिंग स्टाफ यात्री का टिकट चैक करते हुए।

# श्री बालाजी धाम डोभ पर विशाल सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन

## श्रद्धालु देर तक भक्ति रस में सराबोर होकर प्रभु भक्ति में लीन रहे

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 2 जून। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम डोभ में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच विशाल सुंदरकांड पाठ, भजन संकीर्तन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। श्री बालाजी धाम डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर सुन्दरकांड महिला मंडल, आर्य नगर, रोहतक द्वारा श्रीमती रेनू मित्तल जी



की अगुवाई में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के जयकारों के साथ भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया। पाठ के उपरांत महिला मंडल द्वारा भव्य भजन संकीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिसमें एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों का गायन कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। श्रद्धालु देर तक भक्ति रस में सराबोर होकर प्रभु भक्ति में लीन रहे।

कार्यक्रम के पश्चात महिला मंडल द्वारा सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर बाबा मुलाचंद मंदिर, आर्य नगर के महंत श्री मदन गोपाल जी विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा उन्होंने धर्म, सेवा एवं सत्संग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्यगण, श्री बालाजी धाम के सेवकगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अंत में श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने महिला मंडल, आर्य नगर की समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी भाईचारे एवं सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आगामी धार्मिक आयोजनों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# समाज सेवी चरणदास चन्नी ने कि पूजा-अर्चना

**समाज जागरण कालांवाली 02जून (सुरेश जोरासिया)**

श्री दुर्गा मंदिर के प्रांगण मे श्रीमद् भागवत कथा का भक्तिमय प्रवाह चला रहा हैं। इसकी उपलब्ध में समाजसेवी चरन दास चन्नी ने पूजा अर्चना कि' पुरोहित के द्वारा मंत्र उच्चारण किया गया। धार्मिक कथा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक चरणदास चन्नी ने कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ उन्होंने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। कथा वाचक द्वारा धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक



सुना। चरणदास चन्नी ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज

में आध्यात्मिक चेतना और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी से धर्म और संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया। उनके धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना की। कथा एवं पूजन कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बस में महिला का पर्स चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की कार्रवाई, 31 हजार रुपये बरामद; कई वारदातें कबूलीं

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल । डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू ने बस में महिला के बैग से नकदी और आभूषण चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया, जिसके दौरान 31 हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निर्देशानुसार बसों में यात्रियों के सामान चोरी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी



अभियान के तहत डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार गांव पातवान निवासी एक महिला ने थाना बहल में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 जनवरी 2026 को वह बस में यात्रा कर रही थी। जब वह बस अड्डा ओबरा पहुंची और अपना बैग चेक किया तो उसका पर्स गायब मिला। पर्स में सोने-चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। शिकायत के आधार पर थाना बहल में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मुख्य सिपाही प्रमोद कुमार के नेतृत्व में गठित डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तार आरोपी**

- नरेश पुत्र जगदीश निवासी बड़सी
- संदीप पुत्र मदन लाल निवासी गगनखेड़ी - नरेंद्र पुत्र अजय सिंह निवासी थुराना (हांसी)

पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर 31 हजार रुपये बरामद किए गए।

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे भीड़भाड़ वाली बसों में यात्रियों को निशाना बनाते थे। मौका मिलते ही बैग और पर्स से नकदी व कीमती सामान चोरी कर लेते थे।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने थाना तोशाम क्षेत्र में बसों में चोरी की तीन अन्य वारदातों में भी संलिप्तता स्वीकार की है। वहीं आरोपी नरेंद्र और नरेश के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपियों को पुनः न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया।

# ढाणा जोगी में सूने मकान से नकदी और आभूषण चोरी

## एक लाख रुपये, सोने-चांदी के जेवर और मोबाइल फोन लेकर फरार हुए चोर

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

लोहारू। लोहारू क्षेत्र के गांव ढाणा जोगी में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर थाना लोहारू पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाणा जोगी निवासी विनोद पुत्र दलीप सिंह ने बताया कि वह निजी नौकरी करता है। घर से सूचना मिलने पर जब वह वापस अपने घर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने बताया कि घर में रखे संदूक और अलमारी के ताले टूटे हुए हैं। पीड़ित ने बताया कि जांच करने पर अलमारी और संदूक में रखे करीब एक लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण तथा एक मोबाइल फोन गायब मिले। चोरी हुए सामान में दो सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी सोने के कानों के आभूषण, एक ताबीज, एक चांदी का कड़ा तथा मोबाइल फोन शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कंट्रोल रूम भिवानी से सूचना मिलने पर थाना लोहारू की टीम गांव ढाणा जोगी पहुंची। शिकायतकर्ता द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करने की कार्रवाई की। थाना लोहारू पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा नंबर 86 दिनांक 2 जून 2026 को धारा 331(4) एवं 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर चोरी हुए सामान की बरामदगी का प्रयास किया जाएगा।

# सिघानी के पास सड़क हादसे में युवक घायल, अज्ञात बाइक चालक पर मामला दर्ज

## गलत दिशा से आकर टक्कर मारने का आरोप, उपचार के दौरान पुलिस ने दर्ज किए बयान

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।**

लोहारू। लोहारू क्षेत्र के गांव सिघानी के निकट हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक के बयान के आधार पर थाना लोहारू पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खोरड़ा निवासी 26 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र रामचंद्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह 29 मई 2026 को अपने मित्र संदीप की मोटरसाइकिल पर किसी कार्य से गांव सिघानी जा रहा था।

जब वह सिघानी के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल के चालक ने कथित रूप से लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाते हुए गलत दिशा में आकर उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में राजेश कुमार के बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उसका बड़ा भाई राजबीर एंबुलेंस की सहायता से उसे उपचार के लिए हिसार स्थित जिंदल अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी मोटरसाइकिल सहित मौके से फरार हो गया। घायल के उपचाराधीन होने के कारण प्रारंभ में उसके बयान दर्ज नहीं किए जा सके। चिकित्सकों से अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने जिंदल अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किए। मेडिकल रिपोर्ट में घायल के शरीर पर तीन चोटों का उल्लेख किया गया है। घायल के बयान एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना लोहारू में मुकदमा धारा 125-ए एवं 281 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस फरार मोटरसाइकिल चालक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच भी जारी है।

# दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति ने भारत की राष्ट्रपति से मुलाकात की

दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के उप राष्ट्रपति, महामहिम श्री शिपोकोसा पॉलस माशातिले ने आज, 2 जून, 2026 को राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

भारत की अपनी पहली यात्रा पर आए उपराष्ट्रपति माशातिले का स्वागत करते हुए, राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका एक-दूसरे के साथ विशेष मित्रता रखते हैं और यह मित्रता ऐतिहासिक होने के साथ-साथ समसामयिक भी है।

हमारी बहुआयामी साझेदारी साझा मूल्यों और आपसी सम्मान पर आधारित है। दक्षिण अफ्रीका वह पहला देश था जिसके साथ भारत ने वर्ष 1997 में रणनीतिक साझेदारी कायम की थी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका सदैव 'ग्लोबल साउथ' की मुखर आवाज रहे हैं। हम उपनिवेशवाद-विरोधी संघर्ष साझा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र, गुटनिरपेक्ष आंदोलन, और G20 जैसे बहुपक्षीय मंचों पर अपने घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से, हम न केवल



अपने लोगों के लिए, बल्कि वृहत्तर पैमाने पर 'ग्लोबल साउथ' के लिए भी शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लगभग 15.5 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। उन्होंने कहा कि व्यापार की संभावनाएं कहीं अधिक व्यापक हैं, और हमें अपने व्यापारिक संबंधों को और ऊंचे स्तर पर ले जाने का प्रयास करना चाहिए। हमें एक ऐसा अनुकूल नीतिगत परिवेश सुलभ कराना जारी रखना चाहिए, जो दोनों देशों की कंपनियों को एक-दूसरे के बाजारों में अपने निवेश और कारोबारी गतिविधियों का विस्तार करने में सक्षम बनाए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत, अफ्रीका के साथ अपनी साझेदारी के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, और भारत इंडिया-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन की बैठक यथाशीघ्र पुनः बुलाने के लिए अफ्रीकी संघ आयोग के साथ मिलकर काम करेगा। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच घनिष्ठ सहयोग से हमारे लोगों को बहुत अधिक फायदा पहुंच सकता है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा ने एम्स बठिंडा के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत का स्वास्थ्य सेवा का विजन उपचारात्मक मॉडल से विकसित होकर एक व्यापक स्वास्थ्य सेवा संरचना में तब्दील हो गया है: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री विकसित भारत@ 2047 के विजन को साकार करने में स्वस्थ भारत मूलभूत है: श्री जेपी नड्डा एआई और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाएं, लेकिन मरीजों की देखभाल के मूल में करुणा, सहानुभूति और मानवीय संवेदना को बनाए रखें: श्री नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स बठिंडा में कैंसर देखभाल को बेहतर बनाने के लिए अत्याधुनिक पीईटी-सीटी और दूसरी एचईएलए सुविधा का उद्घाटन किया केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा ने आज एम्स बठिंडा के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया और उत्तीर्ण छात्रों को उनके पेशेवर जीवन की शुरूआत के लिए बधाई दी। उन्होंने उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को मजबूत करने में संस्थान के बढ़ते योगदान की सराहना की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री जेपी नड्डा ने विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्रा के सफल समापन पर बधाई दी और द्वितीय दीक्षांत समारोह को विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, संकाय सदस्यों और संपूर्ण एम्स बठिंडा परिवार के लिए गर्व और उत्सव का क्षण बताया। उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा वितरण में संस्थान के तीव्र विकास और योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एम्स बठिंडा आज प्रतिदिन लगभग 3,000 ओपीडी और लगभग 600 आईपीडी रोगियों को सेवाएं प्रदान करता है, साथ ही एम्स ब्रांड से जुड़े उच्च मानकों और विश्वसनीयता को भी बनाए रखता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स बठिंडा की सामुदायिक सेवा पहलों की भी सराहना की, जिनमें आसपास के 59 गांवों में महीने में दो बार आयुष्मान शिविरों का आयोजन शामिल है, जहां नागरिकों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी गैर-संक्रामक बीमारियों की जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन सेवाओं, मोबाइल मेडिकल यूनिटों, ग्रामीण जागरूकता अभियानों और स्वास्थ्य सेवा संबंधी लोकसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थान अस्पताल

आधारित देखभाल से परे जन स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए स्वास्थ्य सुधारों के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, श्री नड्डा ने कहा कि भारत का स्वास्थ्य सेवा का विजन मुख्य रूप से उपचारात्मक मॉडल से विकसित होकर एक व्यापक ढांचे में तब्दील हो गया है, जिसमें निवारक, प्रोत्साहक, पुनर्वास, उपशामक और वृद्धावस्था देखभाल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आज देश भर में 18 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्राथमिक संपर्क बिंदु के रूप में कार्य कर रहे हैं। सरकार द्वारा निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर दिए जा रहे विशेष ध्यान पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि पंचायतों, आशा कार्यकताओं और स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को नियमित जांच कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन पहलों के तहत हासिल की गई प्रगति को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि 36 करोड़ से अधिक लोगों की मुख कैंसर की जांच की जा चुकी है, 17 करोड़ से अधिक महिलाओं की स्तन कैंसर की जांच और 9 करोड़ से अधिक महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, 42 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच की जा चुकी है, जबकि देशव्यापी तपेदिक जांच अभियान भी चल रहा है।

श्री नड्डा ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए एम्स बठिंडा में एनएबीएल से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की सराहना की। उन्होंने संस्थान से चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी केंद्र बनने का आग्रह किया। राष्ट्र निर्माण में स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना केवल स्वस्थ और उत्पादक आबादी के माध्यम से ही साकार हो सकता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकारें बुनियादी ढांचा और आधुनिक सुविधाएं प्रदान कर सकती हैं, लेकिन स्वास्थ्य सेवा अंततः डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों के समर्पण, योग्यता और करुणा पर निर्भर करती है। डॉक्टरों को स्वास्थ्य प्रणाली की असली ताकत बताते हुए उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा स्वास्थ्य सेवा का "हार्डवेयर" हो सकता है, लेकिन स्वास्थ्य पेशेवर इसका "सॉफ्टवेयर" हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के विस्तार में पंजाब सरकार की प्राथमिकता बना हुआ है और उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डाला। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने पिछले एक दशक में भारत की चिकित्सा शिक्षा प्रणाली के अभूतपूर्व विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एम्स संस्थानों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है, मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 820 से अधिक हो गई है, स्नातक चिकित्सा सीटों की संख्या लगभग 59,000 से बढ़कर 1.28 लाख से अधिक हो गई है और स्नातकोत्तर सीटों की संख्या लगभग 31,000 से बढ़कर 86,000 से अधिक हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार अगले पांच वर्षों में स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा सीटों में 75,000 की वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें से लगभग 23,000 सीटें पिछले दो वर्षों में पहले ही स्थापित की जा चुकी हैं।

श्री नड्डा ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, जिनमें 2014 में पोलियो मुक्त घोषित होना और 2015 में मातृ एवं नवजात टेटनस का उन्मूलन शामिल है। उन्होंने कहा कि ट्रेकोमा अब देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंता का विषय नहीं है और काला-अजार, कुष्ठ रोग और लसीका संबंधी फाइलेरियासिस के उन्मूलन की दिशा में पर्याप्त प्रगति हुई है। अपने संबोधन के समापन में, उन्होंने स्नातक छात्रों से एम्स के मूल्यों और विरासत को बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि भारत के इस प्रमुख चिकित्सा संस्थान के दूत के रूप में, उन्हें व्यावसायिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सटीक चिकित्सा और टेलीमेडिसिन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि करुणा, सहानुभूति और मानवीय संवेदना मरीजों की देखभाल के मूल में बने रहें। इस अवसर पर एम्स बठिंडा की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) नीरजा भाटला ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया और संस्थान को उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार ने स्वास्थ्य सेवा को अधिक समावेशी, सुलभ और किफायती बनाने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए हैं, और देश भर में एम्स नेटवर्क का विस्तार सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति श्री शिपोकोसा पॉलस माशातिले ने उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की; द्विपक्षीय संबंध प्रगाढ़ बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की

भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति श्री शिपोकोसा पॉलस माशातिले ने आज उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधा कृष्णन से मुलाकात की। उप राष्ट्रपति भवन में हुई मुलाकात में उनके साथ दक्षिण अफ्रीका सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनि धिमंडल भी था।

दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने तथा दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंध प्रगाढ़ बनाने पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने विकासशील देशों की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और ब्रिक्स, जी20, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के त्रिपक्षीय संगठन - आईबीएसए और हिंद महासागर के तटों से लगे देशों के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और अंतर-सरकारी संगठन - इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन जैसे बहुपक्षीय मंचों में सहयोग बढ़ाने पर भी बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के पूर्ण क्षमता उपयोग पर चर्चा की और व्यवसायों और निवेशक अनुकूल वातावरण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस संदर्भ में उपराष्ट्रपति ने प्रस्तावित भारत-दक्षिण अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ प्राथमिकता व्यापार समझौते का उल्लेख किया। उन्होंने इस पर वार्ता शीघ्र प्रारंभ होने और सफल परिणाम की आशा व्यक्त की। दोनों पक्षों ने बढ़ते रक्षा सहयोग का स्वागत किया और भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के नौसैनिक अभ्यास के आगामी आयोजनों सहित विस्तारित सहयोग की आशा व्यक्त की।

# काशीवासियों को अब बिना लाइन के होंगे बाबा कालभैरव के दर्शन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। काशी के कोतवाल माने जाने वाले बाबा कालभैरव के दर्शन के लिए काशीवासी के श्रद्धालुओं को अब घंटों कतार में खड़ा नहीं रहना पड़ेगा। मंदिर प्रशासन ने काशीवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत स्थानीय निवासी निर्धारित समय में बिना लंबी प्रतीक्षा के बाबा के दर्शन कर सकेंगे।

मंदिर प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह नई व्यवस्था आगामी सावन माह से लागू की जाएगी। इसके अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6 बजे तक का समय विशेष रूप से वाराणसी के स्थानीय निवासियों के लिए आरक्षित रहेगा। इस दौरान काशीवासी अपना आधार कार्ड दिखाकर सीधे मंदिर परिसर में प्रवेश कर बाबा कालभैरव के दर्शन एवं पूजन कर सकेंगे।मंदिर प्रशासन का कहना है कि सावन और अन्य विशेष अवसरों पर बाबा कालभैरव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे स्थानीय लोगों को भी दर्शन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। नई व्यवस्था का उद्देश्य काशीवासियों को भीड़भाड़ और लंबी कतारों से राहत प्रदान करना तथा उन्हें सुगमता से दर्शन का अवसर उपलब्ध कराना है।इस निर्णय का स्थानीय श्रद्धालुओं ने स्वागत किया है। उनका मानना है कि इससे नियमित रूप से दर्शन करने वाले काशीवासियों को काफी सुविधा मिलेगी और मंदिर में दर्शन व्यवस्था भी अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी।

# हरहुआ ब्लाक के उदयपुर में टीबी स्क्रीनिंग शिविर में104 लोगों की हुई जांच

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी ।टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हरहुआ ब्लाक के उदयपुर स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित निःशुल्क टीबी स्क्रीनिंग शिविर में कुल 104 लोगों की जांच की गई।शिविर में 84 महिलाओं व 20 पुरुषों की जांच हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता एवं किसान मोर्चा के जिला मंत्री प्रिंस चौबे ने स्वयं टीबी जांच कराकर किया।उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार टीबी मुक्त भारत अभियान गाँव गण चलाकर जागरूकता और स्क्रीनिंग टेस्ट करा रही है। लोग इस जांच का लाभ उठाएं।

शिविर की मॉनिटरिंग कर रहे पीएचसी प्रभारी डॉ0सन्तोष कुमार ने कहा कि निःसंकोच पीएचसी आकर समय से जांच कराएं और स्वस्थ रहें। शिविर का संचालन एएनएम मिलन एवं सीएचओ शैफाली की देखरेख में किया गया, जबकि एक्स-रे टेकनीशियन दीपक ने जांच कार्य में सहयोग किया।

# पंचायत सहायकों ने बहिष्कार की चेतावनी दी, 15 जून को लखनऊ में धरना प्रदर्शन का ऐलान

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया विकास खण्ड के पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया है। पंचायत सहायक अध्यक्ष विनीत कुमार पाण्डेय द्वारा मंगलवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव , हलिया को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 15 जून 2026 से सभी पंचायत सहायक कार्य बहिष्कार करेंगे।

01 जून से प्रदेश के समस्त पंचायत सहायकों ने मोबाइल एप्लिकेशन से संबंधित कार्यों और ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार किया था।यदि आगामी दो माह में पंचायत सहायकों का मानदेय वृद्धि, सेवा नियमावली का निर्माण, मोबाइल फोन और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तो 15 जून 2026 से सभी पंचायत सहायक गोमती तट, लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेंगे।पत्र में कहा गया है कि इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। पत्र पर विनीत कुमार पाण्डेय के अलावा अन्य पंचायत सहायक मौजूद हैं।

पंचायत सहायक ने प्रशासन से अपील की है कि उनकी जायज मांगों पर जल्द निर्णय लेकर समस्या का समाधान किया जाए।

# तीन घंटे तक केबिन में फंसा रहा ट्रक चालक, पुलिस ने सुरक्षित निकलवाया बाहर, भेजा अस्पताल

## ट्रक का ब्रेक फेल होने से हुआ ड्रमंडगंज घाटी में हादसा

**समाज जागरण**



मीरजापुर /ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के जालिम मोड़ के पास मंगलवार दोपहर कोल्डड्रिंक लादकर नीचे उतरते समय ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक बगल से चल रहे कंटेनर में टकराते हुए आगे दुर्घटनाग्रस्त होकर पहले से ही खड़े दाल लदे ट्रक में पीछे से जा टकराया। तीनों वाहन आपस में टकराकर एक दूसरे से जाकर फंस गए। कोल्डड्रिंक लदे ट्रक का चालक 47 वर्षीय राजकुमार यादव निवासी डुमरडील बरही जिला हजारीबाग झारखंड केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कटर मशीन से ट्रक के केबिन को कटवाकर चालक को सुरक्षित बाहर निकलवाया।घायल चालक को पुलिस ने एनएचएआई के एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। जहां देवहट गांव स्थित निजी अस्पताल में घायल चालक का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है। हादसे के बाद एक लेन से वाहनों का आवागमन ठप है। मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले लेन से वाहनों का आवागमन हो रहा है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि ट्रक के केबिन में फंसे चालक को कटरमशीन की मदद से तीन घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकलवाया गया।घायल चालक को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। चालक की हालत सामान्य है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को घाटी से हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, गर्भवती महिला समेत कई घायल

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी मजरा हरीखेड़ा गांव में पुरानी रंजिश ने मंगलवार को हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में गर्भवती महिला समेत कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों ओर से मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहले पक्ष के जितेंद्र कुमार पुत्र रामनरेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के रहने वाले राम सिंह, राम निवास, पिंटू, शुभम, सुधीर, रोहित, मोहित, राम प्रताप, रामजीत, बाबूलाल और इंद्रपाल समेत कई लोग लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से लैस होकर उनके घर पर आ धमके। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनके चाचा रामविलास के सिर पर वार कर दिया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर हमलावर मौके से भाग निकले।वहीं दूसरे पक्ष के रामसिंह पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे वह गांव की दुकान पर सामान लेने गए थे। इसी दौरान जितेंद्र, अजय पाल, यशपाल, रामविलास और अशोक कुमार ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि उन्हें जबरन घर के अंदर खींचकर भी पीटा गया।रामसिंह के अनुसार शोर सुनकर बचाने पहुंचे उनके भाई तथा गर्भवती पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। गर्भवती महिला के पेट में चोट लगने से उसकी तबीयत बिगड़ गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्यों को भी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

घटना के बाद दोनों पक्षों की तहरीरों के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ ही मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।गांव में हुई इस घटना के बाद कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, हालांकि पुलिस का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

# नव नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संभाला कार्यभार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




वाराणसी। उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में नव नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वाराणसी डॉ. मुकेश कुमार ने मंगलवार को अपने पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जनपद में संचालित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि जनपदवासियों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, नियमित टीकाकरण, संचारी रोग नियंत्रण तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया जाएगा।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जाएगा।

कार्यभार ग्रहण के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया तथा जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास किए जाएंगे, जिससे जनपद के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किया जागरूक

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया क्षेत्र के कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर में मंगलवार मिशन शक्ति टीम के प्रभारी रमाशंकर सिंह व कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया ।

पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर ( आईजीआरएस) - 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है

# मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की हुई मौत

**समाज जागरण**



मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में मंगलवार की शाम मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है पुलिस दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी 28 वर्षीय मोनू कोल बाइक से अपने रिश्तेदार कवलझर गांव निवासी 30 वर्षीय सुनील के साथ बाइक से पिपरा बाजार की तरफ से लौट रहा थे की बाइक जैसे ही मुड़पेली गांव में पहुंची की सामने से आ रहे मैजिक वाहन से आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंचे एसआई कृष्ण कुमार सिंह व पीआरवी 112 पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुए दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसा इतना भीषण था की बाइक मैजिक वाहन में जाकर फंस गई इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मैजिक वाहन व बाइक की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की मौत होने की सूचना मिली है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दिया गया है

# मोहनलालगंज: पांचवें बड़े मंगल पर तहसील परिसर के बगल में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**





मोहनलालगंज तहसील परिसर के बगल में पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर सनी यादव एडवोकेट के संयोजन में विशाल भंडारे का आयोजन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ।इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

बड़े मंगल के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को सब्जी -पूड़ी, चावल, बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। किया।आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए जैसे कि बार एसोसिएशन के महामंत्री राम लखन यादव,सुजीत रावत, सहित कई अधिवक्ता प्रसाद ग्रहण करने पहुँचे आसपास के गांवों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। पूरे दिन गांव में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल बना रहा आयोजक सनी यादव एडवोकेट बताया कि बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन हर वर्ष सामाजिक समरसता और हनुमान जी की भक्ति के किया जाता है। स्थानीय लोगों ने आयोजन की खूब सराहना की।

# मोहनलालगंज: पांचवें बड़े मंगल पर गौरा गांव में हुआ विशाल भंडारा, हजारों ने पाया प्रसाद

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



नगर पंचायत मोहनलालगंज के गौरा गांव में पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर मनीष कश्यप के संयोजन में विशाल भंडारे का आयोजन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। भंडारे से पूर्व सुंदरकांड पाठ और हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा बड़े मंगल के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को छोला-पूड़ी, चावल, बूंदी और शीतल शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख के बड़े पुत्र करन शुक्ला और विशिष्ट अतिथि सभासद शुभम सिंह ने अपने हाथों से किया।आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। आसपास के गांवों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। पूरे दिन गांव में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजक मनीष कश्यप ने बताया कि बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन हर वर्ष सामाजिक समरसता और हनुमान जी की भक्ति के किया जाता है। स्थानीय लोगों ने आयोजन की खूब सराहना की।

# नवागत सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरहुआ ने कार्यभार ग्रहण किया

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी हरहुआ ब्लाक में नवागत सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरहुआ कमलेश कुमार सिंह ने आज मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व इसी पद पर चिरईगांव ब्लाक में कार्यरत रहे।

हरहुआ ब्लाक के पूर्व सहायक विकास अधिकारी रवि सिंह व ब्लाक के सफाई कर्मचारी संघ के मण्डल /ब्लाक अध्यक्ष ओंकार नाथ ,ब्लाक कोषाध्यक्ष सिकन्दर आजाद ,अजय कुमार ,रविशेखर ,नरेंद्र कुमार ,शम्भूनाथ ,संजय कुमार ,दीपचंद व भगवानदास ने बुके भेंटकर शिष्टाचार स्वागत व मुलाकात किया।

बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ,एडीओ एसटी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने प्रथम आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि मैं काशी का वासी हूँ भले ही मेरा जनपद अलग है, और कई ब्लाकों में कार्यरत रहकर कार्य करने का अवसर मिला।आप सभी का स्नेह ,प्यार ,सहयोग मिलता रहा तो शासन के कार्यो को विकास के धरातल पर लाने का कार्य मिलकर करते रहेंगे।

# बड़ागांव ब्लॉक के प्रभारी एडीओ पंचायत बने हिमांशु चौबे

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी ।जिले के बड़ागांव और पिंडरा विकास खंडों में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पदों पर फेरबदल किया गया है। पंचायत विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह बदलाव किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा द्वारा 2 जून 2026 को जारी कार्यालय आदेश के अनुसार यह परिवर्तन मुख्य विकास अधिकारी के अनुमोदन के बाद लागू किया गया है।

जारी आदेश के मुताबिक बड़ागांव विकास खंड में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुनील कुमार सिंह को अब पिंडरा विकास खंड में एडीओ पंचायत के पद पर तैनात किया गया है। वहीं बड़ागांव ब्लॉक में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारी हिमांशु चौबे को बड़ागांव विकास खंड का प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) नियुक्त किया गया है।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि हिमांशु चौबे को यह जिम्मेदारी अस्थायी रूप से सौंपी गई है। इस अतिरिक्त दायित्व के लिए उन्हें कोई अतिरिक्त वेतन देय नहीं होगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# अनियंत्रित होकर बाइक गड्ढे में गिरी युवक गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के बस्तरा गांव में किशन 28 साल पुत्र मुन्नी लाल निवासी छितपुर लवनिया मिजार्पुर किसी काम से हलिया गया था और लौटते समय सुबह करीब 10 बजे लालापुर बस्तरा के पास पंहुचा था तभी फोन पर बात करते समय बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरि जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर 108 के इएमटी संतोष भारतीय पायलट दिलीप यादव के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल किशन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर गए जहाँ पर डाक्टर की टीम नें हालत की गंभीरता को देखते हुए मिजार्पुर के लिए रिफर कर दिया युवक हेलमेट नहीं पहना था

# बड़े मंगलवार पर बाला जी मंदिर में शरबत वितरण, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पाया शीतल प्रसाद--

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज। ज्येष्ठ माह के पाँचवें बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर मोहनलालगंज स्थित श्री कालेवीर बाबा मंदिर परिसर के श्री बाला जी मंदिर



में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। इस मौके पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मंदिर परिसर में शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हेरम्ब दीक्षित, अमित दीक्षित, विकास यादव, अंकित पाण्डेय, कौशल पाण्डेय, छोटू पाण्डेय, बिनोद यादव एवं अमितेश शर्मा सहित अन्य सहयोगियों ने श्रद्धापूर्वक शरबत वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया। भीषण गर्मी में दर्शन के लिए पहुंचे भक्तों को शीतल शरबत पिलाकर राहत दी गई।

सुबह से ही मंदिर में बजरंगबली के दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि व मंगल की कामना की। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप शरबत ग्रहण किया और आयोजकों की मुक्त कंठ से सराहना की।

आयोजकों ने कहा कि बड़े मंगलवार पर सेवा और भक्ति का विशेष महत्व है। इसी भावना से यह आयोजन किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

# योगी सरकार में गांवों को मिली नई पहचान, प्रदेश की 57,694 पंचायतों में स्थापित हुए ग्राम सचिवालय

**- पिछले पांच वर्षो में 24,311 पंचायत भवनों का निर्माण, ग्रामीण प्रशासन हुआ और मजबूत**

**- राज्य स्तरीय कॉल सेन्टर और आनलाइन अटेण्डेन्स सिस्टम किया गया लागू**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 2 जून। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में ग्रामीण विकास और सुशासन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। प्रदेश की 57,694 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालयों की स्थापना कर ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं उनके गांव में ही उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पिछले पांच वर्षों में 24,311 पंचायत भवनों का निर्माण कर पंचायतों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। ग्राम सचिवालयों की स्थापना से ग्रामीणों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाओं की जानकारी, मनरेगा संबंधी सेवाएं, जन्म-मृत्यु पंजीकरण समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब बार-बार तहसील और ब्लॉक मुख्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है।

पिछले 5 वर्षों में 24,311 पंचायत भवनों का निर्माण किया गया है। ग्राम सचिवालयों में फर्नीचर, कम्प्यूटर, इंटरनेट, पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर की तैनाती की गई है। कुल 1875 रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट और कन्सल्टिंग इंजीनियर(सिविल) का इम्पैनलमेंट किया गया है।

**राज्य स्तरीय कॉल सेन्टर एवं आनलाइन अटेण्डेन्स सिस्टम किया गया लागू**

विभाग द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायतों को भेजी जाने वाली समस्त धनराशि का भुगतान ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर से किये जाने के लिए जिओ फेन्स्ड एंड क्यू आर कोड तकनीक लागू किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से धनराशि के व्यय में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित किया गया है। एआई मॉडल का प्रयोग कर व्यय का अनुश्रवण किया जा रहा है। समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं संचार हेतु राज्य स्तरीय कॉल सेन्टर एवं आनलाइन अटेण्डेन्स सिस्टम लागू किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन के नए केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

# ग्राम बर्रट में सामुदायिक भवन विवाद गहराया

## ना ग्राम बर्रट में ना मंदिर के पास केवल सरपंच के घर से 300 मीटर की दूरी पर बनाया जा रहा है सामुदायिक भवन

### ग्रामीणों का आरोप: शिकायतों, विरोध और खबरों के बाद भी नहीं चेता प्रशासन, सरपंच की मनमानी से बढ़ा आक्रोश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/पटेरा। जनपद पंचायत पटेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बर्रट के लिए स्वीकृत सामुदायिक भवन को दूसरे ग्राम में स्थानांतरित किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर दमोह को आवेदन सौंपकर सरपंच, संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर मनमानी, नियमों की अनदेखी तथा ग्रामीणों की भावनाओं की उपेक्षा करने के आरोप लगाए हैं।




ग्रामीणों के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम बर्रट के लिए सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया था, लेकिन बाद में भवन निर्माण का कार्य ग्राम नीमखेड़ा में प्रारंभ कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम बर्रट में पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध होने के बावजूद गलत जानकारी के आधार पर भवन का स्थान परिवर्तन कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले को लेकर पहले भी कई बार आवेदन दिए गए, जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई गई तथा समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

कलेक्टर के समक्ष मंदिर परिसर के पास भवन निर्माण की रखी गई थी मांग ग्रामीणों का दावा है कि जब कलेक्टर दमोह ग्राम बर्रट पहुंचे थे, तब गांव के लोगों ने हनुमान मंदिर के समीप सामुदायिक भवन अथवा किसी सार्वजनिक भवन के निर्माण की मांग रखी थी। ग्रामीणों के अनुसार भवन स्वीकृत होने के बाद सरपंच मुरारी प्यासी ने भी बताया था कि सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर क्षेत्र के लिए स्वीकृत हुआ है तथा उस समय सभी की सहमति भी थी।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब पहले से सहमति बनी हुई थी तो फिर निर्माण स्थल में परिवर्तन क्यों किया गया। उनका कहना है कि यदि भवन ग्राम बर्रट के लिए स्वीकृत हुआ है तो उसका निर्माण ग्राम बर्रट में ही होना चाहिए अथवा उस स्थान पर होना चाहिए जहां पूर्व में सहमति बनी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच अपनी मनमानी करते हुए ग्रामवासियों की भावनाओं और आवश्यकताओं की अनदेखी कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्राम बर्रट नदी किनारे बसा हुआ गांव है और यहां सामुदायिक भवन की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए गांव के नाम से स्वीकृत भवन का लाभ भी गांव को ही मिलना चाहिए।

पटवारी अरविंद पटेल ने भी उठाए सवाल, बोले - बर्रट में पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध

मामले को लेकर जब ग्राम बर्रट के पटवारी अरविंद पटेल से चर्चा की गई और उनसे पूछा गया कि क्या ग्राम बर्रट में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं है, तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्राम बर्रट में पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध है। पटवारी अरविंद पटेल ने बताया, "ग्राम बर्रट में पर्याप्त सरकारी जमीन है। इस संबंध में पंचायत विभाग द्वारा न तो मुझसे किसी प्रकार की चर्चा की गई है और न ही मेरे कार्यालय में कोई पत्र या प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। यदि मेरे कार्यालय में कोई पत्र दिया गया होता तो मुझे इसकी जानकारी अवश्य होती।" पटवारी के इस बयान के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। एक ओर ग्रामीण लगातार आरोप लगा रहे हैं कि शासकीय भूमि उपलब्ध होने के बावजूद सामुदायिक भवन को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया गया, वहीं दूसरी ओर पटवारी का कहना है कि उन्हें पंचायत की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। इससे भूमि चयन और प्रशासनिक प्रक्रिया को लेकर नए सवाल खड़े हो रहे हैं।

**अधिकारियों के रवैये पर भी उठे सवाल**

मामले में जब जनपद पंचायत पटेरा के सीईओ हलधर मिश्रा से पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। वहीं उपयंत्री राहुल पटेल से चर्चा करने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे ग्रामीणों के बीच संदेह और नाराजगी और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरी प्रक्रिया नियमानुसार हुई है तो जिम्मेदार अधिकारी मीडिया और जनता के सवालों का जवाब देने से क्यों बच रहे हैं। शिकायतों, विरोध, जनसुनवाई और लगातार प्रकाशित खबरों के बावजूद कार्रवाई न होना पंचायत व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए तथा यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# एसपी ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की शिकायते, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

## परेशान लोगों ने लगाई गुहार : शराब, चोरी, जमीनी विवाद, दंपति विवाद समेत आए कई मामले

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि द्वारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तीसरी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं तथा न्याय और कार्रवाई की मांग की।



जनसुनवाई के दौरान चोरी, अवैध शराब कारोबार, जमीनी विवाद, पति-पत्नी के आपसी विवाद, मारपीट एवं अन्य कानून-व्यवस्था से जुड़े कई मामलों की सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एच.आर. पांडे, शिकायत शाखा प्रभारी अंजलि अग्निहोत्री, महिला थाना प्रभारी फेमिदा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आने वाले फरियादियों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में बेहतर टेंट, कूलर तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे दूर-दराज से पहुंचे लोगों को गर्मी के बीच किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि की पहल पर आयोजित जनसुनवाई आमजन और पुलिस के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रही है, जहां लोगों की शिकायतों को सुनकर उनके समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# फर्जी प्रतिवेदन से सीएम हेल्पलाइन बंद कराने का आरोप, हिनौता बिजली केंद्र फिर सवालों के घेरे में

## महीनों से ट्रांसफार्मर खराब, बिना बिजली के थमाए जा रहे बिल, ग्रामीणों में आक्रोश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा। हटा ब्लॉक अंतर्गत हिनौता विद्युत केंद्र एक बार फिर गंभीर आरोपों को लेकर चर्चा में है। ग्राम सकोर में कई महीनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है, लेकिन इसके बावजूद उप भोक्ताओं को नियमित रूप से बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या को लेकर कई बार हिनौता एवं हटा के विद्युत अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। हालात यह हैं कि गांव अंधेरे में डूबा हुआ है, जबकि



विभागीय व्यवस्था कागजों में सुचारू दिखाई जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर दर्ज कराई गई सीएम हेल्प लाइन शिकायत को भी वास्तविक समाधान के बिना बंद कर दिया गया। शिकायत के निराकरण प्रतिवेदन में ट्रांसफार्मर स्थापित होना दशार्या गया, जबकि ग्रामीणों का दावा है कि मौके पर आज तक कोई ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया। ऐसे में शिकायत निवारण की प्रक्रिया और विभागीय कार्यप्रणाली दोनों सवालों के घेरे में हैं। ग्रामीणों ने नए बिजली कनेक्शनों में भी अनियमित वसूली के आरोप लगाए हैं। समस्या से परेशान ग्रामीण बिजली कार्यालय पहुंचे और शीघ्र ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लगातार सामने आ रही शिकायतों के बीच हिनौता बिजली केंद्र की कार्यशैली एक बार फिर कटघरे में खड़ी नजर आ रही है।

# अमरकंटक ताप विधुत ग्रह चचाई की यूनिट,जेनको के इतिहास में पहली बार रचा गया महा रिकॉर्ड !साथ ही प्रवंध निदेशक को मिला एक वर्ष का एक्सटेंशन पद सम्हालते ही यूनिट बंद ?

**समाज जागरण**

मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के इतिहास में हर दिन एक नया स्वर्णिम अध्याय रच रहे 210 मेगावाट की ईकाई अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन चचाई की यूनिट ने लगातार 2 अक्टूबर 2024 से लगातार 607 दिनों तक बिना किसी बाधा के निरंतर बिजली उत्पादन करने का एक अभूतपूर्व महा-रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है। कंपनी के इतिहास में आज तक किसी भी जनरेटिंग यूनिट ने इतने लंबे समय तक बिना बंद हुए,उत्पादन नहीं किया है।प्लांट की यह ऐतिहासिक यात्रा 1अक्टूबर 2024 से शुरू हुई थी,जो मंगलवार को दोपहर 12.00 किन्ही तकनीकि कारणो से बन्द हो गई,तो वंही 31मई को सेवा निवृत हो रहे प्रवंध संचालक मनजीत सिंह को पुनः पावर जनरेटिंग कंपनी का प्रबंध संचालक नियुक्त किया गया है, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की कंडिका 58 (ई) के प्रावधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनजीत सिंह को मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया है। इस संबंध में मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने 23 मई 2026 को आदेश जारी कर किया गया था।उल्लेखनीय है कि श्री मनजीत सिंह को ऊर्जा विभाग ने मई 2020 में प्रथम बार प्रबंध संचालक के रूप में नियुक्त किया था। इसके बाद उनको मई 2023 में दूसरी बार प्रबंध संचालक के रूप में नियुक्ति दी गई थीउल्लेखनीय है कि मनजीत सिह के कार्यभार ग्रहण करते ही सयंत्र का बंद होना चर्चा का विषय



है,इस संबध में श्रमिको ने बताया कि प्रवंध निदेशक के द्वारा श्रमिको को आफीसर एंव लेबर दो कटेगरी मे बांट दिया गया है 500 दिन चलने के उपलक्ष्य मे हुए महाभोज पर अधीकारी परिवार सहित महाभोज का लुप्त उठाया था तो वंही जूनियर इंजीनियर से लेकर सयंत्र सहायको को महाभोज के पंडाल मे घुसने नही दिया गया था,जिसमे एक मजदूर संघ के भुक्कड के द्वारा भारत माता की जय बोलकर आपत्ति भी की थी और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी अपने को अपमानित भी माहशूश कर रहे थे,तो वंही सीएचपी 210 मेगावाट मे मठाधीश बन के बैठे अधीक्षण यंत्री के द्वारा ठेकेदारों को खुला संरक्षण देकर श्रमिको का दमन कराया जा रहा है,श्रमिक के द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर पहले अधीक्षण यंत्री फिर मुख्य अभियंता उत्पादन के नाम पर अलग अलग दिनांक को अलग अलग ज्ञापन दिये गये लेकिन अभी तक श्रमिको को कोई राहत नही मिली है, ठेकेदारो को पत्राचार कर अधिकारी खुद को बचा रहे है,मामला संयत्र के सीएचपी 210 मेगावाट का है जंहा आपरेशन का कार्य कर रही ठेका कंपनी में अश्वनी टेक्नोक्रेट कैम्प चचाई एव में बालाजी इंटरप्राइस सारणी कैम्प चचाई के द्वारा श्रम नियमों की धज्जियां उडाई जा रही है,विश्वस्थ सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपरोक्त ठेका कंपनियों के नाम से किसी वरुण नायर नाम के व्यक्ति ने ठेका ले रखा है और दस्तावेजों मे वरूण नायर के नाम के स्थान पर नरेंद्र यादव का नाम डालकर तरह तरह की अनियमित्ताए की जा रही है।उल्लेखनीय है कि वर्तमान अधीक्षण यंत्री सेवायें से पहले जो अधिकारी पदस्थ थे उनके द्वारा वेतन स्लिप,समय से भुगतान,बोनस और अर्जित अवकाश का भुगतान कराया जा रहा था लेकिन अब सभी सुविधाये बंद करबा दी गई है अधिकारियो के ठेके मे भागीदारी की आशंका व्यक्त की जा रही है जो चिंताजनक है।

# जनहित की आवाज उठाई तो लगा दिए रंगदारी के आरोप... ?

## स्थानीय हक , रोजगार और प्रदूषण के मुद्दे उठाने पर कंपनी पर जनप्रतिनिधियों को बदनाम करने की साजिश का आरोप

**समाज जागरण**

शहडोल। जिले के अमलाई स्थित आरके अर्थ कोयला खदान को लेकर विवाद अब गंभीर राजनीतिक और सामाजिक रूप लेता जा रहा है। निजी कंपनी द्वारा नगर परिषद बकहो के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पर लगाए गए रंगदारी और धमकी के आरोपों को जनप्रतिनिधियों ने सिरे से खारिज करते हुए इसे कॉर्पोरेट दबाव की साजिश बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने केवल स्थानीय युवाओं के रोजगार, प्रदूषण, सड़क, पानी और विस्थापित परिवारों के अधिकारों की बात उठाई थी, लेकिन कंपनी ने जनहित की आवाज दबाने के लिए झूठे आरोपों का सहारा लिया। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि 5 लाख रुपये प्रतिमाह मांगने जैसी बातें पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं। उनका आरोप है कि खदान संचालन के दौरान पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी हो रही है, जिससे आसपास के गांवों में धूल और प्रदूषण का संकट गहराता जा रहा है। वहीं विस्थापित परिवारों को अब तक उचित मुआवजा और सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं।

प्रेस नोट में कंपनी द्वारा मानसिक तनाव और आत्मघाती आशंका जताने को भी सहानुभूति बटोरने की रणनीति बताया गया है। जन प्रतिनिधियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष प्रशासनिक जांच की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए कि आखिर जनहित की आवाज दबाई जा रही है या वास्तव में कोई अवैध दबाव बनाया गया है। अब यह विवाद केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि जनहित बनाम कॉर्पोरेट दबाव की बड़ी बहस बन चुका है, जिस पर पूरे जिले की निगाहें टिकी हुई हैं। नगर परिषद के उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह के द्वारा आर के अर्थ पर आरोप लगाया गया कि एचपीसी के आधार पर वेतन प्रदाय नहीं किया जाता है और स्थानीय मजदूरों को रोजगार में नहीं रखा जा रहा है जबकि बाहरी मजदूर कंपनी में बहुतायत में है।

# सिविल विभाग की मिली भगत से हो रहा बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण

**समाज जागरण**

चचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरकंटक ताप विद्युत गृह च्चाई के अंतर्गत बाजार क्षेत्र में सिविल विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से मंडल की भूमि पर दिन दहाड़े निर्माण कार्य करते हुए मंडल की भूमि पर कब्जा किया जा रहा है किंतु सिविल विभाग के अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। बाजार क्षेत्र में मोबाइल दुकान के बगल में बीते एक-दो दिनों से मंडल की भूमि पर अतिक्रमण का सिलसिला जारी है। अवैध अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा ऐसा जमाया जाता है कि लगता है कि उनके पत्ता की ही जमीन हो। सूत्र बताते हैं कि जब से सिविल विभाग में गुप्ता नामक अधिकारी की पदस्थापना हुई है तब से अतिक्रमण का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है। बाजार क्षेत्र होने के कारण प्रतिदिन मंडल के अधिकारियों का आना-जाना भी होता है और उन्हें अतिक्रमण की जानकारी भी रहती है आखिर क्या कारण है कि अतिक्रमण की जानकारी होने के बाद भी वे आंखों में पट्टी बांधे रहते हैं और मंडल की भूमि पर कब्जा होता ही जा रहा है।

# नारायण खदान में केबल चोरी का मामला: कालरी कर्मचारी समेत एक लोगों को पकड़ने का दावा, जांच की मांग

**समाज जागरण**

जमुना कोतमा। एसईसीएल की बदरा कालरी अंतर्गत नारायण खदान में 29 मई 2026 की रात कथित केबल चोरी का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खदान में उपयोग होने वाली केबल चोरी करते हुए कालरी कर्मचारी राजू साहू, जो बेल्ट फीटर के पद पर कार्यरत बताए जा रहे हैं, तथा महिपाल नामक हेल्पर, जो एक ठेका कंपनी से जुड़ा बताया जा रहा है, को पकड़ने का दावा किया जा रहा है

सूत्रों के मुताबिक चोरी की जा रही केबल की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार खदान के ओवरमैन अरविंद भारती एवं शिफ्ट इंचार्ज देशमुख साहब ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर पड़ने के बाद कार्रवाई की। घटना के दौरान अन्य कर्मचारी भी मौके पर मौजूद बताए जा रहे हैं। मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद घटना चर्चा का विषय बन गई है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक एसईसीएल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। मामले की पुष्टि और आगे की कार्रवाई जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

# कपिल धारा कूप निर्माण में भुगतान घोटाले का आरोप, कलेक्टर से की निष्पक्ष जांच की मांग

**समाज जागरण**

उमरिया। जिले की जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत पठारीखुर्द में कपिल धारा कूप निर्माण कार्य के भुगतान को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्राम गिलोथर निवासी मथुरा सिंह बघेल ने कलेक्टर उमरिया को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनकी निजी भूमि पर निर्मित कपिल धारा कूप के निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि का पूरा भुगतान उन्हें नहीं मिला। आवेदन के अनुसार, निर्माण कार्य के लिए लगभग 3.29 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी, जिसमें से उन्हें केवल 75 हजार रुपये प्राप्त हुए हैं। शेष राशि और निर्माण सामग्री (मटेरियल) का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। आवेदक का आरोप है कि ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव द्वारा श्री राम कांट्रेक्शन चंदिया निर्माण एजेंसी के नाम से फर्जी बिल लगाकर शेष राशि का आहरण कर लिया गया, जबकि उन्हें आज तक भुगतान नहीं मिला। मामले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन बिना उचित जांच के शिकायत बंद कर दी गई। आवेदक ने यह भी आरोप लगाया है कि शिकायत करने पर उन्हें जवाब देने के बजाय धमकियां दी जा रही हैं। अब उन्होंने कलेक्टर उमरिया से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा लंबित भुगतान दिलाने की मांग की है। मामले ने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में पारदर्शिता और

वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्रवाई हो सकती है।

# आधी रात को सिर पर पत्थर मारकर भागे अज्ञात आरोपी, हालत गंभीर

**पुलिसिया कार्रवाई और जांच की शुरूआत**

**समाज जागरण**

मध्य प्रदेश के शहडोल जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। सीधी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुदरा टोला रिमार में हुई इस हिंसक घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर तफ्तीश शुरू कर दी। पीड़ित के भाई की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है और अपराधियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

**हमले की वजह और पीड़ित की पृष्ठभूमि**

फिलहाल इस खूनी हमले के पीछे की मुख्य वजह क्या थी, यह साफ नहीं हो पाया है। अगर पीड़ित की पृष्ठभूमि की बात करें, तो घायल व्यक्ति की पहचान मुन्ना रैदास (पिता बाबूलाल रैदास) के रूप में हुई है। मुन्ना गांव में ही रहकर अपनी जीविका चलाने के लिए एक छोटी सी किराना दुकान चलाता है और इसके साथ ही वह मुर्गा बेचने का कारोबार भी करता है।

**चीख-पुकार और अस्पताल की ओर दौड़**

यह वारदात उस समय घटित हुई जब आधी रात को अचानक जोर से चीखने और रोने की आवाजें गूंज उठीं। मुन्ना पर जब हमला हुआ, तो वह दर्द से बुरी तरह तड़प उठा। उसकी आवाज सुनकर घर के अंदर सो रही उसकी पत्नी बदहवास हालत में बाहर की तरफ दौड़ी। दादा के पास सो रही मासूम नातिन भी इस खौफनाक मंजर को देखकर जोर-जोर से रोने लगी। लहूलुहान हालत में परिजनों ने मुन्ना को तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे शहडोल रैफर किया, लेकिन स्थिति बेहद नाजुक होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर भेज दिया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

**सोते हुए मासूम के पास वारदात को दिया अंजाम**

इस पूरी घटना का सबसे दर्दनाक पहलू यह रहा कि हमलावरों ने इस कायरतापूर्ण कृत्य को तब अंजाम दिया जब मुन्ना अपने घर के बाहर खुले आसमान के नीचे खाट पर गहरी नींद में था। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि उसके पास ही उसकी तीन साल की मासूम नातिन भी सो रही थी। अज्ञात बदमाशों ने सोते हुए मुन्ना के सिर और चेहरे को निशाना बनाते हुए करीब पांच किलोग्राम से अधिक वजनी भारी पत्थर दे मारा। इस हमले में मुन्ना के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि राहत की बात यह रही कि पास में सो रही उसकी छोटी नातिन पूरी तरह सुरक्षित बच गई। बदमाश घटना को अंजाम देकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से रफूचक्कर हो गए।

# केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के उद्यमियों और नवप्रवर्तकों की सफलता की कहानियां दशार्ने वाली पुस्तिका आकांक्षा से उपलब्धि का विमोचन करेंगे

डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा वेंचर कैपिटल फंड और एएसआईआईएम पहल के प्रभाव दशार्ने वाले संकलन का विमोचन सशक्तिकरण और नवाचार की सफलता की कहानियां हैं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कल 3 जून, 2026 को नई दिल्ली में आकांक्षा से उपलब्धि तकः उद्यमियों और नवप्रवर्तकों की सफलता की कहानियां शीर्षक संबंधी पुस्तिका का विमोचन निर्धारित है। पुस्तिका में अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की सफलता और उपलब्धियों में वेंचर कैपिटल फंड (उद्यम पूंजी कोष) और अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन (एएसआईआईएम) के परिवर्तनकारी प्रभाव की कहानियां संकलित हैं।

इस प्रकाशन में अनुसूचित जाति उद्यम पूंजी कोष, पिछड़ा वर्ग उद्यम पूंजी कोष और अंबेडकर सोशल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन मिशन द्वारा समर्थित उद्यमियों और नवप्रवर्तकों की प्रेरक कहानियां संकलित हैं। पुस्तिका में उन लाभार्थियों की परिवर्तनकारी यात्राओं का वर्णन है जिन्होंने वित्तीय सहायता, विकसित होने और पनपने अनुकूल नियंत्रित वातावरण तथा संस्थागत सहयोग से सफल उद्यम स्थापित कर रोजगार के अवसर सृजित किए और आर्थिक विकास में योगदान दिया।

प्रकाशन में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और युवा नवोन्मेषकों के बीच उद्यमिता, नवाचार और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के मंत्रालय के प्रयासों का उल्लेख है। ये कहानियां दशार्ती हैं कि पूंजी, मार्गदर्शन और इनक्यूबेशन सहायता आकांक्षाओं को किस तरह स्थायी उद्यमों में बदल सकते हैं और इससे व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभाव उत्पन्न हो सकता है।

# जनहित की आवाज उठाई तो लगा दिए रंगदारी के आरोप... ?

## स्थानीय हक, रोजगार और प्रदूषण के मुद्दे उठाने पर कंपनी पर जनप्रतिनिधियों को बदनाम करने की साजिश का आरोप

**समाज जागरण**

शहडोल। जिले के अमलाई स्थित आरके अर्थ कोयला खदान को लेकर विवाद अब गंभीर राजनीतिक और सामाजिक रूप लेता जा रहा है। निजी कंपनी द्वारा नगर परिषद बकहो के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पर लगाए गए रंगदारी और धमकी के आरोपों को जनप्रतिनिधियों ने सिरे से खारिज करते हुए इसे कॉर्पोरेट दबाव की साजिश बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने केवल स्थानीय युवाओं के रोजगार, प्रदूषण, सड़क, पानी और विस्थापित परिवारों के अधिकारों की बात उठाई थी, लेकिन कंपनी ने जनहित की आवाज दबाने के लिए झूठे आरोपों का सहारा लिया। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि 5 लाख रुपये प्रतिमाह मांगने जैसी बातें पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं। उनका आरोप है कि खदान संचालन के दौरान पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी हो रही है, जिससे आसपास के गांवों में धूल और प्रदूषण का संकट गहराता जा रहा है। वहीं विस्थापित परिवारों को अब तक उचित मुआवजा और सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं।

प्रेस नोट में कंपनी द्वारा मानसिक तनाव और आत्मघाती आशंका जताने को भी सहानुभूति बटोरने की रणनीति बताया गया है। जन प्रतिनिधियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष प्रशासनिक जांच की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए कि आखिर जनहित की आवाज दबाई जा रही है या वास्तव में कोई अवैध दबाव बनाया गया है।

अब यह विवाद केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि जनहित बनाम कॉर्पोरेट दबाव की बड़ी बहस बन चुका है, जिस पर पूरे जिले की निगाहें टिकी हुई हैं।

नगर परिषद के उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह के द्वारा आर के अर्थ पर आरोप लगाया गया कि एचपीसी के आधार पर वेतन प्रदाय नहीं किया जाता है और स्थानीय मजदूरों को रोजगार में नहीं रखा जा रहा है जबकि बाहरी मजदूर कंपनी में बहुतायत में है।

# जिले में आंधी-बारिश का व्यापक असर, गर्मी से मिली राहत; डीएम ने लोगों से फोटो और वीडियो साझा करने की अपील की

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। मंगलवार को जिले का मौसम अचानक बदल गया। दोपहर बाद चली तेज आंधी, धूल भरी हवाओं और कई क्षेत्रों में हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई। बभनी, दुद्धी, चोपन, ओबरा, रॉबर्ट्सगंज और घोरावल समेत जिले के अधिकांश हिस्सों में मौसम का व्यापक असर देखने को मिला। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया।
जानकारी के अनुसार बभनी ब्लॉक क्षेत्र में दोपहर करीब 1:30 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादल छा गए और तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। बभनी गांव में अच्छी बारिश दर्ज की गई, जबकि सांगोबांध, चौना, कोंगा, घघरा और फरीपान सहित आसपास के कई गांवों में हल्की बूंदाबांदी हुई। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोग परेशान थे। बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं रॉबर्ट्सगंज, ओबरा, चोपन, दुद्धी और घोरावल क्षेत्रों में तेज हवाओं और धूल भरी आंधी का असर देखने को मिला। कई स्थानों पर सड़कों पर धूल का गुबार छा गया, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। हालांकि कुछ समय बाद हालात सामान्य हो गए। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए बिजली विभाग ने एहतियातन कई इलाकों की विद्युत आपूर्ति पहले ही बंद कर दी थी, जिससे किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। आंधी और बारिश का असर केवल लोगों पर ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों पर भी देखने को मिला। तेज हवाएं शुरू होते ही मवेशी और अन्य पशु सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। कई पशुओं ने शेड और पेड़ों की आड़ लेकर खुद को आंधी और बारिश से बचाया। समाचार लिखे जाने तक कहीं से किसी बड़ी जनहानि या गंभीर नुकसान की सूचना नहीं मिली थी, हालांकि कुछ स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटने और मामूली क्षति की खबरें सामने आई हैं। इस बीच जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि उनके क्षेत्र में आंधी-तूफान, पेड़ गिरने, जलभराव, बिजली बाधित होने अथवा मौसम से संबंधित किसी अन्य घटना की जानकारी हो तो उसका फोटो अथवा वीडियो प्रशासन के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने नागरिकों से सतर्कता बरतने और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील करते हुए कहा कि जनसहभागिता से राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

प्रशासन जनपदवासियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सोनभद्र की कवयित्री डॉक्टर रचना तिवारी को मिला विंध्य गौरव सम्मान

## मिर्जापुर में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर किया गया सम्मानित

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदंत मार्तंड के 200 साल पूरे होने के अवसर पर पूरे देश में 30 मई 2026 को पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया गया। इस संदर्भ में हिंदी पत्रकारिता दिवस एवं विंध्य गौरव सम्मान समारोह 2026 का आयोजन एक जून 2026 सोमवार को मिर्जापुर में आयोजित किया गया । इस समारोह में साहित्य, कला, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता इत्यादि के क्षेत्र में कई विभूतियों के साथ सोनभद्र की हिंदी की जानी-मानी लेखिका, कवयित्री, शायर और आलोचक व समाजसेवी डॉ रचना तिवारी को विंध्य गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।
यह सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि एवं मिर्जापुर के प्रधान न्यायाधीश, (परिवार न्यायालय) संजय कुमार शुक्ला ने प्रदान किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अपर आयुक्त विंध्याचल मंडल डॉक्टर विश्राम, डीएम पवन कुमार गंगवार,एसपी अपर्णा रजत कौशिक, प्रोफेसर डॉक्टर संजीव सिंह, डीएफओ राकेश कुमार, विंध्य मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य तथा मिर्जापुर सोनभद्र और विंध्य क्षेत्र के सैकड़ो समाजसेवी, संस्कृति
कर्मी, अध्यापक , छात्र, पत्रकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बता दें कि डॉ रचना तिवारी हिंदी साहित्य की जानी-मानी कवयित्री, शायर और लेखिका हैं तथा इनकी एक दर्जन से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और देश के हजारों मंचों पर इन्होंने कविताएं पढ़ी हैं और व्याख्यान दिए हैं। डॉक्टर रचना तिवारी इससे पूर्व दर्जनों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से विभूषित हो चुकी हैं । हाल ही में आई उनकी कृति मेरे गीत तुम ही से जन्मे और सपनों की उम्र नहीं होती हिंदी जगत में खासा चर्चित रही है। मिर्जापुर की धरती पर विंध्य गौरव सम्मान पाकर डॉक्टर रचना तिवारी ने जनपद का मान बढ़ाया है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक चलेगा जन-कल्याण एवं जन- जागरूकता अभियान

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद सोनभद्र में 5 जून से 21 जून 2026 तक विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य क्रमों एवं जन-जागरूकता गति विधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला धिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और सुशासन की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित कार्यक्रमों का सफल और समयबद्ध आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर होगा। इस दौरान जनपद के अमृत सरोवरों, तालाबों, नहरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वृहद वृक्षा रोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों को पौधरोपण के लक्ष्य भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न माध्यमों से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। वहीं 11 जून से 14 जून तक मीडिया संवाद एवं संबोधन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विकास योजनाओं और उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि 14 जून से 16 जून तक जनपद के सभी विकास खंडों में जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा तथा आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं उपचार संबंधी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा 16 और 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से सरकार की विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी काय क्रमों और सुशासन के विभिन्न आयामों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। इसके बाद 17 जून से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न विभागों की उपलब्धियों और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवधि में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। अभियान का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले वृहद योग कार्यक्रम के साथ होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यक्रमों में जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रविंद्र सिंह, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ के सेवन से 16 वर्षीय किशोरी की मौत

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र के लिलासी गांव में एक 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में चुहे मारने की दवा खाने से मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) म्योरपुर में उपचार के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार लिलासी गांव निवासी माया गुप्ता (16) पुत्री आलमचंद ने सोमवार को किसी कारणवश चुहे मारने की दवा (विषाक्त पदार्थ) का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने गंभीर हालत में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। किशोरी का इलाज कर रही चिकित्सक डॉ. पल्लवी सिन्हा ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर होने के कारण सोमवार शाम उसे बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया था। हालांकि परिजन उसे अन्यत्र नहीं ले गए और सीएचसी में ही उपचार कराते रहे। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह किशोरी की हालत में कुछ सुधार देखने को मिला था। चिकित्सकों ने परिजनों को मरीज को कुछ भी खाने-पीने से मना किया था, लेकिन परिजनों द्वारा पानी पिला दिए जाने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मेमो के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही लिलासी चौकी प्रभारी मनोज सिंह अस्पताल पहुंचे और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि किशोरी द्वारा विषाक्त पदार्थ का सेवन किए जाने की जानकारी मिली है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतका माया गुप्ता लिलासी स्थित राजा चंडोल इंटर कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा थी। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र में बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से एक 42 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के



अनुसार, पनारी ग्राम पंचायत के बगबैसा टोला निवासी दूधनाथ यादव (42) पुत्र स्वर्गीय रामदास यादव बीती रात किसी कारणवश रेलवे ट्रैक के पास पहुंचे थे। इसी दौरान लगभग दो बजे वह ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर चोपन थाना के एसआई विनोद यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दूधनाथ यादव अपने पीछे तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में भी शोक का माहौल है और लोग परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार दूधनाथ रात में शौच के लिए निकले थे।

# घोरावल तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ता रहे, न्यायिक कार्य से विरत

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**


तहसील अधिवक्ता समिति

सोनभद्र। घोरावल तहसील में हर पटल पर व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। इससे तहसील में कार्यरत अधिवक्ताओं ने सोमवार को बैठक कर सर्व सम्मति से मंगलवार व बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। तहसील अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष राज बहादुर सिंह व दी घोरावल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शुशील कुमार शुक्ल ने तहसील परिसर में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर संयुक्त रूप से दस सुत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को मंगलवार को दिया। ज्ञापन में राजस्व संहिता की अनेक धाराओं में समुचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। धारा 24,116 में शासनादेश कै बावजूद मिलजुमला नंबर दिखाकर खारिज कर दिया जा रहा है। धारा 24,38,76,67-1,67-2, की पत्रावली जो पंजीकृत से पूर्व रिपोर्ट में गई थी, उसमें रिपोर्ट आने के बाद वाद पंजीकृत कर गुण दोष के आधार पर निस्तारण किया जाय। साथ ही नए वाद को पंजीकृत कर रिपोर्ट में भेजी जाय। साथ ही आदेश की पत्रावली सुरक्षित कर महिनों बाद आदेश किया जाता है, तथा आदेश बैकडेट में कर दिया जाता है, जिससे अपील निगरानी नहीं हो पा रही है। क्योंकि टाइम वार्ड होने पर आदेश दिया जाता है। मालिकान आर6 पर समय पर दर्ज नहीं हो पाता है, कम्प्यूटर आपरेटर समय बद्ध तरीके से आदेश का अंकन व अंश निर्धारण खतौनी पर दर्ज नहीं किया जा रहा है । आपरेटर कम्प्यूटर समय से सभी कार्यों का क्रियान्वयन समय पर किया जाकर अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। राजस्व निरीक्षकों द्वारा समय से पैमाइश का काम क्रमवार तरीके से किया जाय। तथा धन उगाही पर रोक लगाई जाए। तहसीलदार के पटल पर लंबित नामांतरण प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयावधि के अंदर की जाय। धारा 80 ,व 35 अंतर्गत नामांतरण व उत्तराधिकार विधिक नियमों के अनुसार कराईं जाय। तहसील घोरावल के सभी कर्मचारियों अधि कारियों द्वारा व विभिन्न पटलों पर व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए। यह भ्रष्टाचार सभी पटलों पर हाबी है, गरीब जनता को सस्ता व सुलभ न्याय मिल पाना मुश्किल हो गया है। इस के अलावा यह भी कहा गया है कि यदि दो दिन में उक्त समस्या के समाधान हेतु ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह बार द्वय आगे भी न्यायिक कार्य में सहयोग नहीं कर सकेगा। इस अवसर पर राम किंकर पाठक, राजेन्द्र पाठक, प्रयागदास, गोपाल सिंह, श्याम बिहारी, राज नारायण श्रीवास्तव, संतोष तिवारी सौरव तिवारी,अरूण तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।बैठक का संचालन महामंत्री राजेश कुमार दूबे ने किया।

# कोटा बस्ती बोट प्वाइंट पर नहाने गए दो किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता, तलाश जारी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। शक्तिनगर थाना क्षेत्र के कोटा बस्ती स्थित बोट प्वाइंट पर नहाने गए दो किशोरों के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया तथा दोनों किशोरों की तलाश के लिए व्यापक खोज अभियान शुरू कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम और एनडीआरएफ को भी सूचना दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लापता किशोरों की पहचान अंकित दास पुत्र उदय दास तथा पियूष सिंह पुत्र मिथलेश सिंह के रूप में हुई है। दोनों की उम्र लगभग 17 से 18 वर्ष बताई जा रही है। मंगलवार को दोनों किशोर कोटा बस्ती स्थित बोट प्वाइंट पर नहाने गए थे, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने जब उनकी खोजबीन शुरू की तो दोनों का कोई पता नहीं चला। तलाश के दौरान घटनास्थल के आसपास संदिग्ध परिस्थितियों में दोनों किशोरों के सामान बरामद हुए। बताया जा रहा है कि एक किशोर के कपड़े बोट प्वाइंट के दूसरे छोर पर मिले, जबकि दूसरे किशोर के कपड़े एक झोले में रखे हुए घटनास्थल से लगभग 200 से 300 मीटर दूर पाए गए। इसके अलावा एक किशोर का मोबाइल फोन घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल क्षेत्र में साइलेंट मोड पर फेंका हुआ मिला। मोबाइल फोन का जंगल में मिलना और कपड़ों का अलग-अलग स्थानों पर बरामद होना मामले को और अधिक रहस्यमय बना रहा है। हालांकि प्रथम दृष्टया नदी में डूबने की आशंका भी जताई जा रही है, लेकिन घटनास्थल से मिले तथ्यों को देखते हुए पुलिस अन्य सभी पहलुओं पर भी गंभीरता से जांच कर रही है। सूचना मिलते ही शक्तिनगर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। नदी किनारे, जंगल और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, वहीं फोरेंसिक टीम को भी जांच में शामिल किया गया है। जल क्षेत्र में खोजबीन के लिए एनडी आरएफ टीम को भी सूचना दे दी गई है। टीम के पहुंचने के बाद नदी और आसपास के जलाशयों में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों किशोरों के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे क्षेत्र में चिंता और बेचैनी का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग भी पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर दोनों किशोरों की तलाश में जुटे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। दोनों किशोरों का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।
समाचार लिखे जाने तक दोनों लापता किशोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका था और पुलिस, प्रशासन तथा बचाव दल का संयुक्त सर्च ऑपरेशन जारी था।

# नमो घाट हत्याकांड : मृतक चिंटू जायसवाल के परिजनों से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल , सौंपी एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। वाराणसी के चर्चित नमो घाट हत्याकांड में मृतक राजेश उर्फ चिंटू जायसवाल के परिजनों से मिलने मंगलवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल खलियारी स्थित उनके आवास पहुंचा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान मृतक के पिता बद्रीनारायण जायसवाल ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि अब तक हुई कार्रवाई से वह संतुष्ट नहीं हैं। उनका आरोप है कि घटना में शामिल कुछ आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, 50 लाख रुपये मुआवजा तथा मृतक की स्मृति में प्रतिमा स्थापित कराने की मांग दोहराई। समाजवादी पार्टी की ओर से पहुंचे नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता परिवार को सौंपी और भविष्य में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में सांसद छोटे लाल खरवार, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव, व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, प्रदेश सचिव डॉ. अजय चौरसिया, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष दिनेश अग्रहरी समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। सांसद छोटे लाल खरवार ने परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा कि मृतक परिवार की सभी मांगों को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा, घायलों को आर्थिक सहायता और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। वहीं एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि घटना में घायल युवकों की शिकायतों पर कार्रवाई कराने तथा नमो घाट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सार्वजनिक कराने की मांग की जाएगी, ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके और सभी दोषियों को कानून के दायरे में लाया जा सके। इस दौरान सपा नेता प्रदीप जायसवाल ने आरोप लगाया कि नमो घाट पर हुई घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ अभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सभी हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। साथ ही मृतक परिवार को 50 लाख रुपये तथा घायलों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। नेताओं ने कहा कि न्याय की लड़ाई को हर स्तर पर मजबूती से लड़ा जाएगा। मुलाकात के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान परिवार का दर्द और आक्रोश साफ दिखाई दिया तथा नेताओं ने उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# सोन नदी में डूबे दो किशोर लापता, तलाश में जुटी पुलिस और प्रशासन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र के हर्रा गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सोन नदी में नहाने गए दो किशोर गहरे पानी में डूबकर लापता हो गए। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक और चिंता का माहौल व्याप्त है। प्रशासन और स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों किशोरों की तलाश लगातार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्रा गांव निवासी 14 वर्षीय पवन कुमार और 13 वर्षीय कृष्णा निषाद मंगलवार को सोन नदी में स्नान करने गए थे। दोनों आपस में ममेरे और फुफेरे भाई बताए जा रहे हैं। नहाने के दौरान अचानक दोनों किशोर नदी के गहरे हिस्से में पहुंच गए और देखते ही देखते पानी में डूबकर लापता हो गए। घटना को देख नदी किनारे मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल नदी में उतरकर दोनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन नदी की अधिक गहराई और तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिल सकी। कुछ ही देर में दोनों किशोर पानी में ओझल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोन थाना पुलिस, राजस्व विभाग की टीम और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। राहत एवं बचाव कार्य के लिए स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया। ओबरा उपजिलाधिकारी ( एस डीएम) समेत कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं। गोताखोरों द्वारा नदी के विभिन्न हिस्सों में लगातार खोजबीन की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि दोनों किशोरों का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों किशोरों के परिजन और रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंच गए। अपने बच्चों के लापता होने की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी नदी किनारे जमा हैं और दोनों किशोरों के मिलने की प्रार्थना कर रहे हैं। फिलहाल पूरे क्षेत्र की निगाहें बचाव अभियान पर टिकी हुई हैं और लोग दोनों किशोरों के सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए बैठे है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे से लटका मिला , हत्या की आशंका से परिजनों में आक्रोश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कचनरवा के बरवाटोला (रोहिनवादामर) में सोमवार देर रात एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। परिजनों ने हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान पीपरखाड़ पंचायत के घोड़बचवा टोला निवासी 45 वर्षीय विजय चेरो पुत्र स्वर्गीय भूखन चेरो के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसका शव कचनरवा ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या-13 स्थित बरवाटोला निवासी सुचिंता पत्नी सखिचंद चेरो के घर में दुपट्टे के सहारे बडेर से लटका मिला। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान पीपरखाड़ संजय पासवान सहित मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। शव को फंदे से लटका देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर कोन थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक के भाई उदय चेरो ने बताया कि विजय पिछले दो दिनों से घर से लापता था। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। मंगलवार सुबह जब घटना की जानकारी मिली तो परिवार स्तब्ध रह गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विजय की हत्या कर शव को फांसी का रूप दिया गया है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं मकान मालकिन सुचिंता ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब 10 बजे की है। उनके अनुसार मृतक रिश्ते में उनका भाई लगता था, लेकिन उसने किन परिस्थितियों में फांसी लगाई इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने बताया कि घटना के समय वह अपने छोटे बच्चों के साथ घर पर थीं, जबकि उनके पति ठेकेदार और अन्य लोगों के साथ काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोमवार शाम कुछ लोग वहां आए थे और मुर्गा-दारू का कार्यक्रम भी चला था। वहीं ग्रामीणों के अनुसार मृतक के भाई उदय चेरो को पहचानने से मकान मालकिन का इंकार करना भी संदेह को और गहरा कर रहा है। इस कारण गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। प्रभारी निरीक्षक कोन अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

# गौरव कुमार वर्मा संभालेंगे चौका थाना की कमान, नए थाना प्रभारी के रूप में लिया पदभार

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल/चौका : सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस विभाग में हुए प्रशासनिक फेरबदल के तहत गौरव कुमार वर्मा को चौका थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इससे पूर्व वे खरसावां में पदस्थापित थे। वहीं, उन्होंने चौका थाना पहुंचकर अपना प्रभार ग्रहण कर लिया है।




नवनियुक्त थाना प्रभारी गौरव कुमार वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा जन शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना को देने की अपील की।

गौरतलब है कि चौका थाना अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली और जनसरोकारों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना चुका है। हाल के वर्षों में चौका थाना ने कानून-व्यवस्था, जनसंपर्क और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने नए थाना प्रभारी के पदभार ग्रहण करने पर उनका स्वागत करते हुए क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद जताई है। लोगों का मानना है कि उनके अनुभव का लाभ चौका थाना क्षेत्र को मिलेगा और पुलिस-जनता के बीच समन्वय और मजबूत होगा।

# चांडिल और नीमडीह थाना में नए प्रभारी पदस्थापित, डिल्सन बिरूआ संभालेंगे नीमडीह की कमान

**समाज जागरण, संवाददाता**

सरायकेला-खरसावां : जिला पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत चांडिल और नीमडीह थाना में नए थाना प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। आदेश के अनुसार नीमडीह थाना प्रभारी संतन कुमार तिवारी का स्थानांतरण चांडिल थाना में किया गया है, जहां वे नए थाना प्रभारी के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं चांडिल थाना प्रभारी डिल्सन बिरूआ को नीमडीह थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।





दोनों पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने को प्राथमिकता बताया है।

डिल्सन बिरूआ अपने कार्यकाल के दौरान चांडिल थाना क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण मामलों के निष्पादन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चित रहे हैं। वहीं संतन कुमार तिवारी ने नीमडीह थाना में रहते हुए अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और पुलिस-जन सहयोग को मजबूत करने की दिशा में कार्य किया है।

पुलिस विभाग के इस प्रशासनिक बदलाव को जिले में बेहतर पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की पहल के रूप में देखा जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने भी दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और जनहित से जुड़े कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई है।

# आरआईटी थाना प्रभारी बने रविकांत पाराशर, संभाली कमान

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 02 जून 2026: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर के आरआईटी थाना को नया थाना प्रभारी के रूप में मंगलवार को 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर रविकांत पाराशर ने औपचारिक रूप से थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया।



उन्होंने पूर्व थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह का स्थान लिया। पदभार संभालने के बाद रविकांत पाराशर ने क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को अपनी प्राथमिकता बताया।

उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, नशाखोरी पर अंकुश, अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्वों और अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

नए थाना प्रभारी ने पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद एवं विश्वास कायम करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि थाना आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता से सुना जाएगा और उसका त्वरित समाधान करने का प्रयास होगा।

साथ ही थाना परिसर में लोगों को सम्मानजनक एवं सहज वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि आम नागरिक बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रख सकें।

# वरुण यादव बने ईचागढ़ थाना प्रभारी, साइबर थाना से हुआ स्थानांतरण

**समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस विभाग में हुए प्रशासनिक फेरबदल के तहत पुलिस पदाधिकारी वरुण यादव को ईचागढ़ थाना का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व वे जिला साइबर थाना में पदस्थापित थे। मंगलवार को उन्होंने ईचागढ़ थाना पहुंचकर विधिवत रूप से अपना प्रभार ग्रहण कर लिया।



प्रभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी वरुण यादव ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, साइबर अपराध या विधि-व्यवस्था से जुड़ी जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होंने युवाओं को साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराधों से सतर्क रहने की भी सलाह दी।

नवपदस्थापित थाना प्रभारी के रूप में उनके आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत किया तथा बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद जताई। पुलिस विभाग को विश्वास है कि साइबर थाना में कार्य करने के दौरान प्राप्त अनुभव का लाभ ईचागढ़ थाना क्षेत्र को मिलेगा और अपराध नियंत्रण के साथ-साथ जनसरोकार से जुड़े मामलों के निष्पादन में भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

# बाल संस्कार केंद्र शिक्षकों की कार्यशाला सम्पन्न, जून माह की गतिविधियों पर हुई चर्चा

**पंकज कुमार पाठक,
समाज जागरण**

बरही। संघ के स्वयंसेवकों के माध्यम से डॉ. बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्रों के शिक्षकों एवं मातृशक्ति की मई माह की कार्यशाला सोमवार को होटल आकाश पैलेस, गया रोड, बरही में आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया। शबरीनगर, धनबाद रोड, बरही की शिक्षिका श्रीमती रिंकू देवी के निजी कारणों से अनुपस्थि रहने के कारण कार्यशाला में चार शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।



कार्यशाला में क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने बीते माह की उपस्थिति पुस्तिका का बारीकी से अवलोकन किया तथा जून माह के पाठ्यक्रम के अनुरूप बच्चों को सुभाषित, अमृतवचन, बोधकथा, समसामयिक कविता, व्यायाम, योग एवं विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराने पर बल दिया। साथ ही प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को संस्कार केंद्रों में उत्सव स्वरूप विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर डीएवी विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार ने प्रेरक कथा के माध्यम से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया तथा आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं योगासन की बेहतर तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रेरित किया। वहीं शिवाजी व्यावसायिक बरही शाखा के सेवा कार्यकर्ता डॉ. बिनोद साव ने बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़े कई उपयोगी सुझाव दिए।

कार्यशाला का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

# बिहार में नगर बस सेवा हुई महंगी, कल से लागू हो सकती हैं नई दरें

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले लाखों यात्रियों की जेब पर अब अतिरिक्त बोझ पड़ने वाला है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने अपनी नगर बस सेवाओं के किराए में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। प्रस्तावित नई दरें 3 जून से प्रभावी हो सकती हैं, जिससे पटना सहित राज्य के विभिन्न शहरों में सफर करना महंगा हो जाएगा। निगम द्वारा जारी प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विभिन्न मार्गों पर किराए में दो रुपये से लेकर पांच रुपये तक की वृद्धि की गई है। अधिकारियों का कहना है कि डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी, बसों के रखरखाव, स्पेयर पार्ट्स की खरीद और कर्मचारियों के वेतन आदि के बढ़ते परिचालन खर्चों के कारण यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था। वित्तीय संतुलन बनाए रखने और बेहतर सेवा सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय बाद यह किराया संशोधन किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत गांधी मैदान से एम्स, दानापुर और पटना सिटी तक का वर्तमान 25 रुपये का किराया बढ़कर 29 से 30 रुपये तक हो सकता है। इसी तरह गांधी मैदान से बिहटा का किराया 62 रुपये से बढ़कर 70-71 रुपये, बिहारशरीफ का 116 रुपये से बढ़कर 133-135 रुपये और नवादा मार्ग का किराया 165 रुपये से बढ़कर लगभग 189-190 रुपये तक होने की संभावना है।इस फैसले का सीधा असर दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों और छात्र-छात्राओं पर पड़ेगा। परिवहन विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस बढ़ोत्तरी के बदले निगम बसों की गुणवत्ता और यात्रियों की सुरक्षा में सुधार लाता है, तभी आमजन को कुछ राहत महसूस होगी। निगम ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा करने से पहले प्रमुख बस स्टॉपों पर लगी नई किराया सूची की जांच अवश्य कर लें। आज नई दरों की आधिकारिक घोषणा के साथ ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी।

# चार्ज संभालते ही एक्शन में आए थाना प्रभारी रविकांत परासर, पहले ही दिन हुआ क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग

## जनता को भरोसा, अपराधियों को चेतावनी, पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश—ईमानदारी, सतर्कता और जिम्मेदारी से निभाने का दिए जिम्मेदारी।

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 02 जून 2026: आर आई टी थाना प्रभारी रविकांत परासर ने कार्यभार संभालते ही अपनी सक्रिय कार्यशैली का परिचय देना शुरू कर दिया है। चार्ज ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने थाने पर समस्त पुलिस स्टाफ के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, फरियादियों की सुनवाई तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं होगी। जनता की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए।

इसके बाद थाना प्रभारी श्री परासर ने आदित्यपुर के रोड नंबर चार के साथ साथ मुख्य चौराहों और बाजार क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और राहगीरों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उनकी सक्रियता से लोगों में विश्वास और अपराधियों में खौफ का माहौल देखा जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले सरायकेला में तैनाती के दौरान भी कई चर्चित मामलों का सफल खुलासा किया था। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और बेहतर पुलिसिंग के चलते जनता में उनकी अच्छी छवि बनी थी। फरियादियों की सुनवाई और निष्पक्ष कार्रवाई के कारण लोग उनसे संतुष्ट रहते थे।

अब आर आई टी थाना में उनकी तैनाती को लेकर भी लोगों में उम्मीद जगी है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और मजबूत होगी तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा। उनकी कार्यशैली बेहतर पुलिसिंग का मजबूत संदेश दे रही है।

# वाराणसी में ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की बैठक 4 और 5 जून को

**समाज जागरण**

वाराणसी, 2 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र एवं विश्व की प्राचीनतम जीवंत नगरी काशी एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। जी-20 बैठकों की सफल मेजबानी के बाद अब 4 और 5 जून को वाराणसी में ब्रिक्स (इफ्क्ब्डर) संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक आयोजित होने जा रही है। 4 -5 जून को ताज होटल में प्रस्तावित इस बैठक में देश-विदेश के वरिष्ठ राजनयिक, नीति-निमार्ता, सांस्कृतिक विशेषज्ञ एवं विशिष्ट प्रतिनिधि भाग लेंगे।

योगी सरकार में उत्तर प्रदेश आज वैश्विक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पर्यटन विकास, स्थानीय उत्पादों के संवर्धन और रोजगार सृजन के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है कि काशी को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक पहचान प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

बैठक के दौरान काशी के विश्व प्रसिद्ध जीआई टैग एवं ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी में वाराणसी की समृद्ध शिल्प परंपरा के 6 शिल्पियों के 6 विशिष्ट उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। ये सभी उत्पाद काशी की सदियों पुरानी कला, शिल्प कौशल और सांस्कृतिक विरासत के जीवंत प्रतीक हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से विदेशी प्रतिनिधियों को न केवल इन उत्पादों की विशिष्टता से परिचित कराया जाएगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को अपने उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का अवसर भी मिलेगा।

## लगभग 450 करोड़ से बन रहे विश्वविद्यालय को समयबद्ध ढंग से किया जाएगा पूराः मुख्यमंत्री

कुशीनगर, 2 जूनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुशीनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 450 करोड़ से बनने वाला यह विश्वविद्यालय पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली लाने और उनकी आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार की मंशा है कि विश्वविद्यालय समय पर बने और चले।

# योगी सरकार की पहल से सिविल सेवा का सपना होगा साकार, आईएएस/ पीसीएस की निशुल्क कोचिंग के लिए युवाओं में बढ़ा उत्साह

**- ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में लगातार बढ़ रही भागीदारी, बड़ी संख्या में अभ्यर्थी कर रहे पंजीकरण**

**- यूपी में महंगी कोचिंग की चुनौती से राहत, समाज कल्याण विभाग की योजना से गरीब एवं वंचित वर्ग को मिल रहा लाभ**

**- इच्छुक अभ्यर्थी 18 जून तक आवेदन कर सकते हैं, 5 जुलाई को परीक्षा होगी**

**- सीएम योगी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग परीक्षा की तैयारियों में जुटा**




**समाज जागरण**

लखनऊ, 02 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं में अवसर दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क आईएएस/ पीसीएस कोचिंग योजना युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में लगातार बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस योजना के माध्यम से अपने सपनों को नई उड़ान देना चाहते हैं।

### महंगी कोचिंग की बाधा दूर कर रही योगी सरकार

सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में लाखों रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए यह एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में योगी सरकार की निःशुल्क कोचिंग योजना इन युवाओं के लिए राहत लेकर आई है। योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बनाना है।

### 865 सीटों पर मिलेगा प्रशिक्षण, 25 प्रतिशत सीटें लेटरल एंट्री के लिए

समाज कल्याण विभाग के निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश में आईएएस/ पीसीएस कोचिंग के लिए कुल 865 सीटें निर्धारित हैं। इनमें से 25 प्रतिशत सीटें ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए आरक्षित हैं जो लेटरल एंट्री के माध्यम से प्री परीक्षा क्वालीफाई कर चुके हैं। इससे उन अभ्यर्थियों को भी बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के प्रारंभिक चरण में सफलता प्राप्त कर ली है और मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

### ऑनलाइन आवेदन में युवाओं की बढ़ी भागीदारी

योगी सरकार में युवाओं का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, 1 जून तक कुल 5513 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, जबकि 2848 अभ्यर्थियों ने अपनी आवेदन प्रक्रिया को अंतिम रूप देते हुए फाइनल लॉक किया है। वहीं इच्छुक अभ्यर्थी 18 जून तक आवेदन कर सकते हैं इसके बाद 5 जुलाई को परीक्षा होगी। यह संख्या दशार्ती है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में युवा इस अवसर का लाभ उठाने के लिए आगे आ रहे हैं।

### योगी सरकार में प्रतिभाओं को मिल रहा बेहतर मंच

गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पूरी पारदर्शिता के साथ चयन प्रक्रिया और कक्षाएं संचालित करने की तैयारी कर रहा है। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभाशाली छात्र के सपनों के आड़े न आए। इसी उद्देश्य से निःशुल्क कोचिंग, अध्ययन सामग्री और विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। योगी सरकार की यह पहल न केवल युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोल रही है, बल्कि प्रशासनिक सेवाओं में सामाजिक समावेशन को भी मजबूती प्रदान कर रही है।

# चिलुआताल बनेगा ईको टूरिज्म और वाटर स्पोर्ट्स का बेहतरीन केंद्रः सीएम योगी

**- पिछ्ली सरकारों में ताल-पोखरों पर होता था कब्जा, हम कर रहे संरक्षणः सीएम योगी**

**- मुख्यमंत्री ने किया चिलुआताल के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण**

**- 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निखारा गया है चिलुआताल को**



**समाज जागरण**

गोरखपुर, 2 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चिलुआताल पर्यटन विकास परियोजना के अगले चरणों में चिलुआताल को रामगढ़ताल की तर्ज पर ईको टूरिज्म और वाटर स्पोर्ट्स के बेहतरीन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। पिछली सरकारों में ताल-पोखरों पर कब्जा होता था। अपनी बपौती समझकर कुछ लोग इस पर हवेली बनवा लेते थे। जिन ताल-पोखरों पर कब्जा नहीं हो पाता था, वे गंदगी और अपराध के गढ़ बन जाते थे। डबल इंजन सरकार ताल-पोखरों पर कब्जा नहीं होने देती, बल्कि प्रकृति संरक्षण के दायित्वों का निर्वहन करती है। उन्हें बेहतरीन पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित कर समाज को प्राकृतिक वातावरण में आनंदित होने का मंच देती है।

सीएम योगी मंगलवार शाम गोरखपुर के उत्तरी छोर पर स्थित प्राकृतिक झील चिलुआताल के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निखारे गए इस पर्यटन स्थल को जनता को समर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकारें, अच्छी चीजें लेकर आती हैं।

### चिलुआताल में होगा 20 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन

सीएम योगी ने कहा कि चिलुआताल में कोल इंडिया लिमिटेड के साथ मिलकर फ्लोटिंग सोलर प्लांट लगाने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे चिलुआताल में 20 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। पूरे शहर की बिजली आपूर्ति यहां से संभव हो सकेगी। सोलर एनर्जी ग्रीन एनर्जी होती है, इससे किसी तरह का कार्बन उत्सर्जन नहीं होता। चिलुआताल में लगने वाला फ्लोटिंग सोलर प्लांट नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी सहयोग करेगा।

### नेचुरल है चिलुआताल का पानी

सीएम योगी ने कहा अभी तक गोरखपुर में ईको टूरिज्म का प्रमुख केंद्र रामगढ़ताल ही था। पर, उसमें ड्रेनेज का पानी जाता था। रामगढ़ताल गया। वहां आज भी पानी ट्रीटमेंट के बाद ही जाता है। यानी रामगढ़ताल का पानी पूरी तरह नेचुरल नहीं है, जबकि चिलुआताल का पानी नेचुरल है जो जंगलों से होकर आता है। खाद कारखाने के निर्माण में चिलुआताल को डीसिल्ट कर यहां से पानी दिया गया। सिल्ट का उपयोग निचले इलाकों के भराव में किया गया।

### चिलुआताल में वाटर स्पोर्ट्स की असीम संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ताल की तरह चिलुआताल में भी वाटर स्पोर्ट्स की असीम संभावनाएं हैं। कुछ दिनों पहले रामगढ़ताल में नेशनल जूनियर रोइंग चैंपियनशिप का सफल आयोजन हुआ। इसमें 22 राज्यों के 200 से अधिक खिलाड़ी आए। सबने रामगढ़ताल की खूब सराहना की। अब जब लोग चिलुआताल को देखेंगे तो यह और भी अच्छा लगेगा। उन्होंने चिलुआताल के प्राकृतिक वातावरण की तारीफ करते हुए कहा कि चिलुआताल के किनारे लहरों से होकर आ रही हवा तापमान को कम कर सुखद एहसास करा रही है। यहां पर लोग परिवार के साथ आकर घूम सकते हैं। स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। यहां न प्रदूषण है और न ही किसी प्रकार की अव्यवस्था।

### अच्छे सिटी डेवपलमेंन्ट प्लान से बनती है अच्छी धारणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे सिटी डेवपलमेंन्ट प्लान से लोगों के मन में शहर की अच्छी धारणा बनती है। हमें गोरखपुर को सेफ और स्मार्ट सिटी के साथ ही सस्टेनेबल डेवलपमेंट वाली सिटी बनाना है। विकास की प्रक्रिया सतत बढ़ती रहेगी, लेकिन इसके संरक्षण की जिम्मेदारी नागरिकों की है। उन्होंने आमजन से विकास का संरक्षण करने, सार्वजनिक संपति का नुकसान न करने, ऐसा करने वालों को की। उन्होंने रामगढ़ताल की सफाई के दौरान 56 बोरी प्लास्टिक मिलने का जिक्र करते हुए आह्वान किया कि गोरखपुर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ-सुंदर शहर बनाने का संकल्प लेना होगा।

### 5 से 21 जून तक स्वच्छता, पौधरोपण और योग शिविर के आयोजन का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के सफलतम कार्यकाल के उपलक्ष्य में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से लेकर विश्व योग दिवस 21 जून तक स्वच्छता, पौधरोपण और योग शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 5 जून को महानगर के दो मंडल सांसद व ग्रामीण विधायक के नेतृत्व में रामगढ़ताल और पांच मंडल चिलुआताल के किनारे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण का वृहद अभियान चलाएं। इसके पहले 4 जून को स्वच्छता का वृहद अभियान चलाया जाए। 21 जून को विश्व योग दिवस पर 'करो योग रहो निरोग' के संकल्प के साथ रामगढ़ताल और चिलुआताल पर विशाल योग शिविरों का आयोजन किया जाए।

### एसएसबी नहीं होती तो बंद खाद कारखाने का स्क्रैप भी नहीं बचता

सीएम ने कहा कि 31 वर्ष तक गोरखपुर का खाद कारखाना बंद पड़ा था। यहां एसएसबी नहीं होती तो कारखाने का स्क्रैप भी नहीं बचता। अब खाद कारखाना शुरू हो गया है। यहां एसएसबी है, केंद्रीय विद्यालय भी है, सैनिक स्कूल खुल गया है और चिलुआताल का पर्यटन विकास भी हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के नए भवन के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी गई है।

### सीएम योगी के विजन से खूबसूरत चित्र सा निखर गया है गोरखपुरः रविकिशन

इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता बेमिसाल है। उनके विजन से गोरखपुर खूबसूरत चित्र सा निखर गया है। मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गोरखपुर विकास के लिहाज से पूरे देश मे नजीर पेश कर रहा है। रामगढ़ताल के बाद अब चिलुआताल भी फिल्मों की शूटिंग का केंद्र बनेगा। सांसद रविकिशन ने चिलुआताल पर लिखा अपना एक गीत भी सुनाया।

### सीएम योगी के नेतृत्व में गोरखपुर का कोई भी कोना विकास से अछूता नहींः महापौर

लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में गोरखपुर का कोई भी कोना विकास से अछूता नहीं रह गया है। यह मुख्यमंत्री जी का ही विजन है कि उन्होंने उपेक्षित रहे चिलुआताल को खूबसूरत पर्यटन स्थल बनवा दिया।

कार्यक्रम में एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### चिलुआताल घाट का सीएम ने किया निरीक्षण, परिसर में हरिशंकरी का पौधरोपण

मुख्यमंत्री ने चिलुआताल के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के लोकार्पण अवसर पर भ्रमण कर घाट/नौका विहार का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने घाट परिसर में हरिशंकरी (पीपल, बरगद, पाकड़) का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

निमार्णाधीन भजन संध्या स्थल का सीएम योगी ने लिया जायजा

चिलुआताल पर्यटन विकास परियोजना का लोकार्पण करने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिलुआताल के समीप निमार्णाधीन भजन संध्या स्थल का भी जायजा लिया। 12.95 करोड़ रुपये की इस परियोजना को अगस्त 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

